Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पूर्व फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 07 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 238 • पृष्ठ 12

अविनाश साबले ने रचा इतिहास : 3000 स्टीपलचेज के फाइनल में जगह बनाने...

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 69,710	₹82,500

आज का इतिहास

- 2013 : विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर एंडी मरे वर्ष 1936 के बाद से इस खिताब पर कब्जा जमाने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने।
- 2011 : हैरी पॉटर सीरीज की अंतिम फिल्म 'हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज पार्ट 2' का लंदन में प्रीमियर हुआ।

न्यूज बाइट्स

रेप मामले में सीनियर आईएएस संजीव हंस को बड़ी राहत

पटना (नि.सं.)। रेप केस में बिहार के चर्चित आईएएस संजीव हंस को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान रेप केस को क्वैश (खत्म) कर दिया है। महिला के वकील दीनू कुमार के अनुसार अपने फैसले में जस्टिस संदीप कुमार ने कहा कि गलत तरीके से केस दर्ज हुआ था। इस मामले में कोई केस नहीं बनता है। जजमेंट की तारीख पहले से तय थी। आज पहले सेशन में ही फैसला आना था, लेकिन बाद में दोपहर 2:15 बजे का समय मिला। महज 1 मिनट में ही जस्टिस संदीप कुमार ने केस क्वैश करने का ऑर्डर दे दिया। 30 पन्ने की ऑर्डर कॉपी कोर्ट की तरफ से बुधवार को जारी होने की संभावना है।

सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर ईओयू अलर्ट

पटना (नि.सं.)। बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। परीक्षा को लेकर आर्थिक अपराध इकाई(ईओयू) अलर्ट मोड में है। राज्य के सभी जिलों में 3 दिनों तक स्पेशल ड्राइव चलाया गया। इस दौरान बिहार, यूपी, ओडिशा में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक कराने वाले गिरोह के घर पर छापेमारी की गई। सोमवार देर रात ईओयू की टीम ने फरार चल रहे 3 परीक्षा माफिया को बिहार से गिरफ्तार किया है।

वेतन के लिए नर्सों ने अधीक्षक कार्यालय का किया घेराव

पटना (नि.सं.)। वेतन और छुट्टी की मांग को लेकर पीएमसीएच की नर्सों ने अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. आईएस ठाकुर के खिलाफ नारेबाजी भी की। मंगलवार को दिन के 11 बजे के करीब 25 की संख्या में नर्स अधीक्षक कार्यालय में पहुंची।

नीतीश कैबिनेट की बैठक में 36 एजेंडे पर लगी मुहर

पीएमसीएच में 4315 पदों पर बहाली पटना जू में फिर से चलेगी टॉय ट्रेन

» बिहार के इन 7 शहरों में बनेंगे गरीबों के लिए बहुमंजिला घर » बिहार की कंपनियों को मौका मिलेगा

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में यह फैसले लिए गए। इस बैठक में कुल 36 एजेंडों पर मुहर लगाई गई है। परिवहन विभाग में भी लिपिक के 102 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही बिहार सरकार ने खरीद नीति में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अब टेंडर में बिहारी कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

पटना स्थित पीएमसीएच में बेरोजगार युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर बहाली निकलने वाली है। इस पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में दिल्ली एम्स के मानकों के अनुसार 29 अनुपयोगी पदों को प्रत्यर्पित करते हुए 4315 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। साथ ही परिवहन विभाग में 102 लिपिक लेवल 2 के पदों पर बहाली की जाएगी। मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायिधकरण के लिए अध्यक्ष, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्नवर्गीय लिपिक और आशु लिपिक के 3-3 पद भी सृजित किए गए हैं। राजधानी पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान में बंद पड़ी टॉय ट्रेन को फिर से शुरू किया जाएगा। इसके लिए नीतीश सरकार ने 9.88 करोड़ के बजट को मंजूरी दी है। दानापुर रेल मंडल नया ट्रैक बिछाकर चार कोच वाली टॉय ट्रेन शुरू करेगा। बता दें कि पटना जू में 1977 से टॉय ट्रेन चल रही थी, जिसे साल 2015 में बंद कर दिया गया था। हर घर नल जल योजना पीएचईडी विभाग को ट्रांसफर किया गया है। नल जल योजना को मरम्मत के लिए 1 लाख 8 हजार प्रति यूनिट खर्च किया जाएगा। इस पर 3 हजार 6 सौ 11 करोड़ खर्च होगा।

गाड़ियों की स्पीड लिमिट तय की जाएगी

बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भर्ती, प्रोन्नति और सेवा शर्त के लिए नया नियम बनेगा। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई है। सड़क हादसे कम करने के लिए गाड़ियों की स्पीड लिमिट तय की जाएगी। इसके लिए परिवहन विभाग को अधिकृत किया गया है। एक कमेटी भी बनाई जाएगी जो स्पीड लिमिट तय करेगी।

बिहार की कंपनियों को मौका मिलेगा

कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य सरकार के इस प्रावधान से बिहार की कंपनियों को मौका मिलेगा। अभी बिहार के बाहर की कंपनियों को टेंडर ज्यादा मिल रहा है। बिहार की कंपनियों को पंद्रह फीसदी तक की छूट भी मिलेगी। एल टू कंपनी को इससे फायदा होगा। वहीं, बिहार खरीद अधिमानता नीति 2024 को भी स्वीकृति दी गई है। अवैध खनन की सूचना देने वाले लोगों को सरकार इनाम देगी। ट्रैक्टर की सूचना देने पर 5 हजार और ट्रक जैसे अन्य बड़े वाहन की सूचना देने पर 10 हजार दिया जाएगा। वहीं, बिहार के टूरिस्ट प्लेस पर रहने की सेवा में वृद्धि करने जा रही है। दो से बारह बेड के मकान का निबंधन करना होगा। बेड एंड ब्रेकफास्ट देना होगा। इससे मकान मालिक को फायदा मिलेगा।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में 300 बेड का बॉयज हॉस्टल

हर घर नल जल योजना पीएचईडी विभाग को ट्रांसफर किया गया है। नल जल योजना को मरम्मत के लिए 1 लाख 8 हजार प्रति यूनिट खर्च किया जाएगा। 3 हजार 6 सौ 11 करोड़ खर्च होगा।जमुई में पॉलिटेक्निक कॉलेज में 300 बेड का बॉयज हॉस्टल बनेगा। जी प्लस 5 का हॉस्टल बनेगा। 250 बेड का महिला हॉस्टल भी बनेगा। कुल 72.61 करोड़ खर्च आएगा।

बालू के अवैध खनन की जानकारी देने पर इनाम

बिहार अवर सांख्यिकी संवर्ग संशोधन नियमावली 2024 को स्वीकृति दे दी गई है। खनन विभाग में नियुक्तियां होंगी। मुख्यालय स्तर पर अपर निदेशक (खनिज विकास) और उपनिदेशक (खनिज विकास) के एक-एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। बालू की अवैध धुलाई और खनन की जानकारी देने वालों को इनाम दिया जाएगा। पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग के पास 1.6 एकड़ जमीन आवास बोर्ड ने खेल विभाग को दी है। इसके लिए 48 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

परिवहन विभाग को नई जिम्मेदारी

राज्य सरकार ने सड़कों पर गाड़ियों की गति निर्धारण के लिए परिवहन विभाग को सौंपा है। एक्सीडेंट को रोकने के लिए यह किया गया है। अटल पथ, गंगा पथ जैसी सड़कों पर गति निर्धारण होगा। कमेटी का गठन किया गया है। सरकारी सेवकों के मेडिकल रिवर्समेंट का प्रावधान बदला है। आश्रित में सौतेले को लाभ नहीं मिलेगा। आश्रित में माता-पिता,पत्नी, पति,पुत्र, पुत्री,नाबालिग, भाई-बहन को सुविधा मिलेगी। 25 साल तक के अनमैरेज बेटे को लाभ मिलेगा। अनमैरेड बेटी को आश्रित माना जाएगा। मुख्यमंत्री परिवहन योजना को भी एक्सटेंड किया गया है। 2025-26 तक के लिए एक्सटेंड किया गया है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश की स्थिति पर संसद में दिया बयान, भारत आने के लिए हसीना ने मांगी थी मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

बांग्लादेश में जारी भारी हिंसा और शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के घटनाक्रम के एक दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पड़ोसी देश को लेकर संसद में बयान दिया है। बांग्लादेश की स्थिति पर राज्यसभा में बोलते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हमारी समझ यह है कि सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद शेख हसीना ने स्पष्ट रूप से इस्तीफा देने का फैसला किया है। बहुत कम समय में उन्होंने कुछ समय के लिए भारत आने की मंजूरी मांगी। वे कल शाम दिल्ली पहुंचीं। उन्होंने आगे कहा कि पड़ोसी देश में जारी हिंसा और अस्थिरता के बारे में सभी राजनीतिक दलों की चिंता है।

भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में है विदेश मंत्रालय

उन्होंने आगे कहा कि हम अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में करीब 19,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से अधिकतर छात्र हैं और हम सभी के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। हालांकि, जुलाई में अधिकांश छात्र वापस लौट आए हैं। हम अल्पसंख्यकों की स्थिति के संबंध में भी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

बांग्लादेश के साथ भारत के दशकों से हैं गहरे संबंध : जयशंकर

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के साथ भारत के दशकों से गहरे संबंध हैं और वहां के हालात से यहां भी चिंता उत्पन्न हुई है। बांग्लादेश में जून से ही हालात बिगड़ने शुरू हुए और यह सिलसिला अब तक जारी है और उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी हालात नहीं बदले। उन्होंने कहा कि जो कुछ पड़ोसी देश में हुआ, उसका एक सूत्री एजेंडा यह था कि प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफा दे दें।

पड़ोसी देश में जारी हिंसा को लेकर भारत चिंतित

जयशंकर ने कहा कि पांच अगस्त को कर्फ्यू के बाद भी वहां दंगे हुए। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में शेख हसीना ने कल कुछ वक्त के लिए भारत आने की अनुमति मांगी थी और उनका अनुरोध स्वीकार कर उन्हें यहां आने की अनुमति दी गई।

विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी अस्थिर हालात हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में है। जयशंकर ने बताया कि बांग्लादेश में एक अनुमान के अनुसार 19,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें 9,000 छात्र हैं।

बिहार पुलिस ने जारी किया आदेश

सीमावर्ती इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ाने का दिया गया निर्देश

निज संवाददाता | पटना

बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से बांग्लादेश के हालात को लेकर बड़ा आदेश जारी किया गया है। बिहार के सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। सतर्कता का आदेश जारी किया गया है।साथ ही पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति वस्तु की जानकारी होने पर तत्काल पुलिस करने की भी अपील की गई है। पुलिस मुख्यालय ने लोगों से कहा है कि स्थानीय थाना, जिला पुलिस कार्यालय के टोल फ्री नंबर पर 14432, डायल 112 पर जानकारी दें। लोगों को किसी भी तरह के अफवाह से बचने की भी बात कही गई है। बिहार के तीन जिले पश्चिम बंगाल से लगते हैं। इसमें कटिहार, पूर्णिया और किशनगंज के जिलों की सीमा पड़ोसी राज्य से लगती हैं। हालांकि पश्चिम बंगाल के पूर्वी भाग के कई जिले और जल क्षेत्र बांग्लादेश से लगते हैं।

वहीं, पश्चिम बंगाल और बिहार के सीमा क्षेत्र से बांग्लादेश के नजदीक होने के कारण ऐसी आशंका है कि हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से बड़ी संख्या में लोग भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर सकते हैं। इन स्थितियों में वे पश्चिम बंगाल के रास्ते बिहार में प्रवेश में करने की कोशिश करेंगे इसी को देखते ही बिहार पुलिस ने सीमांचल के इलाकों को लेकर खास सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। सोमवार को बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना से इस्तीफा दिया था। सैन्य विमान में सवार होकर देश से निकल गईं। इसके बाद प्रदर्शनकारी उनके आवास में घुसकर तोड़फोड़ को अंजाम दिया है।

2.34 करोड़ मूल्य का सोना पकड़ाया, दो तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | पटना

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) की पटना इकाई ने एक बार फिर से सोने की तस्करी पर नकेल कसी है। डीआरआइ की अधिकारियों की टीम ने हथिदह स्टेशन के पास एक कार से विदेशी मूल के 28 सोने के बिस्किट बरामद की है। जिनका वजन 3262 ग्राम (3 किलो 262 ग्राम) और मूल्य 2।34 करोड़ रुपए है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यह डीआरआइ पटना इकाई की लगातार दूसरी कार्रवाई बताई जा रही है। इससे पहले भी कई सफल ऑपरेशन किए गए हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में सोना बरामद किया गया है। डीआरआइ पटना इकाई के अधिकारी लगातार सोने की तस्करी पर नजर रखे हुए हैं और ऐसे ऑपरेशन जारी रखेंगे।

बांग्लादेश से कोलकाता लाया गया था सोना

डीआरआइ की जांच में पाया गया है कि सोने के इस खेप को तस्करी के माध्यम से बांग्लादेश से मालदा के रास्ते कोलकाता लाया गया था। कोलकाता से दोनो तस्कर कार के माध्यम से मुजफ्फरपुर लेकर का रहे थे। मुजफ्फरपुर में इस सोने को आभूषण विक्रेताओं की मदद से खपाने की योजना बनाई गई थी। डीआरआइ के अनुसार ये सब खेल आभूषण विक्रेताओं के संरक्षण में चल रहा है।

लैंड फॉर जॉब केस में ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

लालू, तेजस्वी समेत 11 को बनाया आरोपी, 13 अगस्त को होगी सुनवाई, 96 नए डॉक्यूमेंट भी किए गए पेश

निज संवाददाता | पटना

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लैंड फॉर जॉब केस में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू की स्पेशल कोर्ट में दायर इस चार्जशीट में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है।इसके साथ ही जांच एजेंसी की तरफ से 96 नए डॉक्यूमेंट भी पेश किए गए हैं। वहीं स्पेशल जज विशाल गोगने ने चार्जशीट और डॉक्यूमेंट के वेरिफिकेशन के लिए मामले को 13 अगस्त को लिस्ट किया है। यानी अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी । इससे पहले 7 महीने पहले जनवरी में ईडी की तरफ से पहली सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की गई थी। उस दौरान लालू यादव बेटी हेमा यादव को भी आरोपी बनाया गया था। सप्लीमेंट्री चार्जशीट में हेमा यादव के अलावा राबड़ी देवी, मीसा भारती, अमित कात्याल, हृदयानंद चौधरी समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया था ।सूत्रों की मानें तो इसमें दो कंपनी भी शामिल हैं जिनका नाम फिलहाल अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। लैंड फॉर जॉब्स मामले में ईडी की दिल्ली और पटना टीम के अधिकारियों ने लालू और तेजस्वी से जनवरी 2024 में 10 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। ईडी ने 29 जनवरी को लालू यादव से 10 घंटे पूछताछ की थी।

पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

एजेंसी | नई दिल्ली

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात कर अंग वस्त्र समर्पित किया एवं बिहार के तीव्र विकास हेतु वर्तमान केंद्रीय बजट में किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान बिहार से जुड़े अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा हुई एवं प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन मिला।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नें 30 कैदियों को रिहा करने की दी स्वीकृति, कहा

उम्रकैद की सजा काट रहे और 30 कैदी होंगे रिहा

निज संवाददाता | रांची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य की विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे और 30 कैदियों को रिहा करने की स्वीकृति दे दी है। झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में विचार-विर्मश के बाद उन्होंने ये निर्णय लिया। पर्षद की पिछली दो बैठकों में 67 कैदियों की रिहाई के मामले अस्वीकृत कर दिए गए थे। इन पर दोबारा विचार किया गया। पिछली बैठक में मुख्यमंत्री ने 39 कैदियों को रिहा करने के प्रस्ताव पर अपनी मंजूरी दी थी। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक हुई। इसमें उन 67 कैदियों की रिहाई से संबंधित मामलों पर फिर से विचार किया गया, जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली दो बैठकों में अस्वीकृत कर दिया गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में विभिन्न कारागारों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 67 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के मामलों पर विचार-विमर्श किया।

एलआईसी ने लॉन्च की नई योजनाएं : युवा टर्म और क्रेडिट लाइफ

एजेंसी | मुम्बई

लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने आज अपने ग्राहकों के लिए दो नई योजनाओं की शुरुआत की घोषणा की है। ये योजनाएं हैं: 'एलआईसी का युवा टर्म / द डीजी टर्म' और 'एलआईसी का युवा क्रेडिट लाइफ / द डीजी क्रेडिट लाइफ'। ये नई योजनाएं युवाओं को जीवन की प्रारंभिक अवस्था में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने और ऋण दायित्वों को कवर करने के उद्देश्य से पेश की गई हैं।

युवा टर्म और द डीजी टर्म योजना

एलआईसी का युवा टर्म एक पारंपरिक ऑफलाइन योजना है, जो एलआईसी के इंटरमीडियरी के माध्यम से उपलब्ध है, जबकि द डीजी टर्म पूरी तरह से ऑनलाइन, एलआईसी की वेबसाइट के माध्यम से खरीदी जा सकती है। इस योजना के तहत, बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जाती है।

मुख्य विशेषताए

- » न्यूनतम आयु (प्रवेश) 18 वर्ष और अधिकतम आयु 45 वर्ष।
- » न्यूनतम परिपक्वता आयु 33 वर्ष और अधिकतम 75 वर्ष।
- » न्यूनतम मूल बीमा राशि 50 लाख और अधिकतम 5 करोड़।
- » मृत्यु पर 7 गुना वार्षिक प्रीमियम या 105% कुल प्रीमियम का लाभ। एकल प्रीमियम भुगतान पर, मृत्यु लाभ 125% होगा।
- » महिलाओं के लिए विशेष कम प्रीमियम दरें और आकर्षक उच्च बीमा राशि छूट।

युवा क्रेडिट लाइफ और द डीजी क्रेडिट लाइफ योजना

एलआईसी का युवा क्रेडिट लाइफ और द डीजी क्रेडिट लाइफ ऋण दायित्वों को कवर करने के लिए डिज़ाइन की गई योजनाएं हैं। युवा क्रेडिट लाइफ ऑफलाइन मोड में उपलब्ध है, जबकि द डीजी क्रेडिट लाइफ केवल ऑनलाइन उपलब्ध है। यह योजना ऋण दायित्वों के लिए सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे बीमित व्यक्ति की मृत्यु के बाद उनके परिवार को वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।

एलआईसी के सीईओ और एमडी, श्री सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, 'हमारी नई योजनाएँ विशेष रूप से युवाओं के लिए डिजाइन की गई हैं ताकि वे अपने जीवन की प्रारंभिक अवस्था में ही वित्तीय सुरक्षा प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही, ऋण दायित्वों से सुरक्षा देने वाली योजनाएं भी हमारी प्राथमिकता हैं।

इन नई योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए ग्राहक एलआईसी की वेबसाइट www.licindia.in पर उपलब्ध ब्रिक्री ब्रॉशर देख सकते हैं।

दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए युवक की मौत

36 घंटे बाद घटनास्थल से 2KM दूर मिला शव, नदी पार करने वक्त हादसा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजितपुर गांव में दोस्तों के साथ नदी में नहाने के दौरान रविवार की शाम लापता युवक का शव 36 घंटे बाद मिला है। घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर मुसाढ़ी गांव के पास से SDRF की टीम ने बरामद कर लिया है। मृतक पटना के फतुहा प्रखंड अंतर्गत नदी थाना क्षेत्र के शंभूपुर जफराबाद निवासी विद्यानंद पासवान का बेटा शुभम कुमार(20) था। शुभम अपने फूफा के घर वाजितपुर गांव आया हुआ था। शुभम के फुफुरे भाई ने बताया कि वह गांव के दोस्तों के साथ लोकायन नदी में स्नान कर रहा था। इसी बीच शुभम लोकाइन नदी में तैराकी करने लगा। नदी के एक छोर से दूसरी छोर तक तैर कर पार कर गया। पहली बार वह इसमें सफल हो गया। जब वह दूसरी बार फिर कोशिश करने लगा तो नदी की तेज धार में वह लापता हो गया। ग्रामीणों के साथ मिलकर काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं चल सका। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। रविवार शाम SDRF टीम के साथ पहुंची पुलिस-प्रशासन अंधेरे की वजह से सर्च ऑपरेशन शुरू नहीं कर सकी। सोमवार की सुबह से तलाश शुरू की गई। मंगलवार की सुबह युवक के शव को बरामद कर लिया गया है। इस मामले में चिकसौरा थाना अध्यक्ष बब्बन राम ने बताया कि SDRF और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में लापता हुए युवक के शव को बरामद कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। युवक रविवार शाम से नदी में नहाने के दौरान लापता हो गया था।

सिपाही भर्ती पेपर लीक के नाम पर 45 से ठगी

निज संवाददाता। गया

◆ 5-5 सौ रुपए लेने वाला गिरफ्तार, वाट्सअप ग्रुप बनाकर लड़कों को दिया था झांसा

गया में साइबर थाना पुलिस ने सिपाही भर्ती 2024 पेपर लीक के नाम पर पांच-पांच सौ रुपए ठगी करने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपराधी ने अब तक 45 लड़कों से ठगी की थी। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि गुड्डू कुमार ने पहले एक वाट्सअप ग्रुप बनाया फिर उसका लिंक फेसबुक पर डाल दिया। साथ ही उसमें यह सूचना दी गई कि सिपाही भर्ती 2024 में होने वाली परीक्षा का लीक पेपर चाहिए तो ग्रुप में जुड़िए। इस पर कुल 45 लड़के ग्रुप से जुड़े। ग्रुप से जुड़ने वालों से 500-500 रुपए लिए गए थे। साथ ही उन्हें बताया गया था कि लीक पेपर समय पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। उसके लिए अलग से बात होगी।

साइबर थाने में शिकायत के आधार पर हुई जांचः एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि बीते दिनों कुछ लोगों ने साइबर थाने में शिकायत की थी कि सोशल मीडिया के माध्यम से सिपाही भर्ती 2024 का पेपर लीक करने के नाम ठगी की जा रही है। इस बात की जांच की गई तो मामला सही पाया गया। इस पर डीएसपी साइबर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने मामले की जांच की। डुमरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले गुड्डू कुमार की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। एसएपी ने बताया कि इस मामले में तेजी से साइबर पुलिस छानबीन कर रही है। अब तक ठगी मामले में एक ही युवक का नाम जांच में आया है। जिसे पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।

संक्षिप्त समाचार

दूध पिलाने वाली माता के लिए भारतीय मसाले हैं वरदान : डॉ शहनाज खानम

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग में 01 अगस्त से 07 अगस्त तक पुरातन छात्र परिषद द्वारा मनाए जा रहे स्तनपान सप्ताह के चौथे दिन विभाग की छात्राओं द्वारा गैलेक्टॉगोग्स रिच फूड का स्टॉल लगाया गया, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के गैलेक्टॉगोग्स फूड जैसे- अदरक, हल्दी, जीरा, सौंफ, अजवाइन, मंगरैल, गुण, सहजन का पत्ता, काजू, किशमिश, कच्चा नारियल, बादाम, सतावर, काला तिल, पीपर, ओट्स एवं दलिया जैसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थों से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को निर्मित कर लोगों को जागरूक किया। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे मेथी का हलवा, गोंद का लड्डू, गोल्डन मिल्क, शतावर हलवा, अजवाइन पुरी, गुड़ एवं खजूर की चटनी कच्ची हल्दी और अदरक के प्रयोग से मसाला, पपीते की बर्फी, ओट्स का दलिया, सौंफ का शरबत तैयार किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अरविंद महिला महाविद्यालय पटना के गृह विज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष एवं रांची विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान की सेवानिवृत आचार्य डॉ मीरा जायसवाल एवं गृह विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो किशोर कुमार ने किया। डॉ शहनाज खानम ने छात्राओं को 2024 स्तनपान सप्ताह के थीम के संदर्भ में जागरूक करते हुए कहा कि स्तनपान एक माता के साथ-साथ एक शिशु के लिए कितना आवश्यक है। इसके संदर्भ में हमें अपने पाठ्यक्रम द्वारा आसपास के लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। प्रो मीरा जायसवाल ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि जिस प्रकार दूध पिलाने वाली महिला को शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

गांव की समृद्धि के लिए अखंड कीर्तन का आयोजन

रहुई। प्रखंड के बरांदी गांव में सोमवार को 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की समृद्धि व शांति के लिए हर साल सावन में अखंड कीर्तन का आयोजन होता है। धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से कराया जा रहा है।

खेत में धरना पर बैठ पोल गाड़ने का विरोध, प्रशासन ने जबरन हटा दिया

सिलाव। नालंदा थाना अंतर्गत फतेहपुर मौजा में जमीन मालिक अधिवक्ता कुमार राजेश खेत में धरने पर बैठककर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा पोल गाड़ने का विरोध किया। इसकी सूचना पाकर सीओ आकाशदीप सिन्हा, बीडीओ प्रह्लाद कुमार पुलिस पदाधिकारियों के साथ पहुंच गए। सुरक्षा बलों ने धरने पर बैठे भूमि मालिक को जबरन हटा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने धरनार्थी को कोर्ट या वरीय अधिकारी से गुहार लगाने की सलाह दी। वहीं अधिवक्ता ने बताया कि एक विधायक की भूमि को बचाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर उनकी रैयती भूमि में पोल गाड़ा जा रहा है।

सावन की तीसरी सोमवारी पर संडेश्वरनाथ पर जलाभिषेक के लिए उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

फतेहपुर। फतेहपुर प्रखंड के अतिप्राचीन, ऐतिहासिक व धार्मिक संडेश्वरनाथ धाम मंदिर में पवित्र सावन माह के तीसरी सोमवारी को भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक के लिए अहले सुबह तीन बजे से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान बोल बम व हरहर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। संडेश्वरनाथ धाम मंदिर में भूतल से स्वयं प्रकट भगवान भोलेनाथ के विशाल शिवलिंग पर महिला-पुरूष शिवभक्तों ने दूध और जल चढ़ाया। शिवभक्तों ने फूल-माला, बेलपत्र, चंदन, रोड़ी से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके अलावा क्षेत्र के राजकोठी पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर, पातालेश्वर शिव मंदिर बदउँआ, मौनी बाबा शिवालय, दक्षिणी शिवालय, नागेश्वर शिव मंदिर, प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर,पहाड़पुर स्टेशन शिव मंदिर, जयपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, राम सहाय हाई स्कूल परिसर स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने शिवजी की पूजा-अर्चना तथा जलाभिषेक कर सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ ही पुरुष श्रद्धालुओं ने भी सोमवारी का उपवास रखा।

केंद्रीय टीम ने किया स्वच्छता व मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण

परवलपुर। केंद्रीय टीम ने सोमवार को स्वच्छता एवं मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण किया। मई पंचायत का सोख्ता शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र ,वसोनचारी स्कूल की बाउंड्री आदि को देखा। टीम में केंद्रीय पीयूष गोयल, आनंद कुमार, स्वच्छता स्टेट कॉर्डिनेटर आनंद कुमार शामिल थे। जिला कॉर्डिनेटर रोहित कुमार, प्रखंड कॉर्डिनेटर को मिर्जा कुमारी, प्रखंड विकास अधिकारी कामाक्षी श्रीवास्तव से टीम ने कार्यों से संबंधित जानकारी ली।

प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की समस्या होगी दूर : कुमार सर्वजीत

फतेहपुर। बोधगया विधायक व पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत सोमवार को फतेहपुर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान वे क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए और इसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का भरोसा दिलाया। विधायक व पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत पहले संडेश्वरनाथ धाम पहुंचे। यहां भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। साथ ही फूल, माला बेलपत्र, चंदन, रोड़ी से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक यहां के बाद संडेश्वर गांव गए। वे यहां करंट लगने से मृत हुए शिक्षक पंकज कुमार सुमन के पीड़ित परिजनों से मिले और गहरा दुःख जाहिर किया। इसके बाद विधायक ने क्षेत्र का भ्रमण किया और समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने भरोसा दिलाया। लोगों ने फतेहपुर-डुमरीचट्टी- संदेश्वरनाथ धाम सड़क की जर्जर हालत से विधायक को रू-ब-रू कराया। इसपर उन्होंने बरसात के बाद सड़क का निर्माण होने की बात कही है। इस मौके पर मुखिया राजेंद्र सिंह राजू, पूर्व जिला पार्षद महेंद्र यादव, समाजसेवी रूद्रदेव कुमार, लक्ष्मी यादव आदि मौजूद थे।

हथियार के साथ युवक को किया गिरफ्तार

शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई थी पुलिस, कट्टा और 17 बोतलें बरामद

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बेलागंज थाना पुलिस ने कट्टा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। 17 बोतल शराब भी बरामद की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि जो कट्टा बरामद किया गया वह जंग लगा हुआ है। उसका बट भी डैमेज है, वह अवैध हथियार की श्रेणी में आता है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बेलागंज पुलिस पता लगाने में जुटी है कि आखिर शराब के धंधेबाज ने कहां से कट्टा लाया और कब से अपने पास रखे हुए था। हालांकि पूछताछ में पकड़े गए अपराधी ने अब तक कोई खास जानकारी नहीं दी है।

पता लगाया जा रहा शराब कहां से लाता थाः प्रशिक्षु डीएसपी थानाध्यक्ष सदानंद ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि श्रीपुर गांव स्थित एक घर से शराब की तस्करी की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस रेड मारने गई थी। घर की छानबीन के दौरान पुलिस को शराब से पहले कट्टा मिल गया। फिर शराब की बोतलें बरामद हुई। कट्टा ईंट के नीचे दबा कर रखा गया था। उसके ऊपर घरेलू सामान रखा हुआ था। पुलिस ने विद्यानन्द कुमार के घर से 17 बोतल शराब भी बरामद की। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि विद्यानन्द से पूछताछ की गई है। शराब कहां से लाता है। इस बात की जानकारी भी उसने पुलिस को दी है।

ट्रेन के AC बोगी से चोरी करने वाला गिरफ्तार

गया GRP ने पकड़ा, बैग में रखे सोने-हीरे के जेवरात की चोरी की थी

निज संवाददाता। गया

गया में ट्रेन के AC बोगी से जेवरात से भरे बैग को चुराने वाले को RPF ने गिरफ्तार किया है। बैग में हीरा और सोने से बने जेवरात पड़े थे। पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारी भोजपुर के गायघाट से हुई है। आरोपी पूर्व में भी जेल जाचु का है। RPF ने आरोपी के घर से चोरी के जेवरात भी बरामद किए हैं। हालांकि, आरोपी ने चोरी के कुछ गहने बेच दिए थे। कुछ बहन को दे दिए थे। शेष उसके पास ही थे। आरोपी की बहन ने गहने को मनीपुरम फाइनेंस में गिरवी रख कर 1,40,000 रुपए लोन लिए थे। उस लोन के रुपए में से 60,000 रुपए आरोपी को दे दिए थे। शेष अपने पास रख लिए थे। पकड़े गए आरोपी से गया GRP पूछताछ कर रही है। RPF पोस्ट प्रभारी अजय प्रसाद ने बताया कि बीती 23 जुलाई को नेता जी एक्सप्रेस से सफर कर रहे आशीष पोद्दार ने गया GRP में केस कायम कराया था। पोद्दार का कहना था कि यात्रा के दौरान हीरा और सोने के जेवरात से भरे बैग को चोर चुरा ले गए हैं। केस के तहत जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि नेताजी एक्सप्रेस के एसी बोगी से एक युवक बैग लेकर चलती हुई ट्रेन से कूद कर विभिन्न प्लेट फॉर्म से होते हुए 3 पर आया। वहां खड़ी ट्रेन के स्लीपर में सवार होकर निकल गया। इस पर उस युवक की जीआरपीएफ और आरपीएफ ने जांच की तो उसकी पहचान स्पष्ट हो गई। पता चला कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीआरपी में केस दर्ज हैं। वह जेल भी जा चुका है। इसके बाद गुप्त रूप से आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले फोन नंबर की जानकारी ली गई। फिर उसका टावर लोकेशन निकाला गया। मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर आरोपी शेषनाथ राय उर्फ कंचन राय भोजपुर के सिमरी थाना क्षेत्र के गायघाट गांव में पाया गया। इस पर जीआरपी और आइपीएफ की विशेष टीम ने शेषनाथ राय को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के घर से छापेमारी के क्रम में एक अदद हीरे और सोने का गले का पेंडेड वजन 5.172 ग्राम, एक अदद गले की चेन जिसका वजन 5.640 ग्राम और एक अदद मोबाइल फोन उसके घर से बरामद किए गए। बरामद किए गए सभी गहने और मोबाइल पीड़ित यात्री आशीष पोद्दार के थे। GRP पोस्ट प्रभारी अजय प्रसाद ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर सासाराम के थाना नोखा क्षेत्र में स्थित ज्वेलरी दुकान में छापेमारी कर बेचे गए एक अदद डायमंड का कड़ा और एक अदद डायमंड की अंगूठी और एक सोने की गिन्नी को बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी ने अपने बयान में जुर्म कबूल किया है। साथ ही में उसने यह भी बताया कि वह ट्रेन से बैग की चोरी कर अपने बड़ी बहन के यहां बोकारो चला गया था। बड़ी बहन द्वारा एक चैन, 1 रिंग, मोबाइल और घड़ी को रख लिया गया था। जांच में आरोपी की बहन से यह जानकारी मिली कि उसने सारे सामान को गिरवी रख कर आशीष को 60 हजार रुपए दिए थे और खुद 80 हजार रुपए रख लिए थे।

27 बिहार बटालियन एनसीसी का शुरू हुआ संयुक्त प्रशिक्षण, कैडेटों को सर्टिफिकेट परीक्षा की मिलेगी ट्रेनिंग

निज संवाददाता। गया

गया एनसीसी कैडेट को प्रशिक्षण के दौरान ए, बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए ट्रेनिंग मिलेगी। सोमवार को कैडेट्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। फिर उन्हें शस्त्र प्रशिक्षण, सेक्शन फार्मेशन के बारे में जानकारी दी गई। 27 बिहार बाटालियन एनसीसी के द्वारा बोधगया में दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 10वीं का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में गया ग्रुप के सभी बटालियन से सम्बद्ध विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के 550 एन.सी.सी. कैडेट्स हिस्सा ले रहें है। यह प्रशिक्षण 4 अगस्त से 13 अगस्त तक चलेगा। 27 बिहार बटालियन एनसीसी के समादेशी पदाधिकारी सह कैंप-कमांडेंट कर्नल एस पारकर और प्रशासनिक पदाधिकारी सह डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि एनसीसी एक संगठित व अनुशासित संगठन है, जो राष्ट्र के नवनिर्माण को - संकल्पबद्ध है। एनसीसी युवाओं का चरित्र निर्माण कर उनमें अनुशासन, आपसी सहयोग, सद्भाव , अदम्य साहस, सामंजस्य की भावना का विकास तो कर ही रही है, साथ ही साथ उनको राष्ट्रीय एकता के सूत्र में भीं बांधती है। जो एक आदर्श नागरिक बनने के साथ देश के लिए एक योद्धा तैयार करने में सहायक है। कैंप कमांडेंट ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में ड्रिल, वैपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फायरिंग, स्पोर्ट्स प्रशिक्षण, एनसीसी के ए,बी व सी सर्टिफिकेट एग्जाम के विषय वस्तु का अध्ययन के साथ वर्तमान में परीक्षा के साथ अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस कैम्प में रिपब्लिक परेड की तैयारी भी चलेगी। सूबेदार मेजर जाकिर हुसैन, 27 बिहार बटालियन के समस्त अधिकारी, पीआई व सिविलियन स्टाफ आदि शामिल हैं। जिसमें सूबेदार मनोज कुमार यादव ट्रेनिंग जे.सी.ओ. संजय कुमार यादव, सूबेदार मनोज राणा, सूबेदार अभिरंजन, नायब सूबेदार भूपेन्द्र, सी.एच.एम.बीरबल, हवलदार विनोद, वाई.के. यादव, रोबिन, दीपक, आर.के.रंजन, राजेन्द्र, देव कुमार, जयदीप, क्लर्क लक्ष्मण समेत एनसीसी पदाधिकारी के रूप में सेकंड ऑफिसर मिथलेश कुमार व थर्ड ऑफिसर दयानन्द यादव उपस्थित थे।

21 सूत्री मांगों को लेकर गृहरक्षकों ने दिया धरना

निज संवाददाता। बिहारशरीफ

बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ द्वारा सोमवार को 21 सूत्री मांगों को लेकर अस्पताल चौराहा पर एक दिवसीय धरना दिया गया।अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद कहा कि गृहरक्षकों की मांगे लंबे समय से सरकार के पास लंबित है। आज तक विचार नहीं किया गया है। हमलोग दिन रात काम एक समान करते हैं लेकिन भत्ता अलग-अलग प्रकार से दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रमुख मांगों में मंहगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी , सेवानिवृति लाभ में सेवा काल की शर्त को हटाना तथा मिलने वाली डेढ़ लाख की राशि को 5 लाख करने, अनुग्रह अनुदान की राशि बढ़ाकर 10 लाख करना शामिल है। धरना में सचिव सुरजन प्रसाद, प्रमोद कुमार रंजन, सत्येन्द्र प्रसाद, रामप्रवेश प्रसाद, सुनील कुमार, शिवालक प्रसाद राजेश कुमार, अनिल कुमार, अभय कुमार, जयराम प्रसाद, प्रमोद प्रसाद आदि शामिल थे।

पीएम जीवन ज्योति योजना की लाभार्थी को

निज संवाददाता। बिहारशरीफ

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की बेरौटी शाखा परिसर में बैंक के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार झा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की लाभार्थी गुड्डू देवी को 2 लाख का चेक प्रदान किया। लाभार्थी के पति राम जनम सिंह ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा कराया था। इस मौके पर क्षेत्रीय अधिकारी अमरनाथ चौधरी , मुख्य प्रबंधक कुमार अंकुश, शाखा प्रबंधक निशा कुमारी, रघुवीर कुमार , पीडीआर अधिकारी रवि कांत कुमार मौजूद थे।

कल 25 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा होगी आयोजित

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ में केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन 7 अगस्त को किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक एकल पाली में आयोजित की जाएगी। जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर 18110 अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर, दो स्टैटिक दंडाधिकारी और दो पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा, 12 गश्ती दल दंडाधिकारी और 5 वरिष्ठ पदाधिकारी उड़नदस्ता दल के रूप में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगे। परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। अभ्यर्थियों को सुबह 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

पूर्व रेलवे
ई-निविदा सूचना सं. 145_2024-25, बंद होने की तारीख: 22.08.2024 को अपराह्न 2.00 बजे में संशोधन। ऊपर उल्लेखित ई-निविदा का क्षेत्राधिकार त्रुटिवश सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के रूप में प्रकाशित हो गया है, जिसे सुधार कर सीनि. डीईएन/एचक्यू/एचडब्ल्यू के रूप में पढ़ा जाए। उपरोक्त निविदा सूचना के अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे। (HWH-210/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
सं०– CWMPD-03-2024-25 दिनांक 03.08.2024
मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई–निविदा बंद होने की तिथि–28.08.2024
1. कार्य का नाम एवं लोकेशन: इंजीनियरिंग वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेलवे, प्लान्ट डिपो, डीडीयू० में 61.0 मी० और 30.5 मी० स्पैन ओपेन वेब गर्डर (आरडीएसओ ड्राइंग के अनुसार वेल्डेड थ्रू टाईप), इत्यादि का निर्माण, मेटेलाईजिग एवं आपूर्ति करना। 2. कार्य का अनुमानित लागत : रू० 13,27,18,078.00, 3. जमानत राशि : रू० 8,13,600.00, 4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 28.08.2024 को 12:00 बजे, 5. बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in
मुख्य कारखाना प्रबंधक / बी०डब्ल्यू० प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/00840/पीडीएम/ईएनजीजी/टी/24-25/28

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न होगी सिपाही भर्ती परीक्षा : डीएम

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। 7 एवं 11 अगस्त को आयोजित होने वाले केंद्रीय चयन परिषद सिपाही भर्ती की परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन हेतु आज जिलाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित प्रत्येक परीक्षा केंद्रों के लिए प्रतिनियुक्ति स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के अंदर गाड़ियां नहीं लगेगी।सुबह 9:00 से पहले सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी, पुलिस बल, मजिस्ट्रेट केंद्र पर पहुंच जाएंगे।परीक्षा केंद्रों के आसपास दुकानें बंद रहेगी। दुकानों को बंद करने की सूचना एक दिन पूर्व दे दी जाएगी। दुकानें परीक्षा समाप्त होने के उपरांत दोपहर 3 बजे के बाद खोली जा सकती हैं। परीक्षार्थियों का प्रवेश 9:30 से 11:00 तक होगा। इसके बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं लिया जाएगा। बेहतर ढंग से जांच पड़ताल के उपरांत ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाए। प्रश्न पत्र को आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश का शक्ति से पालन करते हुए और उसकी रिकॉर्डिंग करते हुए ही खोला जाना सुनिश्चित किया जाए। मजिस्ट्रेट स्वयं ही एक दिन पूर्व परीक्षा केदो का भ्रमण कर बाथरूम और अन्य जगहों की अच्छी सी तलाशी लेना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केंद्रों में विभिन्न जगहों के साथ-साथ बाथरूम में भी जैमर लगाए जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर नामित व्यक्ति के अलावा कोई भी व्यक्ति अंदर नहीं जाएगा। परीक्षा समाप्ति तक अंदर से कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र से बाहर नहीं जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्ति किए गए पदाधिकारियों, पुलिस सहित सभी के मोबाइल एक अलमारी को चिन्हित कर उसमें परीक्षा समाप्ति तक बंद रखा जाएगा। डिजिटल अटेंडेंस बायोमैट्रिक लेने वाले व्यक्ति का मोबाइल के पास रहेगा।

करूप ग्रिड के 132 केवीए ट्रांसफार्मर में आई खराबी

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। विद्युत विभाग ने शिवसागर, अगरेर एवं टोल प्लाजा के ग्रामीण फिडर सहित बेदा व तकिया पावर सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले सभी फिडरों में मेंटेनेंस कार्य को लेकर अलग-अलग समयांतराल पर विद्युत आपूर्ति बाधित रखने का फैसला लिया है। बेदा व तकिया पावर सबस्टेशन अंतर्गत आने वाले सभी फिडरों में सुबह आठ बजे से लेकर नौ बजे तक तथा शिवसागर फिडर के 33 केवीए में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जबकि अगरेर एवं टोल प्लाजा फिडर के 33 केवीए में मेंटेनेंस कार्य सुबह 10 बजकर तीस मिनट से लेकर 12 बजे तक चलेगा। इसके बाद शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रभावित सभी फिडरों में विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

राजद नेता व पैक्स अध्यक्ष केशव यादव का निधन

कौआकोल (नि.सं.)। प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष, राजद नेता व थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव निवासी केशव प्रसाद यादव का सोमवार की देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 55 वर्ष के थें एवं कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे थें। मृतक के पुत्र धीरज राज ने बताया कि उनके पिता का सोमवार की शाम अचानक तबीयत खराब हो गया। आनन फानन में उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका आकस्मिक निधन हो गया। निधन के बाद उनके शव को मधुरापुर गांव लाया गया। जहां श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उनके निधन की खबर के बाद प्रखण्ड भर में शोक की लहर दौड़ गई। राजद विधायक मोहम्मद कामरान, पूर्वी जिला पार्षद अजित यादव, पश्चिमी जिला पार्षद नीतीश राज, राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव, जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव, उप प्रमुख नवीन यादव, पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, रजनीश कुमार सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

न्यूज बाइट्स

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन

नवादा (नि.सं.)। फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 अगस्त 2024 से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान 25 लाख 42 हजार लोगों को फाइलेरियारोधी दवा सेवन के लिए लक्षित किया गया है। लोगों को दो प्रकार की दवा दी जायेगी जिसमें अल्बेंडाजोल और डीईसी शामिल हैं। जिला के सभी 14 प्रखंडों में दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। इसकी जानकारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ आफताब कलीम ने स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था सीफार द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग के दौरान ने कही। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन डॉ नीता अग्रवाल द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को लेकर सभी तैयारियों के लिए सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। डॉ आफताब कलीम ने कहा कि सभी लोग फाइलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान दें। फाइलेरिया का संक्रमण हाथीपांव के रूप यह दिखता है। ऐसा देखा गया है कि कई युवा फाइलेरिया की गिरफ्त में हैं। हाथीपांव एक प्रकार की विकलांगता को जन्म देता है और इससे ग्रसित युवा सही प्रकार से जीविकोपार्जन में असमर्थ होते हैं। आर्थिक उत्पादकता में कमी और सामाजिक अलगाव के शिकार होते हैं। इसलिए युवाओं और बच्चों को फाइलेरियारोधी दवा सेवन अवश्य करनी चाहिए। 10 अगस्त 2024 से चलने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत खुद भी फाइलेरिया रोधी दवा खायें और परिजनों के साथ आस-पड़ोस के लोगों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों द्वारा दवा का सेवन करना है। दो वर्ष से कम, गर्भवती और गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को दवा का सेवन नहीं करना है। वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी कुमार जय ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं फाइलेरिया बीमारी की नहीं बल्कि बचाव की दवा है। इसे हर स्वस्थ व्यक्ति को खाना चाहिए। स्थानीय आशा कर्मियों या आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा लोगों को घर-घर पहुँचकर दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उम्र और लंबाई के अनुसार दवाई खिलायी जायेगी। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दवा सेवन कराने के लिए फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क का भी सहयोग मिलेगा। हिसुआ प्रखंड से फाइलेरिया पेशेंट नेटवर्क समूह के सदस्य नवल किशोर सिंह ने बताया कि उन्हें काफी लंबे समय से फाइलेरिया है। हाथीपावं के कारण उनकी जीविकोपार्जन की क्षमता घट गयी। वे लंबे समय तक काम करने या दौड़-भाग करने में असक्षम हो गये। इस हाथीपांव की वजह से वह कई जगहों पर जीविकोपार्जन के लिए नहीं जा सके। वह कहते हैं कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान वह अपने गांव के सभी युवाओं को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराने के लिए प्रेरित करेंगे। सीफार की जिला समन्वयक शैली सिंह ने बताया कि जिला में गंभीर हाथीपांव मरीजों के लिए विकलांगता सर्टिफिकेट भी बनाया जा रहा है। मीडिया ब्रीफिंग के अवसर पर फाइलेरिया विभाग से कुमार जय, पीरामल से मोहम्मद आरिफ, सीफार से शैली सिंह एवं फाइलेरिया पेशेंट समूह के फाइलेरिया मरीज व अन्य स्वास्थ्यकर्मीमौजूदथे

कृषि चौपाल में 35 मामलों का निष्पादन

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देशन में पूरे जिले के 19 प्रखंडों में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। कृषि चौपाल में किसानों ने बढ़-चढ़कर और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कृषि चौपाल का आयोजन सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में किया गया, जहां किसान अपनी-अपनी शिकायतों को लेकर पहुंचे थें। इस कृषि चौपाल में किसानों से जुड़ी समस्याओं, सिंचाई में आ रही कठिनाइयों, दाखिल खारिज एवं परिमार्जन संबंधी मामलों, बिजली की समस्या, भूमि विवाद आदि समस्याओं की सुनवाई की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में सिंचाई, पानी की अनुपलब्धता, बीज एवं खाद की कमी, कृषि संबंधी अनुदान का नहीं मिलना, कृषि यांत्रिकी की कमी, कनीय अभियंता की लापरवाही आदि से संबंधित ढेरों शिकायतें आए दिन प्राप्त हो रही थीं। इन्हीं समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से जिले भर के सभी प्रखंडों में 5 अगस्त को कृषि चौपाल का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु इस तरह के चौपाल का आयोजन आगे भी आयोजित किया जाएगा, जहां किसानों की शिकायतें सीधे सुनी जाएंगी और त्वरित इसका निष्पादन किया जाएगा। जिले भर में आयोजित कृषि चौपाल में तीन हजार से अधिक किसान पहुंचे, जहां उनसे कुल 431 शिकायतें प्राप्त की गई हैं। उनमें से 35 मामलों का निष्पादन मौके पर ही किया गया। शेष 396 मामलों को जिला स्तर से शीघ्र निपटान हेतु अग्रसारित किया गया है। किसानों के ज्यादातर शिकायतें भूमि, परिमार्जन, आवास योजना, राशन कार्ड, विद्युत कनेक्शन, सिंचाई आदि से जुड़ी हुई थीं।इस कृषि चौपाल में कृषि विभाग के जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित बिजली विभाग के सभी पदाधिकारी उपस्थित थें। कृषि चौपाल का अनुश्रवण अपर समाहर्ता द्वारा किया जाएगा और प्रतिवेदन जल्द ही जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

क्लास रूम की कमी से जूझ रहा मध्य विद्यालय

राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय पर्याप्त कमरा न होने की कमी से जूझ रहा है। जिस कारण कक्षा 1 से 3 एवं 4 5 के छात्रों को एक हीं रूम में बैठकर पढ़ाई करना मजबूरी बना हुआ है। सरकार ने बच्चों को स्मार्ट क्लास के लिए दो बड़े-बड़े टीवी स्क्रीन उपलब्ध कराया है। लेकिन स्मार्ट क्लास भवन नहीं होने के कारण छात्र टीवी स्क्रीन पर पढ़ाई नहीं कर पा रहे है। उक्त विद्यालय मे छात्र व शिक्षकों की एक्टिविटी मानक के अनुरूप होता है। स्कूल प्रांगण में प्रवेश करते हीं माहौल देख एक अच्छा विद्यालय का ख्याल दिमाग में घूम जाता है। जिस कारण बजार क्षेत्र में सभी लोग चाहते हैं कि उनके बच्चों का नमांकन इसमें हो जाए।कक्षा 1 से 8 तक कुल नामांकित 421 छात्रों के लिए पठन-पाठन के योग्य मात्र छः कमरा मौजूद है। जो परेशानी का सबसे बड़ा शबब बना हुआ है। संख्या अधिक होने के कारण बरामदे में बेंच डेस्क लगाकर छात्रों को पढाना मजबूरी बना हुआ है। मुख्यालय का यह स्कूल दो शिफ्ट में चलाया जाता है। सुबह सात से 11 बजे तक मिश्रवलिया प्राथमिक स्कूल को शिक्षा विभाग ने एडजस्ट कर रखा है। 1 बजे से साढे चार बजे तक खुद के स्कूल के बच्चों की पढाई होती है। राजपुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो अख्तर हुसैन अंसारी ने बताया कि कक्षा एक से आठ तक कुल 421 छात्रों का नामांकन है। जिसमें 227 छात्र छात्राएं हैं। जिनके लिए अलग क्लास डेवलप किया जाता है।बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त संख्या में प्रधानाध्यापक समेत कुल 11 शिक्षक मौजूद हैं। स्कूल में पठन पाठन के लिए मात्र छः छोटे छोटे पुराने कमरे हैं। जिस कारण दिक्कत हो रही है। स्मार्ट क्लास के लिए सरकार से दो बड़े-बड़े टीवी स्क्रीन मिला हुआ है। जिसे स्मार्ट क्लास रूम के अभाव में इन्हीं सधारण क्लास रूम में एडजेस्ट कर संचालित किया जाता हैं। अक्टूबर 2023 से वे हेडमास्टर के पद पर पदस्थापित हैं। तब से लगातार विभाग को भवन निर्माण के लिए पत्र लिखा जा रहा है। चार माह पहले विभाग से दो इंजीनियर स्कूल में आए थे। जिनके द्वारा बताया गया कि पुराने भवन के उपर नया भवन निर्माण कर पाना संभव नहीं है। नवनिर्माण के लिए पुराने बिल्डिंग को तोड़कर हटाना पड़ेगा।जिस पर मेरे द्वारा कहा गया कि पहले पूर्व की दिशा वाले भवन को तोड़ नया भवन का निर्माण कर दें। लेकिन आज तक भवन निर्माण के लिए कोई पहल विभाग द्वारा नहीं किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्राण रंजन प्रसाद ने बताया कि स्कूल में नया भवन निर्माण के लिए जिला को रिपोर्ट लगातार भेजा जा रहा है। यह शिक्षा विभाग के भवन निर्माण विभाग का दायित्व है कि वह कब तक और कैसे नया बिल्डिंग स्कूल को दे पाते हैं।

स्तनपान पर चलाया जागरूकता अभियान

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत सासाराम शहरी स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा अकोढ़ीगोला ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छात्रों ने सामुदायिक चिकित्सा विभाग के माध्यम से गर्भावस्था एवं स्तनपान करने वाली महिलाओं को इसके लाभों के बारे में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शिशुओं की देखभाल, उनके टीकाकरण एवं स्तनपान के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य किया गया। इस आयोजन में माताओं के बीच केवल स्तनपान के अभ्यास पर जोर देने, शिक्षित करने और इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। संगोष्ठी में मां के दूध और आहार के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी गई।

अद्भुत कार्य है पौधा लगाना, पौधे को सींचना जीवन को सींचने से कम नहीं: पत्रकार

निज संवाददाता

दिनारा (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत फोरलेन नेशनल हाईवे 319 पर अवस्थित गांव परानपुर बस स्टैंड में यात्री एवं राहगीरों के सुविधा को लेकर हाइवे के किनारे दैनिक अखबार 'सन्मार्ग' के वरिष्ठ पत्रकार कमला कान्त दूबे ने पीपल का वृक्ष लगाया।वृक्षारोपण के दौरान पत्रकार दूबे ने कहा है कि पौधे लगाने का कार्य अद्भुत है। यह सिर्फ पौधा लगाने और उसे सींचने का काम नहीं बल्कि जीवन को सींचने का काम है। वृक्ष हैं तो हम हैं। उन्होंने आम जनमानस से इस कार्य में पूरा सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे लगे वृक्षों का भी वनस्पति विविधता संरक्षण में महत्त्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे के ये वृक्ष जहां एक ओर राजमार्गों को सुरक्षा प्रदान करते हैं वही दूसरी ओर ये वृक्ष मार्गों पर चलने वालों को छाया व सुखद अनुभूति देते हैं एवं वाहनों से निकले प्रदूषण को भी नष्ट करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर वृक्ष जहाँ एक ओर लंबी यात्रा को सुखद बनाते हैं वहीं दूसरी ओर यह वृक्ष वन-संपदा, जैव विविधता एवं पर्यावरण का संरक्षण करते हैं तथा वातावरण को भी शुद्ध करते हैं। इसके अतिरिक्त वृक्ष का प्रत्येक भाग उपयोगी होने के कारण आर्थिक दृष्टि से भी लाभदायक होते हैं। राजमार्गों पर वृक्ष लगाने की परम्परा अति प्राचीन है। वेदों में भी वृक्षों के महत्व का विस्तृत विवरण है। सम्राट अशोक भी उन सम्राटों में एक थे, जिन्होंने राजमार्गों पर वृक्ष लगाये व आश्रय बनवाये थे। प्राचीन भारत के लोग मार्गों पर वृक्ष लगाने के महत्व को अच्छी तरह समझते थे और योजनाबद्ध तरीके से मार्गों पर वृक्षों को लगाते थे।

रोहतास के 15 किसान सबौर में सम्मानित

निज संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। रोहतास जिला के 15 किसानों को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर मे विश्वविद्यालय के फाउंडेशन दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय समारोह में दिनांक 4 से 5 अगस्त 2024 को विभिन्न कैटेगरी में सम्मानित किया गया।ये सभी किसानो को कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के दारा सबौर ले जाया गया। जिनमें से करमैनी के विजय कुमार सिंह को नवाचारी किसान के रूप में बीज उत्पादन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में सम्मानित किया गया ।तरार के धनंजय कुमार को वर्मी कंपोस्ट उत्पादन के लिए सम्मान दिया गया। धनंजय कुमार कृषि विज्ञान केंद्र से वर्मी कंपोस्ट उत्पादन पर कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने के बाद इस क्षेत्र में काफी अच्छा काम किए हैं। उसके बाद नौहट्टा के संतोष कुमार जिन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज से गार्डनर का कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके फूलों का व्यवसाय सफलतापूर्वक कर रहे हैं और माली के रूप में अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उनको भी सबौर में सम्मानित किया गया ।नवाचारी किसान के रूप में दावत के मिर्जापुर ग्राम के सुनील कुमार को मछली पालन के क्षेत्र में सम्मान दिया गया ।सबया राजपुर ग्राम के विजय बहादुर जी को नीलगाय कंट्रोल के लिए पैराशूट वायर से फेंसिंग के लिए नवाचारी किसान के रूप सम्मान मिला। सममानों की इसी लड़ी में मोहददीगंज के दिलीप कुमार को पी पी वी एफ आर ए के तहत सब्जियों के पुरानी प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए पीवी एफ आर ए सम्मान से सम्मानित किया गया। मसौना ग्राम के अर्जुन सिंह को सब्जियों के सफल उत्पादन और विपणन के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। शुरूहुरिया ग्राम के भिखारी राय को पराली प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचारी किसान के रूप में सम्मानित किया गया ।नासरीगंज के दीनदयाल जी को पारिवारिक सब्जी उत्पादन के लिए सम्मान मिला । आदर्श कुमार को करेले का बीज संरक्षण एवं श्री नकुल सिंह को हल्दी का बीज संरक्षण के लिए पी पीवी एफ आर ए अवार्ड के लिए सम्मान दिया गया ।काराकट के गोराई ग्राम के अशोक कुमार को मशरूम उत्पादन एवं उससे होम्योपैथिक दवा का निर्माण के लिए नवाजा गया। दिनारा ग्राम के प्रेम कुमार पटेल को मशरूम उत्पादन एवं विपणन के क्षेत्र में नवाचारी किसान के रूप में सम्मानित किया गया ।धनगाई के मंटू कुमार को छोटकी मसुर प्रभेद के संरक्षण के लिए पीपीवी फिरा ए का सम्मान दिया गया। इन सभी किसानों को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में आयोजित दो दिवसीय ग्रासरूट नवाचारी सम्मेलन में माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार एवं कुलपति डॉ डी आर सिंह एवं अन्य गणमान्य की उपस्थिति में प्रदान किया गया। साथ ही इनके द्वारा किए गए नवाचारों का संकलन एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित कर मान्य अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया ।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉक्टर शोभा रानी, उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर रतन कुमार और कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक इंजीनियर डेनियल प्रकाश कुशवाहा ने उक्त किसानों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी किसानों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सबौर में विभिन्न आधुनिकतम तकनीक एवं नवाचारों की एक प्रदर्शनी लगाई गई थी ।रोहतास जिला से गए इन सभी किसानों ने विभिन्न जिलों से आए लगाए गए नवीनतम तकनीकों का अवलोकन किया। साथ ही साथ कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज द्वारा लगाए गए स्टाल में इन सभी किसानों ने अपने नवाचार को प्रदर्शित किया ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण एवं सबौर के विभिन्न प्रक्षेत्रो में वैज्ञानिक विधि से लगाए गए विभिन्न कृषि तकनीको को घूम-घूम कर देखा।

मंत्री एवं सांसद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

तिलौथू, (रोहतास) (नि.सं.)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में बाल संसद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू, सुश्री विनीता कुमारी के कर-कमलों द्वारा हुआ। समारोह में सांसद, प्रधानमंत्री एवं मंत्रियों ने भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए शपथ ग्रहण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री विनीता कुमारी ने 45 छात्र-छात्राओं को सांसद के रूप में शपथ दिलाई। भैया आर्यन कुमार दुबे, कक्षा दशम के छात्र, को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया। इनके साथ आठ अन्य भैया-बहनों ने विभिन्न मंत्रिमंडल विभागों के लिए शपथ ग्रहण की विनीता कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदना सभा में उनकी उपस्थिति बहुत सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय की प्रार्थना सभा की स्मृतियों को ताज़ा करते हुए बच्चों को लोकतांत्रिक चुनावों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, "इस तरह के आयोजनों से बच्चों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गहरी समझ विकसित होती है।

बेला स्थित रेल व्हील प्लांट द्वारा अब तक 02 लाख से अधिक रेल पहियों का किया गया उप्तादन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। भारतीय रेल की पहियों की मांग को पूरा करने के लिए सारण जिले के दरियापुर में रेल व्हील प्लांट की स्थापना की गयी है। यह 01.08.2014 से भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाई बन गया। अब यह संयंत्र अपनी सफलता के 10 वर्ष पूरा कर चुका है। इस संयंत्र की आधारशिला 29-07-2008 को रखी गई थी। भारतीय रेलवे के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि एक अत्यधिक चुनौतिपूर्ण कार्य को बिना किसी विदेशी सहायता के स्थापित किया गया। यह रेलवे इंजीनियरों के आंतरिक क्षमता व विश्व प्रसिद्ध भारतीय कंपनी के विशेषज्ञता से संभव हो पाया। इस संयंत्र की क्षमता प्रतिवर्ष एक लाख तक पहियों के निर्माण की है। इस संयंत्र के निर्माण पर लगभग 1640 करोड़ रुपये की लागत आयी है। रेल व्हील प्लांट, बेला के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2005-06 में प्रदान की गयी थी। पहियों का निर्माण फरवरी, 2013 से प्रारंभ हो गया। इसका प्रारंभिक उत्पाद बॉक्स-एन व्हील था। अब यह संयंत्र क्षेत्रीय रेलवे, वर्कशॉप और कॉनकॉर के पहियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीजी कोचिंग (आईसीएफ), ईएमयू और बीएलसी पहियों का उत्पादन भी कर रहा है। बीएलसी पहियों का उत्पादन 03.07.2023 से तथा ईएमयू व्हील का उत्पादन 14.11.2023 से प्रारंभ हुआ। पर्यावरण अनुकूल बनाते हुए प्लांट क्षेत्र के 33 प्रतिशत हिस्से में ग्रीन बेल्ट विकसित किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की केंद्रीकृत निगरानी के लिए प्लांट में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। रेल व्हील प्लांट/बेला ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक प्रत्येक क्षेत्र में मील का पत्थर हासिल किया है। वर्ष 2013-14 में इस प्लांट द्वारा 201 पहिया का निर्माण किया गया था। परंतु इसके बाद पहियों के निर्माण में काफी तेजी आयी। वर्ष 2014-15 में 1862, वर्ष 2015-16 में 12054, वर्ष 2016-17 में 12593, वर्ष 2017-18 में 23276, वर्ष 2018-19 में 20754, वर्ष 2019-20 में 26150, वर्ष 2020-21 में 25241 तथा 2021-22 में 24255 पहियों का उत्पादन किया गया। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 24518 तथा पिछले वित्त वर्ष अर्थात 2023-24 में रिकॉर्ड 42167 रेल पहियों का उत्पादन किया गया। रेल पहिया उत्पादन के क्षेत्र में 2023-24 में प्राप्त उपलब्धि रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। इस प्रकार स्थापना से अब तक इस संयंत्र द्वारा 2 लाख 16 हजार से अधिक रेल पहिया का निर्माण किया गया। यह संयंत्र इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसओ 9001:2015, 14001:2015, 45001:2018) तथा इनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम आईएसओ 50001:2018 प्रमाणित है। रेल व्हील प्लांट, बेला स्क्रैप सामग्रियों (रेलवे की विभिन्न इकाइयों द्वारा इस्तेमाल के लिए अनुपयुक्त किये गये मुख्यतः रद्द व्हील सेट, एक्सल, पटरियों, आसानी से पिघलनेवाले स्क्रैप आदि) की सहायता से ढलवां इस्पात पहियों का विनिर्माण कर रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से गहन कारोबार प्रयोग के जरिए प्रबंधन, इस संयंत्र की अद्वितीय विशेषता है। विनिर्माण, गुणवत्ता-नियंत्रण, परिसंपत्ति प्रबंधन, एच.आर., वित्त, पे-रौल, इनवेंअरी प्रबंधन, कर्मचारी सेल्फ सर्विस, पोर्टल आधारित एक्सेस इत्यादि कार्यकलाप डाटा केंद्र के माध्यम से विभिन्न ई.आर. पी. मॉड्यूल्स द्वारा सुगम बनाये गये आई.टी. बैकबोन पर यह संयंत्र प्रत्यक्ष रूप से आधारित हैं। यह संयंत्र उत्तर बिहार के लिए औद्योगिक पुनरूद्धार की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ है। इसके चालू होने के बाद क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर हासिल हुए हैं।

डीएम ने की औचक निरीक्षण, 31 कर्मचारी पाए गए अनुपस्थित

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार के सुबह समाहरणालय स्थित सभी विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी की जांच की, जिसमें कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। विभिन्न विभागों के 31 कर्मचारियों अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने सभी शाखा के प्रभारी एवं कार्यालय के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों का ससमय कार्यालय में आना सुनिश्चित करें और देर से आने वाले कर्मचारी का वेतन काटा जाए और उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालीय कार्यों में कोई भी कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यालयों के पदाधिकारी को उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार और लाभुकों को ससमय लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।

अनाथ तन्वी को मिला ममता की छॉव

निज संवाददाता

नवादा। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा एवं दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा द्वारा दिल्ली के दंपति बिनू अवे एलेकजेंडर एवं उनकी पत्नी करन जॉय स्नाइडर एलेकजेंडर को दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु शिशु तनवी कुमारी को गोद दिया गया। दंपति द्वारा शिशु को प्राप्त करते ही अत्यंत हर्ष प्रकट किए। उन्होंने बताया कि आज से हमारा परिवार पूर्ण हो गया पिछले लगभग एक वर्ष से दत्तक ग्रहण की प्रतीक्षा कर रहे थे। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण न्यू दिल्ली, भारत सरकार के कैरिंग्स पोर्टल के माध्यम से दत्तक ग्रहण विनियमन 2022 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 में निहित प्रवधानानुसार सभी कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर विधिवत दत्तक ग्रहण किया गया। श्रीमति अर्पणा झा सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा द्वारा बताया गया कि वर्तमान में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में 04 शिशु आवासित हैं, जिनका दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की जा रही है। इस मौके पर मुकेश कुमार बाल संरक्षण पदाधिकारी, आदर्श निगम प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

सोन नदी के टीला से 15 लोगों का रेस्क्यू

निज संवाददाता

रोहतास (सासाराम)। के ऊपरी जल ग्रहण क्षेत्र में बारिश हो रही है। बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर बढ़ा है। जल स्तर के बढ़ते ही दो दिनों से टीले में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास जारी रहा। इस बीच मंगलवार को सोन नदी के टीले पर फंसे करीब 15 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने सकुशल निकाल लिया। लोगों को आमझोर थाने के पीछे वाले घाट पर उतारा गया।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
(एस एंड टी निर्माण संगठन)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं:-
ई-निविदा संख्या: एसएण्डटी-सी-डीएचएन-144
1.कार्य का नाम: पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में स्वाचालित ब्लॉक सिंगलिंग के साथ ट्विन सिंगल लाइन के संगंध में प्रधानखूंटा, राखितपुर और सिंदरी ब्लॉक हट में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **2. अनुमानित लागत:** रू.37,93,79,655.89 **3. अमानत राशि:** रू. 20,46,900.00 **4. निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य **5. कार्य निस्पादित करने का समय:** 12 महिना **6. ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय:** 26.08.2024 को 12:00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।
उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/धनबाद
पीआर/00838/सीडीएचएन/एसएण्डटी/टी/24-25/32

सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर संयुक्त आदेश जारी

निज संवाददाता

नवादा। आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी एवं अम्ब्रीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा के द्वारा आज संयुक्त रूप से नगर भवन, नवादा में केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के उपरान्त ही अंदर जाने की अनुमति देंगे। एडमिड कार्ड और पहचान पत्र के अलावे कोई परीक्षार्थी अपने साथ कोई अन्य सामग्री लेकर नहीं जायेंगे। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा का पहला चरण दिनांक 07 अगस्त 2024 को नवादा जिला में एकल पाली में 12:00 बजे मध्या0 से 02 बजे अप0 तक निर्धारित है। परीक्षा कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफल आयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आशुतोष कुमार वर्मा जिलाधिकारी नवादा एवं अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें परीक्षार्थियों की संख्या 10092 है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र लाठी बल के साथ कुल 44 स्टैटिक दंडाधिकारी एवं 22 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उड़नदस्ता दल में सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफल संचालन हेतु समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर-06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारियों को सुरक्षित दण्डाधिकारी एवं कर्मी के रूप में प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी साथ ही अग्निशाम, चिकित्सा व्यवस्था, बज्रवाहन/वाटर कैनन, अश्रु गैस आदि की भी व्यवस्था की गयी है। फ्रिस्किंग कार्य हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के ढ़ाई घंटा पूर्व, 09:30 बजे पूर्वाह्न से 11:00 बजे पूर्वाह्न तक प्रवेश की अनुमति फ्रिस्किंग के पश्चात दी जायेगी। महिलाओं के लिए फ्रिस्किंग घेरायुक्त स्थल पर होगी। परीक्षा हॉल में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थी को भौतिक रूप से जॉच कराना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों के पास किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री, प्रवेश पत्र पर कोई लेख, सादा कागज, क्लिप बोर्ड, स्लाइड रूल, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच, व्हाईटनर, ईरेजर एवं ब्लेड, कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, डिजिटल डायरी, पॉमटाप, पीडीए या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं होनी चाहिए। किसी भी परीक्षार्थी को बिना फोटो, पहचान पत्र के किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के द्वारा वीडियोग्राफी की व्यवस्था रहेगी। अभ्यर्थियों का परीक्षा हॉल में मोबाईल, फोन या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि के साथ प्रवेश निषेध है। कदाचार में लिप्त पाये जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, मोबाईल जैमर की व्यवस्था, फोटोग्राफी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की व्यवस्था, वाहन की व्यवस्था रहेगी। संभावित भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था का सुचारू संचालन पुलिस उपाधीक्षक यातायात नवादा द्वारा किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता विद्युत को सिपाही भर्ती परीक्षा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि केन्द्र पर यदि कोई सिस्टम काम नहीं करता है, यथा-सीसीटीवी, जैमर आदि तो वो अपने नोडल पदाधिकारी को सूचित करेंगे। आयोग के द्वारा दिशा निर्देश के अनुरूप ही कार्य का निर्वहन करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा को परीक्षा अवधि में सतत् गश्ती करते हुए विधि-व्यवस्था का संधारण करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर द्वारा परीक्षा केन्द्रों वाले नगर क्षेत्रों में स्थित फोटो स्टेट दुकान, साईबर कैफे एवं इंटरनेट सुविधा देने वाले केन्द्रों को परीक्षा की तिथि के दिन 08:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अप0 तक बंद कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, गोपनीय प्रभारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीसीएलआर रजौली, डीएसपी मुख्यालय के साथ-साथ केन्द्राधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारी

1. 7 अगस्त 2024 को एकल पाली में 12:00 बजे से 2:00 बजे तक।
2. 22 परीक्षा केंद्रों पर 10092 परीक्षार्थी शामिल।
3. परीक्षार्थियों को मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश।
4. 44 स्टैटिक दंडाधिकारी, 22 पुलिस पदाधिकारी, और सशस्त्र लाठी बल की तैनाती।
5. समाहरणालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना, दूरभाष नम्बरः 06324-212261।
6. परीक्षार्थियों को 9:30 बजे से 11:00 बजे तक प्रवेश की अनुमति फ्रिस्किंग के बाद।
7. लिखित सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, और अन्य निषिद्ध वस्तुएं ले जाने पर रोक।

कांवर यात्राः शिव भक्तों की अद्वितीय आस्था का उत्सव

निज संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। जिले का ऐतिहासिक द्वापरकालीन धनियावां पहाड़ी पर स्थित शिव पार्वती मंदिर के गर्भगृह में द्वादश शिवलिंग विराजमान हैं। यह शिवलिंग अद्वितीय है। भगवान भोले नाथ अर्द्ध नारीश्वर है, यानी आधे भाग में भगवान शिव तो आधे भाग में माता पार्वती है। यह मंदिर मनोकामना धाम से विख्यात है। वैसे भी सावन माह भगवान शिव का सबसे प्रिय माना जाता है। इस माह में पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक व पूजा अर्चना करने की भीड़ भक्तों की बनी रहती है। इसी कड़ी में सावन की तीसरी सोमवारी को ओड़ो पंचायत के पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द मिश्र सपत्नीक चंचला मिश्रा के साथ कांवर यात्रा निकाली। इस यात्रा में अधिवक्ता पंडित राघवेन्द्र मिश्र, विजय कुमार समेत अन्य शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता टीम के साथ नारदीगंज स्थित दलेलपुर बहोरीबिगहा गांव के निकट तिलैया नदी संगम पहुंचे, और वहां पुरोहित सुंदरम पांडेय ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना कार्य कराये, तदोपरांत कांवरियों का जत्था जल भराई कर पैदल धनियावां पहाड़ी पहुंचे, और बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर राष्ट्र, समाज, देश, परिवार की सुख, समृद्धि, खुशहाली, आरोग्यता की कामना की। उन्होंने कहा यह पौराणिक धरोहर है। यह ऐतिहासिक द्वापरकालीन शिवलिंग इस परिसर में है, जो मनोकामना धाम है। इस स्थल को पर्यटक का दर्जा मिले, सुंदरीकरण करने की मांग की है।इसके पहले वर्ष 2021 में 11 दिवसीय इस मंदिर परिसर में अनुष्ठान भी कर इस मंदिर का सुंदरीकरण व पर्यटक स्थल के मांग को लेकर विभागीय अधिकारियों व पर्यटक मंत्री को भी ज्ञापन देकर ध्यान दिलाया गया था।

सीबीआई एवं पुलिस टीम पर हुए मामले में एक नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के मुरहेना के कसियाडीह गांव से एसआई अजय कुमार एवं एएसआई बीरेंद्र पासवान ने एक नामजद अभियुक्त को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मुरहेना पंचायत अंतर्गत कसियाडीह गांव निवासी कैलाश महतो के पुत्र रामोतार महतो के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सीबीआई एवं पुलिस टीम पर हुए हमले में नामजद अभियुक्त था। पुलिस मामले को गम्भीरतापूर्वक अनुसंधान में जुटी हुई है।बीते माह यूजीसी नेट के पेपर लीक मामले का तार मुरहेना के कसियाडीह गांव की एक युवती से जुड़ा मिला। जिसको लेकर जांच हेतु दिल्ली से आई सीबीआई टीम के साथ नगर थाना नवादा की पुलिस टीम को फर्जी बताकर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया था। सीबीआई टीम पर हुए हमले में चालक समेत अन्य अधिकारियों जख्मी हो गए थे।घटना को लेकर सीबीआई टीम लीडर ने रजौली थाने में 8 नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक युवती समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं बीते दिन सोमवार को गुप्त सूचना के आलोक में केस के अनुसंधानकर्ता एसआई अजय कुमार ने रामोतार महतो को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि सीबीआई एवं पुलिस टीम पर हुए हमले एवं मारपीट को लेकर पुलिस सघनता से अनुसंधान में जुटी हुई है। पुलिस ने अबतक कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उन्होंने कहा कि उक्त मामले में अन्य नामजद एवं अज्ञात लोगों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

दिन-दहाड़े सीएसपी संचालक की बाइक हुई चोरी

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के हरदिया मोड़ स्थित एसबीआई सीएसपी के समीप से सीएसपी संचालक की बाइक को दिन-दहाड़े अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। घटना की खबर आसपास आग की तरह फैल गई। किन्तु चोरी हुए बाइक का कुछ भी अतापता नहीं चल सका है। वहीं बाइक चोरी को लेकर बाइक मालकिन नवाबगंज निवासी शिवनन्दन कुमार की पत्नी सोनी कुमारी ने बताई कि बाइक संख्या बीआर27एस1175 को लेकर मेरे पति प्रतिदिन हरदिया स्थित सीएसपी आना-जाना करते थे। बीते सोमवार को भी वे सीएसपी के बाहर बाइक खड़ी कर अंदर काम करने चले गए। जब शाम को काम खत्म होने बाद बाहर आये, तो देखा कि बाइक अपने जगह पर नहीं था।

24 घंटे के अंदर 30 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारीः एसपी

नवादा (नि.सं1)। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 05 अगस्त 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, साईबर क्राईम में 04, पोक्सो एक्ट में 01, हत्या के प्रयास में 05, मद्य निषेध में 05 एवं अन्य गिरफ्तारी 14 कुल 30 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 180.5 लीटर महुआ शराब एवं 03 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट निष्पादन की संख्या 69 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 02 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 710 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 02 लाख 42 हजार 500 रूपया वसूला गया है। 01, सिलाई रिंच 01, छेनी 06, पेचकस 01 एवं गैस सिलेंडर 01 बरामद किया गया।

जात नहीं जमात चाहिए मूल अति पिछड़ा का विकास चाहिए

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। प्रखण्ड क्षेत्र के पार बाध स्थित प्रमोद कुमार चंद्रवंशी के मॉल में नवादा जिला के मूल अति पिछड़ा बुद्धिजीवी मंच का स्वंत्रता दिवस के अवसर पर प्रस्तावित कार्यक्रम वंदे मातरम् पद यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र प्रसाद ने किया तथा मंच संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि डॉ. के पी सिंह रहे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति, एक जात नहीं बल्कि सभी 110 जातियों मिलकर मजबूती से अति पिछडों के हक के लिए लड़ना होगा। जितनी हमारी संख्या है उतनी भागीदारी भी चाहिए।हमें किसी का अधिकार छीनने की जरूरत नहीं है, हमें अपना अधिकार चाहिए। इस मौके पर प्रमोद कुमार चंद्रवंशी मुख्य पार्षद प्रतिनिधि, गुड्डू बबुआ उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि, उपेंद्र कुमार अधिवक्ता, मिलन चंद्रवंशी, सुनील पंडित, पंकज शर्मा, कमलेश सैनी, चांद अंसारी, शमीमद्धीन, रतन सिंह, मनीष देव, शंकर पंडित, महफूज मास्टर, शंकर सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी समेत सैंकड़ों अतिपिछड़ा समाज के लोग मौजूद रहें।

354 बोतल शराब लदे लग्जरी वाहन जब्त, दो तस्कर भी गिरफ्तार

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर एसआई सन्नी कुमार एवं एएसआई अमित कुमार ने लग्जरी कार में रहे 354 बोतल विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। वहीं फुलवरिया डैम के जंगली रास्तों से एक बाइक पर लदे 100 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से किया जाता है। जांच के क्रम में उत्पाद बलों ने होंडा के अमेज संख्या जेएच01डीवाई4473 की डिक्की, बीच वाली सीट एवं आगे वाली सीट पर तौलिया से ढ़के कुछ कार्टून नजर आए। कार्टून को खोलकर जांच किये जाने पर लग्जरी वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया। बरामद शराब में रॉयल स्टेज के 375 एमएल के 48 बोतल व 750 एमएल के 120 बोतल एवं रॉयल चैलेंज के 375 एमएल के 168 बोतल व 750 एमएल के 18 बोतल शराब है। शराब की कुल मात्रा 141.750 लीटर है। लग्जरी कार में रखे शराब के साथ दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के अरबिंद चौधरी के 21 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार एवं झारखण्ड के बोकारो जिले के करमाटांड़ निवासी इसरायल अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र अकमल अंसारी के रूप में हुई है। वहीं हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के जंगली रास्ते का उपयोग कर शराब परिवहन में जुटे होंडा ड्रीम नेओ संख्या बीआर27एम8995 पर लदे कुल 100 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। जबकि शराब धंधेबाज का कोई अतापता नहीं चल सका है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब, कार व बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार शराब तस्करों को मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि विभिन्न वाहनों से शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले कुल 6 लोगों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए सभी लोगों की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से किये जाने पर सभी के शराब पीये हुए होने की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि सभी शराबियों को मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां शराबियों ने जुर्माना राशि जमा कर अपने-अपने घर चले गए। इस मौके पर उत्पाद एएसआई बिशु हेम्ब्रम, एएसआई धीरज लाल पंचम, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय मुशहरी में तिथि भोज का आयोजन

निज संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। प्रखण्ड के दक्षिणी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मुसहरी टोला में तिथि भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधान शिक्षिका बरखा रानी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर किया गया। प्रधान शिक्षिका ने बच्चों के बीच केक काटा एवं उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। बच्चों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन बनाया गया। सभी बच्चे शिक्षक व शिक्षा विभाग के अधिकारी ने एक साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में पीएम पोषण योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार, जिला साधनसेवी अवध किशोर प्रसाद, PFMS पी एम पोषण योजना के रंजन कुमार, वी० पी० एम० रितेश कुमार. बीआरपी किशोरी प्रसाद वर्मा, बी आर पी ज्ञानदीप पासवान अकाउंटेंट सूरज कुमार, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर वर्षा कुमारी, राजकुमार सिंह, शिक्षक विद्याभूषण दिनकर, देवेन्द्र कुमार, रामजनम पासवान, बिनोद कुमार, सुबोध कुमार, जितेन्द्र कुमार, गणेश चौहान. तथा बेबी कुमारी ने भाग लिया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला साधनसेवी ने बताया कि प्रधानमंत्री पी०एम० पोषण योजना के निदेशक के आदेशानुसार तिथि भोजन का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान शिक्षिका बरखा रानी ने इसे सराहनीय कदम बताया और इसकी सराहना की।मौके पर विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं मौजूदथे।

भिखमपुरा से 34 लीटर देशी शराब बरामद

नरहट (नवादा) (नि.सं.)। शराब तस्कर के खिलाफ स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी कर धर पकड़ की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार की शाम नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीखानपुरा से मिथुन कुमार उम्र 23 बर्ष पिता लखपति चौहान के घर के पास से 34 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि अभियुक्त फरार है। प्राथमिकी दर्ज जर आवशयक कार्रवाई की जा रही है। आपको बता दें कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। फिर भी शराब तस्कर चोरी छुपे शराब बेचने का काम कर रहे हैं। अवैध शराब तस्कर पर नकेल कसने के लिए स्थानीय पुलिस लगातार छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। पुलिसिया कार्रवाई से अवैध शराब तस्कर में हड़कम्प है।

मध्य विद्यालय में अग्निशमन कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल, बच्चों ने सिखा आग से बचाव के उपाय

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 अंतर्गत बभनटोली स्थित मध्य विद्यालय रजौली में अग्निशमनकर्मियों की मदद से बच्चों के बीच मॉक ड्रिल कर आग से बचाव एवं काबू करने को सिखाया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानध्यापिका ममता रानी, अग्निक ऋषि मुनि देव, गुड्डू पासवान, लक्ष्मण मल्लाह एवं महेश्वरी प्रसाद मौजूद रहे। अग्निक ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर विद्यालयों के अलावे शिक्षण संस्थानों में जाकर मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से उत्पन्न आपदा के समय में बचाव करने के आवश्यक तौर-तरीकों के बारे में जानकारियां दी जाती है। इनमें गैस चूल्हा जलाने के तरीके एवं उससे आग लगने पर सावधानीपूर्वक उसे बुझाने के नायाब तरीके बताए गए। साथ ही रात में खाना बनाने के बाद गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बंद करने, सुबह किचन में प्रवेश करने के पहले अगर गैस के रिसाव का गंध आने लगे तो सावधानी से दरवाजा खोलें एवं बिजली का स्विच ना दें सहित कई बिंदुओं पर जानकारी दी गई। वहीं किसानों के लिए भी खेत में फसल कटनी तक बोरिंग कर पम्प सेट तैयारी की हालत में रखें, खेत के आसपास बीड़ी सिगरेट आदि का सेवन न करें तथा ना ही किसी को पीने दें। बांस के खंभे के द्वारा नंगे बिजली के तार खेतों में ना रखें। वहीं मवेशियों के लिए आग से सुरक्षा के लिए बड़े एवं घने पीपल, पाकड़, बरगद आदि के छायादार पेड़ होते हैं, जहां गाय जानवरों का बथान गर्मी के मौसम में बनाना अग्नि सुरक्षा दृष्टिकोण से सुरक्षित होगा, जानवरों के रखने वाले घरों के नजदीक पानी की पर्याप्त मात्रा में रखना चाहिए सहित कई उपायों की भी जानकारियां दी गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका ममता रानी ने बताई कि अग्निशमन कर्मियों के द्वारा मॉक ड्रिल से विद्यार्थियों के मन में आग के प्रति डर खत्म हुआ। वहीं आगजनी से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण तरीके भी सिख पाएं। इस मौके पर विद्यालय के सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड बनाने में निभाये भागीदारी : सिविल सर्जन

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। सिविल सर्जन डा. नीता अग्रवाल ने सोमवार को सीएचसी नारदीगंज में आशा व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आयोजित बैठक में आयुष्मान कार्ड को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने म कहा आयुष्मान कार्ड बनने के लिए सघन अभियान चल रहा है। यह अभियान सात अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक करना है, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बन रहा है, कार्ड धारकों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलता है, उन्हें पांच लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज किया जाता है।इस कार्ड को बनाने में आशा को जिम्मेदार भी सौंपी गई है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जागरूक करे, और निर्धारित स्थल पर ले जाकर पात्रता रखने वाले लाभान्वित को आयुष्मान कार्ड बनाने में अपनी भगीदारी सुनिश्चित करें।सिविल सर्जन ने एक आशा को न्यूनतम एक हजार व अधिकतम तीन हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

संविदा पर बहाल ए एन एम ने अपने मांगों के समर्थन में दिया धरना प्रदर्शन

निज संवाददाता

वारिसलीगंज (नवादा)। संविदा पर बहाल ए एन एम ने अपने मांगों के समर्थन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष प्रदर्शन किया। सरकार और विभाग की "दोहरी नीति" के विरुद्ध नारे लगाये। विभाग के दोहरी नीतियों के खिलाफ कर्मियों ने कहा कि संविदा कर्मियों के साथ सरकार दोहरी नीति अपना रही है। कर्मी फेशियल रिकगनिशन सिस्टम (एफआरएएस) सिस्टम के तहत एटेंडेंस बनाने का भी विरोध कर रहे हैं। कर्मी ने बताया कि यह सिस्टम सिर्फ संविदा कर्मियों के लिए लागू किया गया है जो नियमित कर्मी हैं उनके लिए लागू नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में महिला कर्मी अधिक है। उसकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखा जाय तो सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक ड्यूटी करना है जो काफी कठिन कार्य है। क्योंकि गांवों में शाम 5 बजे के बाद घर लौटने के लिए किसी प्रकार का साधन नहीं मिलता है। साथ ही साथ क्षेत्र में ड्यूटी के बाद पुनः अटेंडेंस बनाना फिर क्षेत्र में जाना और ड्यूटी समाप्त करने के पूर्व फिर हाजिरी बनाना यह नया नियम है जो गलत है। इसके अलावे कर्मियों को आवास, बिजली पानी की कोई सुविधा नही है। स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में समान काम के बदले समान वेतन, बकाया वेतन का भुगतान, संविदा पर बहाल कर्मियों को बिना शर्त राज्य कर्मी का दर्जा उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसाओं का लाभ शामिल हैं। मौके पर फैमिली प्लानिंग कोंसेलर, सेसन सैनवाल, सीएचओ लुशी सिन्हा, पंकज माहतो, ए एन एम अनिता कुमारी, रश्मि रेखा सिन्हा, सोनी कुमारी, मनीषा कुमारी, भारती कुमारी, खुशबु कुमारी, कुम कुम कुमारी, संगीता कुमारी रीना कुमारी, टुसि कुमारी सहित दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

फर्जी चालान के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

आरा। अवैध बालू खनन और फर्जी चलान बनाकर बालू की ढुलाई करने के आरोप में खनन निरीक्षक के आवेदन के आधार पर पुनपुन घाट 3 के बंदोबस्तधारी और पुनपुन घाट नंबर 3 के मालिक मेसर्स शिव शंभू ट्रेडर्स सहित तीन ट्रकों के चालकों और खलासी पर उदवंतनगर थाने में प्राथमिक दर्ज की गई है। है।

बच्चों से भरी स्कूली बस सड़क से फिसला

आरा। निजी विद्यालय से बच्चों को उनके घर पहुंचाने जा रही बस का पहिया वर्षा व कीचड़ के कारण सड़क से नीचे उतर आया। इस हालत में बस एक तरफ करवट ले ली। हालांकि बस पलटी नहीं। घटना कोईलवर प्रखंड में हुई। इस घटना में पांच बच्चों को चोट लगने की बात आ रही है। हालांकि विद्यालय प्रबंधन के अनुसार किसी बच्चे को चोट नहीं पहुंची है।

फोरलेन पर बालू बिखरने से चालकों को परेशानी

कोईलवर। बक्सर-पटना फोरलेन पर कोईलवर से कायमनगर खंड तक सड़क पर पांच से छह सेंटीमीटर तक बालू पसरा हुआ है। प्रबंधन व प्रशासन इसी तरह से फोरलेन पर बिखरे हुए बालू को साफ करने में अब तक नाकाम रहा है।यात्रियों और राहगीरों की बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या जस के तस बनी हुई है।कोईलवर से कायमनगर और सकड्डी-नासरीगंज सड़क पर बालू लदे वाहनों की भीड़ हमेशा बनी रहती है। ऐसे में सड़क के किनारे चार से पांच इंच तक बालू का बिखरे रहना प्रशासन की लापरवाही दर्शाता है और बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। कई बार दो पहिया वाहन के चालक सड़क पर बालू बिखरे होने के कारण फिसल कर गिर जाते हैं। सड़क पर बिखरे इस रेत से एक और परेशानी तब होती है जब हवा का रुख काफी तेज होता है। तब सड़क पर बिखरा हुआ यह बालू हवा के दबाव से उड़कर यात्रियों के आंखों में भर जाता है। जिससे लोगों के आंख से संबंधित स्वास्थ्य की समस्या भी उत्पन्न होती है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने इसपर अविलंब कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है।

जमीन के विवाद में मारपीट, मुखिया पर एफआईआर दर्ज

बक्सर। धनसोई थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में जमीन विवाद में सोमवार को लाठी-डंडे चले। इसमें एक पक्ष के लोगों ने खरहना पंचायत के मुखिया पर पक्षपात तथा दबंगई करने का आरोप लगाते हुए छह लोगों तो वहीं दूसरे पक्ष ने 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। विधि व्यवस्था को देखते हुए धनसोई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्ष से कुल 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक पक्ष से सूबेदार पासवान द्वारा पूर्व चले आ रहे जमीन विवाद का हवाला देते हुए 13 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। वहीं दूसरे पक्ष के राजनारायण पासवान ने पुलिस को दिए आवेदन में लिखा हैं कि मैं अपने खेत में धान की रोपनी करा रहा था तभी मेरे ही गांव के फौजदार पासवान, हवलदार पासवान, सूबेदार पासवान एवं लक्ष्मण पासवान अपने हाथ में लाठी डंडा तथा लोहे का राड लेकर आए और गाली गलौज करते हुए रोपनी का काम बंद करने की धमकी देने लगे। रोपनी का काम बंद नही करने पर मुझे मार कर जख्मी कर दिए उनके साथ पंचायत के वर्तमान मुखिया जगलाल चौधरी एवं मनोज कुशवाहा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए इन लोगों को ललकार रहे थे। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष ने एफआईआर दर्ज कराई हैं।

कोर्ट के बाहर व रामरेखा घाट से बाइक की चोरी

बक्सर। शहर में बाइक चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को शहर के दो स्थानों से चोरों ने बाइक उड़ा ली। पीड़ितों ने मामले को लेकर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक राजपुर थाना क्षेत्र के खीरी गांव के मुन्ना यादव किसी कार्य से सिविल कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक सिविल कोर्ट गेट के सामने खड़ी कर कोर्ट में चले गए। कार्य समाप्त कर लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। वहीं सिविल लाईन के प्रमोद कुमार सिंह पूजा करने रामरेखा घाट स्थित रामेश्वर मंदिर में गए थे। उन्होंने अपनी बाइक मंदिर के पास खड़ी की थी। पूजा कर लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना की जांच कर बाइक चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

मो रफी की याद में सुरों की जमी महफिल

आरा। मशहूर पार्श्व गायक मो. रफी की 44वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में व्यू प्वाइंट द्वारा सुरों की महफ़िल नागरी प्रचारिणी में जमी। इस "तुम मुझे यूं भुला न पाओगे..." कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन कलाकारों ने मो. रफी और लता मंगेशकर के गाए डेढ़ दर्जन से अधिक गीतों को प्रस्तुत किया। इस दौरान महिलाओं ने भी मो रफी के गए गाने को गाकर श्रद्धांजलि दी। शुभारंभ राजाराम शर्मा ने तुम ने यूं भुला न पाओगे... गीत गाकर किया। ऋषिका शमी ने तेरी आंखों के सिवा दुनिया..., रमेश कुमार ने बड़ी दूर से आए हैं..., मो. नौशाद ने यहां मैं अजनबी हूं...., अलका शरण ने ईश्वर अल्लाह तेरे नाम..., कुमार अनुपम ने दर्दे दिल दर्दे जिगर दिल में जगाया.., राजकुमार ने दोनों ने किया था प्यार मगर..., मो. युसूफ ने मोहब्बत के सुहाने दिन..., मो.मनव्वर अंसारी ने मेरे दोस्त किस्सा ये क्या हो गया, धर्मेंद्र कुमार ने दिल का सुना साज..., शमशाद "प्रेम" ने किसी ने कहा है मेरे दोस्तों...गीत को प्रस्तुत किया। वहीं अम्बे शरण और धर्मेंद्र सिंह ने ये दिल तुम बिन कहीं लगता..., ऋषिक शर्मा व पीहु शर्मा ने बार-बार देखो हजार बार देखो..., संजना सिंह व धर्मेंद्र सिंह ने बाहों में तेरी मस्ती के झूले..., सुनीता पांडेय व नवीन पांडेय ने यूं ही तुम मुझ से बात करती हो..., रमेश कुमार और शमशाद प्रेम" ने बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा गाकर श्रोताओं को खूब झुमाया। धर्मेंद्र कुमार, शमशाद प्रेम" और रमेश कुमार ने मेरे देश प्रेमियों आपस और में प्रेम करो... गाकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के संयोजक संस्कृतिकर्मी शमशाद "प्रेम" ने कहा कि मो. रफी एक अच्छे गायक ही नहीं, बल्कि एक अच्छे इंसान भी थे। उन्होंने संगीत के क्षेत्र में बहुत ही ऊंचा मकाम हासिल किया। उन्होंने अपने दौर के लगभग सभी अभिनेताओं के लिए गीत गाए। कार्यक्रम में इकबाल इल्मी, धर्मेंद्र कुमार, रमेश कुमार, राजकुमार, डॉ विभा कुमारी, डॉ सिद्धनाथ सागर, डॉ रीता शर्मा, कावेरी मोहन स्थाना, डॉ संगीता सिंह, धर्म कुमार, शौकत, मो.रफी समेत कई संगीत प्रेमी मौजूद थे।

850 होमगार्ड जवानों ने दिया धरना

बिहार सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रखी अपने मांगें, शहरी इलाकों में लगा जाम

निज संवाददाता। आरा

बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ ने बिहार सरकार के सौतेले रवैया को लेकर आरा में एक दिवसीय धरना दिया। धरना का आयोजन आरा शहर के जय प्रकाश नारायण स्मारक के समीप हुआ। इस दौरान भोजपुर के होम गार्ड के जवानों ने अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की वजह से शहर के ज्यादातर इलाकों में जाम की समस्या रही। इस धरना में कई महिला होम गार्ड भी शामिल हुईं।

जिले में लगभग साढ़े 8 सौ होम गार्डः धरना पर बैठे सेवानिवृत्त पूर्व सचिव कामेश्वर सिंह ने बताया कि मांग हमारी 1984 से चल रही है। बिहार सरकार होम गार्ड को तौहिनी की दृष्टि से देखते आ रही है। सारा काम हम लोग करते हैं। नली से लेकर गली तक हम लोग साफ करते हैं। बिहार सरकार के हर आदेश का पालन करते हैं। लोकतंत्र के हर आदेश का पालन करते हैं। उसके बाद भी हमें तौहिनी की दृष्टि से देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दे दिया है हमें भी पुलिस के समान सारी चीज मिलनी चाहिए, लेकिन सरकार ने आज तक लागू नहीं किया। जिसकी वजह से हमलोगों ने एक दिवसीय धरना का आयोजन किया है। धरना के बाद भी सरकार हमारी नहीं सुनती है तो 31 को केंद्रीय समिति की बैठक होगी। उसमें जैसा निर्णय लिया जाएगा हम लोग वैसा करेंगे। अब हमलोग पीछे मुड़कर नहीं देखने वाले हैं, सिर कटा सकते हैं लेकिन अब झुका नहीं सकते हैं। अभी जिले में लगभग साढ़े 8 सौ होम गार्ड है।

महिला कर्मियों को ज्यादा होती परेशानीः महिला होम गार्ड गुड़िया कुमारी ने बताया कि हमारी 21 सूत्री मांगें है। हम लोगों को दो साल पर वर्दी भत्ता मिलता है, लेकिन हमें प्रतिवर्ष वर्दी भत्ता मिलना चाहिए। यानी बिहार पुलिस की तरह हमें भी मिलना चाहिए। हमें छुट्टी भी नहीं मिलती है। समान काम का समान वेतन मिलना चाहिए। गुड़िया कुमारी ने बताया कि महिला होम गार्ड कर्मी को बहुत ज्यादा परेशानी होती है। हमें छुट्टी बिल्कुल भी नहीं मिलती है। एक दिन काम करते है तो उस दिन का पैसा मिलता है नहीं जाने पर पैसा काट लिया जाता है। हम लोग ज्यादा काम करते हैं। टीए और डीए दोनों मिलना चाहिए। वर्दी भत्ता भी हर साल मिलना चाहिए।

ये है मुख्य मांगेंः मुख्य मांग सेवानिवृत्त गृह रक्षकों की सेवानिवृत्ति लाभ डेढ़ लाख रुपए प्रदान करने में 20 वर्ष 10 वर्ष की शर्तों को हटाकर सभी सेवानिवृत्त गृह रक्षकों को सेवानिवृति के समय ही भुगतान की जाए। बढ़ती मंहगाई को देखते हुए डेढ़ लाख रुपए मिलने वाली राशि को 05 लाख तक बढ़ाया जाए। गृह रक्षकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान की राशि 4 चार लाख रुपए से बढ़ा कर कम से कम दस लाख रुपए हो। इसके साथ ही गृह रक्षकों को कर्तव्य के दौरान बिमारी या दुर्घटनाग्रस्त होने पर ईलाजरत अवधि तक कर्तव्य मानते हुए भत्ते का भुगतान किया जाए। राज्य के सभी जिलों में कार्यालय के साथ ही गृह रक्षक बैरेक नल-जल, शौचलय, स्नानागार और संघ कार्यालय इत्यादि का निर्माण हो। बिहार सरकार से मान्यता प्राप्त बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ केन्द्रीय समिति बिहार, पटना में संघ कार्यालय के लिए भवन आवंटित हो या जमीन आवंटित की जाए, गृह रक्षकों को बिहार पुलिस बीएमपी, रेल, जेल, वन, उत्पाद, खनन, अग्निशाम, चालक की बहाली में 50% आरक्षित जगह गृह रक्षकों से भरा जाए।

व्यक्ति को 10 गोलियों से भूनने वाला कुख्यात गिरफ्तार

भोजपुर में प्रेम–प्रसंग में हुई थी हत्या, घर से 1KM दूर ले जाकर फेंका था शव

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर सकड्डी और कुल्हड़िया गांव के बीच 2 माह पहले प्रेम-प्रसंग में घटित हिस्ट्रीशीटर मिथिलेश पासवान की नृशंस हत्या मामले में पुलिस ने एक वांछित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया करिया महतो उर्फ सत्यप्रकाश महतो टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिमनगर मोहल्ला का निवासी है। पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। इसकी जानकारी सोमवार को एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिए जाने की बात सामने आई है। वांछित की गिरफ्तारी इब्राहिमनगर मोहल्ला से हुई है। उन्होंने बताया कि 4 जून 2024 की रात कोईलवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर सकड्डी और कुल्हड़िया गांव के बीच कुबेरचक निवासी मिथिलेश पासवान की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। दूसरे दिन शव मिला था। मृतक मिथिलेश पासवान(28) कोईलवर थाना क्षेत्र के कुबेरचक, धनडीहां गांव वार्ड नंबर 2 निवासी सुरेश पासवान का बेटा था। अपराधियों ने काफी करीब से उसे 10 गोलियां मारी थी। इसे लेकर मृतक के छोटे भाई शैलेश पासवान ने आनंद नगर निवासी प्रेमिका, इब्राहिमनगर निवासी गोरख महतो, उसके दोस्त इब्राहिमनगर निवासी करिया महतो, विक्की महतो, नकुल महतो अहिरपुरवा निवासी राहुल यादव और जमीरा निवासी अजीत महतो समेत 7 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई गई थी। प्रेम-प्रसंग के विवाद में आनंद नगर घर पर बुलाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। इसे लेकर कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद के नेतृत्व में गठित एक टीम ने आरोपी के घर पर छापेमारी कर उसे धर दबोचा। टीम में दारोगा सुधाकर मंडल, प्रशिक्षु दारोगा सुभाष मंडल और रिंकी कुमारी समेत डीआइयू के पदाधिकारी और शामिल थे। थानाध्यक्ष नरोत्तमचंद ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी करिया महतो का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। साल 2021 में कोईलवर में घटित हत्या में उसका नाम आया था और जेल भी गया था। उस समय पुलिस ने हत्या और अनुसूचित जाति एक्ट के तहत प्राथमिकी की थी।

करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, खेत रोपनी के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव स्थित बधार में सोमवार को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव निवासी श्रीभगवान सिंह का बेटा संतोष सिंह है। वह पेशे से किसान थे। उधर, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। इसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच रास्ते से ही शव को वापस गांव ले जाकर बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सिकरौल गांव के पास शव को सड़क के बीचों-बीच रख जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा करीब 3 घंटे तक सड़क जाम रखा गया। इस कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। आवाजाही पूरी तरह ठप रहा। वहीं, सड़क जाम की सूचना मिलने पर सिकरहटा थानाध्यक्ष राजीव रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। इधर, मृतक के चाचा निवास सिंह ने बताया कि वह गांव के बधार में स्थित अपने खेत में रोपनी कर रहे थे। जहां बगल के खेत में लगे अमरूद के पेड़ के कारण चारों तरफ बिजली का तार लगाया गया था।

सरकारी विद्यालयों में एफएलएन और एलईपी किट का किया गया वितरण

निज संवाददाता। कोईलवर

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक नियमित रुप से उपस्थित होने वाले तथा ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर विवरण इंट्री होने वाले बच्चों के उपयोग हेतु वर्तमान सत्र 24-25 में एफएलएन/ एलईपी किट का वितरण कार्य प्रारंभ है। किट वितरण से स्कूली बच्चों में खुशी है तथा बच्चों में विद्यालय आने के प्रति उत्सुकता बढ़ी है। अभिभावकों में भी बच्चों को विद्यालय भेजने की उत्सुकता देखी जा रही है। इसी कड़ी में प्रखंड संसाधन केन्द्र कोईलवर में जैसे- जैसे एफएलएन/एलईपी किट उपलब्ध होते जा रहा है वैसे ही किट का वितरण संकुलवार किया जा रहा है। सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निदेशित भी कर दिया गया है कि कक्षावार उपलब्ध कराते गये कीट का वितरण बच्चों के बीच अभिभावक की उपस्थिति में समारोह पूर्वक नियमानुकूल वितरण किया जाय। साथ ही वितरण का फोटोग्राफ प्रखंड स्तर पर बने वाट्सएप ग्रुप में भेजना सुनिश्चित किया जाय। अभी कीट वितरण का कार्य जारी है। कोईलवर प्रखंड अंतर्गत अभी तक कुल 127 प्राथमिक/मध्य विद्यालय (कक्षा 1-5) में 5878 छात्र-छात्राओं एवं कक्षा 9 वीं से बारहवीं तक के कुल 21 विद्यालयों में कुल 4835 छात्र-छात्राओं के बीच कीट का वितरण किया जा चुका है।

भोजपुर में बदमाशों ने कपड़ा दुकानदार को मारी गोली, 34 हजार कैश और लॉकेट छीन फरार आरोपी

घायल बड़े भाई के साथ जा रहा था घर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में सोमवार की देर शाम बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। हथियारबंद अपराधियों ने कपड़ा दुकानदार से लूट की। पहले उनके बाइक को रुकवाया फिर गोली मार दी। घायल युवक को गोली छाती के बीचों-बीच में मारी गई है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में बाइक से जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद हथियारबंद अपराधियों वहां से भाग निकले। घटना की सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे। उसके बाद उसे इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल ले गए। घटना जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के फतेहपुर रामनगर नहर मार्ग पर सिकरौल गांव के पास घटी है। घायल की हालत को चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक सिकरहटा थाना क्षेत्र के पटखौलिया गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का बेटा सुनील कुमार(26) है। वह पेशे से कपड़ा दुकानदार है। फतेहपुर बाजार पर कपड़ा का दुकान चलाता है। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। घायल युवक के भाई राजेश कुमार ने बताया कि वह फतेहपुर बाजार पर ही स्टेट बैंक का CSP केंद्र चलाता है। जबकि उसका भाई सुनील कुमार फतेहपुर बाजार पर रेडीमेड का कपड़ा दुकान है। सोमवार की देर शाम दोनों बाइक से दुकान बंद कर गांव लौट रहे थे। तभी सिकरौल गांव के पुल के पास एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद अपराधी ने पहले उनकी बाइक रूकवाई। उसके दोनों के पास रहे करीब 34 हजार नगद रुपए वह लॉकेट छीन लिया। जब उसके भाई सुनील कुमार के पिस्टल को पकड़कर मारने लगा। हाथापाई होते हुए कुछ दूर नहर के पास गिर पड़ा। तभी उसने उसे गोली मार दी। नहर के रास्ते होते हुए वह भाग निकला। जबकि दूसरा बाइक सवार बदमाश गाड़ी लेकर भाग गया। इसके बाद वह उसे इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल ले गया। जहां से प्राथमिक इलाज करने बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सड़क सुरक्षा को ले विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता

निज संवाददाता। बक्सर

बालसा ने आन द स्पॉट पेंटिंग के बारे में छात्राओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर महारानी उषारानी बालिका उच्च विद्यालय डुमरांव में आयोजित की। जिसमें " सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता" जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष आनन्द नन्दन सिंह एवं अवर न्यायाधीश सह सचिव देवेश कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बक्सर के आदेश पर पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं पीएलवी अनिशा भारती द्वारा कराया गया। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सचिंद्र तिवारी ने किया।मौके पर रवि प्रभात,सुनील कुमार, कल्पना श्रीवास्तव, चन्दा आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले छात्राओं ने सड़क नियमों का पालन करने एवं लोगों को भी अवगत कराने का संकल्प लिया।इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों ने सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों का पालन करने पर शक्तिशाली संदेश चित्रित कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पैनल अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था।यातायात नियमों का पालन करने,सीट बेल्ट पहनने और ध्यान भटकाने से बचने के बारे में सन्देश देने के लिए जीवंत रंगों और अभिनव विचारों का उपयोग किया। सड़क सुरक्षा पर चित्रकला प्रतियोगिता ने लोगों को सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षित और प्रेरित करने हेतु एक रचनात्मक मंच के रूप में कार्य किया जिससे अंततः दुर्घटनाओं को कम करने और सड़कों पर जीवन बचाने में योगदान मिला।सड़क सुरक्षा सप्ताह हर साल 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया जाता है। स्कूल प्राचार्य सचिंद्र तिवारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम के मुताबिक गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।फुटपाथों पर संभलकर चलें और जेब्रा क्रासिंग से पर करें।गति सीमा का ध्यान रखें।सड़क पर लगे संकेत चिन्हों का सही अनुसरण करें ताकि आपके साथ कोई हादसा न होने पाए। अधिवक्ता ने छात्राओं की भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें अपने परिवार, दोस्तों और समाज के बीच सड़क सुरक्षा जागरुकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरुकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौत की दर को कम करना है।

खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट, 6 लोग जख्मी

निज संवाददाता। बांका

♦ बांका से सभी भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर, इलाके में मची अफरा-तफरी

बांका थाना क्षेत्र के मुकदम्मा बाजार में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इससे 6 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के सभी घर के लोग बाहर निकल गए। सभी को गंभीर अवस्था में भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची। मंगलवार को गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने में जख्मी सभी आधे दर्जन लोगों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बांका जिले के मकदुम्मा बाजार स्थित एक घर में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया।

गैस सिलेंडर ब्लास्ट करने से 6 सदस्य गंभीर रूप से जख्मीः गैस सिलेंडर ब्लास्ट करने से घर के 6 सदस्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आसपास के लोगों ने सभी जख्मी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मकदुम्मा बाजार निवासी प्रदीप साह के घर में महिलाएं गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। इस दौरान सिलेंडर अचानक से ब्लास्ट कर गया। सिलेंडर ब्लास्ट करने से प्रदीप साह, दिवाकर साह, गुड्डी देवी, केशव कुमार, अभिजीत कमल और जयमंती देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

सभी घायल भागलपुर के मायागंज अस्पताल में रेफरः सभी जख्मी का सदर अस्पताल में इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में रेफर कर दिया है। गैस सिलेंडर ब्लास्ट इतनी भीषण थी कि पूरा बाजार दहल गया। घर में रखे सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गैस सिलेंडर अचानक ब्लास्ट कैसे हुआ इसके बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है। मौके पर संबंधित टीम पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिसके कारण से 6 लोग जख्मी हुए हैं। सभी का इलाज चल रहा है।

संक्षिप्त समाचार

संजय कुमार बने लोजपा-आर के नगर अध्यक्ष, अरशद मलिक बने उपाध्यक्ष

मुंगेर। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष प्रमोद पासवान ने संगठन का विस्तार करते हुए माधोपुर निवासी संजय कुमार सिंह को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही मिर्जापुर बरदह निवासी मो. अरशद मलिक को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संजय कुमार सिंह और अरशद मलिक के आने से पार्टी को एवं संगठन को मजबूती मिलेगी। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विजन डॉक्यूमेंट बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को नगर के सभी वार्डों के जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

मैट्रिक और इंटर परीक्षा के टॉपर को स्वतंत्रता दिवस पर करेंगे सम्मानित

मुंगेर। स्वतंत्रता दिवस-2024 के तैयारी को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पूर्व वर्ष की तरह इस साल भी स्वतंत्रता दिवस को समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने 15 अगस्त को सुबह सरकारी विद्यालयों के बच्चों के द्वारा प्रभात-फेरी निकालने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन रेडक्रास सोसायटी के द्वारा किया जाएगा। डीएम व एसपी ने सभी लोगों व पुलिस के जवानों से रक्तदान करने के लिए अपील किया गया।

भागलपुर में महिला पर हमला, केस दर्ज

दीवार तोड़ने को लेकर 2 पक्ष भिड़े, SC/ST थाना में FIR

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नाथनगर के मथुरापुर निवासी रीना देवी ने अपने घर के पास 3 स्थानीय व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर उनके घर की दीवार तोड़ने और गंभीर हमले की SC/ST थाना में शिकायत की है। रीना देवी ने दिए आवेदन में बताया कि शंकर मंडल, शुलो मंडल और चंदन मंडल ने उनके घर की पश्चिमी दीवार तोड़ दी। घर के आंगन में रखा अनाज बर्बाद कर दिया। रीना देवी ने कहा कि जब मैंने उनसे पूछा कि वे मेरा दीवार क्यों तोड़ रहे हैं, तभी शंकर मंडल ने मेरे साथ गलत नीयत से व्यवहार करते हुए मेरी साड़ी खींच ली। इससे मैं अर्धनग्न हो गई। इस घटना के दौरान उनके देवर निरंजन पासवान और गोतनी पूजा कुमारी उन्हें बचाने के लिए आई। लेकिन चंदन मंडल और सुलो मंडल ने निरंजन पर लोहे के रड से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। रीना देवी ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। धमकी दी कि अगर वे गांव नहीं छोड़तीं तो उन्हें गोली मार देंगे। उन्होंने बताया कि मेरा पूरा घर तोड़फोड़ कर दिया गया। मेरे सभी सामानों को नष्ट कर दिया गया। इस घटना की जानकारी देने के लिए रीना देवी ने नाथनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

मंदिर का दरवाजा गिरा, 1 बच्चे की दबने से मौत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में दरवाजा टूट कर गिरने के बाद एक बच्चे की मौत हो गई। मामला सन्हौला थाना क्षेत्र के पोठिया गांव का है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र निवासी पप्पू पंडित का बेटा रोहित कुमार(8) सोमवार की रात बारिश से बचने के लिए बजरंगबली मंदिर परिसर पहुंचा था। इसी दौरान वहां मौजूद मंदिर का दरवाजा दीवार से अलग हो गया। दरवाजा बच्चे के शरीर पर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि बारिश बहुत तेज हो रही थी। बच्चे छुपने के लिए बजरंगबली स्थान गए। इसी बीच जोर से ठनका का आवाज हुआ। दरवाजा टूट कर बच्चों के शरीर पर गिर गया। जिससे एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने आगे बताया कि मुझे मुआवजा मिलना चाहिए। मौके पर पहुंचे ऑन ड्यूटी पदाधिकारी ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

भागलपुर में पार्षद पर लगा चाकूबाजी का आरोप

भागलपुर । भागलपुर में एक जमीन का मालिक पिछले 1 महीने से धरना पर बैठे हुए है। विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत परबत्ती लब्बू पासी लेन में वार्ड पार्षद रंजीत मंडल से कब्जा जमीन छुड़ाने के लिए पिछले 1 माह से बदक जमीन मालिक मोती लाल साह अपनी जमीन पर धरना पर बैठे हैं। जमीन विवाद को लेकर सोमवार की देर रात 12 बजे के लगभग दोनों पक्ष में विवाद बढ़ गया। इसी बीच दूसरे पक्ष के लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में धरना पर बैठे बुजुर्ग मोती साह घायल हो गए। पेट से खून निकलने लगा। बुजुर्ग मोती साह ने पार्षद रंजीत मंडल और उनके भाई शेखर मंडल पर चाकू मारकर हमला करने का आरोप लगाया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक–06.08.2024

ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/07/2024-25

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्रशासनिक स्वी0 की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	लम्बाई (मी0 में)
1	गढ़वा जिला के गढ़वा सदर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–मधेया में अनजान शहीद के पास दानरो नदी (डाण्डू) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण।	5,90,90,600.00	11,82,000.00	10000.00	24 माह	152.16

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–08.08.2024 से दिनांक–17.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–20.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 332003 Rural Development(24-25)#D ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

कार्यालयः नगर पंचायत, मझिआँव

आम सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नगर पंचायत मझिआँव में स्वीकृत आवास का पूर्णता प्रतिशत 90 प्रतिशत से नीचे है, जो बहुत ही असंतोषजनक है।

ज्ञातव्य है कि योजना का कार्यकाल दिसम्बर 2024 तक ही प्रस्तावित है, इसी समय–सीमा के अन्दर सभी आवासो को पूर्ण किया जाना है। इस निकाय अर्न्तगत लगभग 70 आवासों का कार्य रूफ स्तर तक हो चुका है।

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एंव आवास विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1110 दिनांक 30.07.2024 के द्वारा वैसे आवास जिनका कार्य रूफ स्तर तक हो चुका है वैसे आवासो को विशेष अभियान **"मेरा घर, मेरा अभिमान"** के तहत "आवास पूर्णता पखवाड़ा" दिनांक 01–15 अगस्त, 2024 तक अभियान को चलाते हुए पूर्ण करने का निर्देश प्राप्त है।

अतः उक्त के आलोक मे सभी माननीय जन प्रतिनिधियों, आमजनो तथा प्रबुद्वजनो से सहयोग एंव भागीदारी के अपेक्षा रखते हुए संबंधित लाभुको से अनुरोध है कि 15 अगस्त 2024 तक आवास पूर्ण कर सजग एंव जागरूक नागरीक होने का परिचय दें। रूफ स्तर के लाभुको की सूची नगर पंचायत कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक,
PR 331937 Urban Development (24-25)_D नगर पंचायत मझिआँव

Garhwa Nagar Parishad
Address: Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana Road, Garhwa
Phone No.:

Reference No.- GNP/RFP-01/2022-23 6th Call Date: 06.08.2024

Tender Notice
IMPORTANT INFORMATION

Sr.No.	Particulars	Details
1.	Name of Work	Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years
2.	Estimated Cost (INR)	Construction Cost: ₹ 2,47,95,439 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,58,86,388 Total: ₹ 4,06,81,827
3.	Bid Security (INR)	₹ 406818.00/-. (Rupees Four Lakhs Six Thousand Eight Hundred Eighteen Only)
4.	Cost of Bid Document (INR)	₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable
5.	Time of Completion	1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP
6.	Date of e-publication of tender	08.08.2024
7.	Document downloading start Date	08.08.2024
8.	Start date for seeking clarification	----------
9.	End date for seeking clarification	----------
10.	Pre bid meeting date, Time & Venue	----------
11.	Bid submission end date	27.08.2024 up to 05:00 PM
12.	Bid opening date (online)	29.08.2024 11:00 AM
13.	Mode of Submission of Bids	e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in)
14.	Name & Address of office Inviting Tender	Executive Officer, Garhwa Nagar Parishad
15.	Helpline Number	8409053313, 9431141644

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in

PR 331948 (Urban Development) 24-25 (D) Executive Officer Garhwa Nagar Parishad

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–05.08.2024

1. कार्य का नाम :

क्र0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	प्रखंड		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
1	RWD/DALTONGANJ/STPKG/24/23-24	विश्रामपुर	1	कलटु मोड से मुरमा कला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.50कि0मी0	1196.026	ग्यारह करोड़ छियान्बे लाख दो हजार छः सौ रू0 मात्रे	15 माह	द्वितीय
		विश्रामपुर	2	कौड़िया से तमदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.30मि0मी0				
		विश्रामपुर	3	विश्रामपुर से कौड़िया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.10कि0मी0				
		विश्रामपुर	4	गुवासराय से जमारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 9.25कि0मी0				

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 10.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 24.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 26.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
PR 332052 Rural Development (24-25)_D ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 9/2024–25

1) विभाग का नाम :पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2)विज्ञापन दाता का नाम :कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3)परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय : 20.8.2024 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :21.8.2024 अपराह्न 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.8.2024 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

क्र0	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation of toilet cum bathroom, improvement of water supply and sewerage work at 114/124 set and other High Court pool quarters under D.W and S. Division, Ranchi East, Ranchi.	753860.00	15100.00	1250.00	15 Days
2.	Provision of water supply by construction of 1No. DT (115mm/125mm)with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at High court quarters near seth sitaram school, Doranda, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	511893.00	10300.00	1250.00	15 Days
3.	Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- A-43, 48 Set, near seth sitaram school, A-8, 30 Set, near nepal house, C-3 Sachiwalay colony, behind indira palace, and others Jharkhand High court pool quarters, Doranda, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi.	1200135.00	24100.00	2500.00	15 Days
4.	Supplying Fitting and Fixing of 2Nos. High Purification Capacity Water Purifier, water Cooler and necessary water supply pipe line and its allied work in the campus of 209 Cobra, Khunti , Ranchi underD.W.&S.Division,RanchiEastRanchi.	463477.00	9300.00	750.00	07 Days
5.	Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No. 101/124, 124 Set Doranda, AN-251 Sector- III and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters HEC Campus, Dhurwa, Ranchi.	1244504.00	24900.00	2500.00	15 Days
6.	Construction of 2Nos. Of Static tank of 6mx5mx3.3m deep with water supply arrangement at central training institute Jharkahnd fire brigade, Dhurwa Ranchi ,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	2028116.00	40600.00	5000.00	30 Days
7.	Renovation of 1 no. toilet cum bathroom, replacement of sanitary fittings and other allied works at Judges Bunglow No.-1 (Near Central School Doranda) under D.W and S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1168666.00	23400.00	2500.00	15 Days
8.	Construction / Renovation of old & damaged Inspection Chamber, Manhole and sewer line and its allied works at Quarter no. A-1, A-2. A-4 Block-A,& Block-B 30 Set pool, Nepal house, Doranda & others High Court pool Quarters Doranda Ranchi, Under DW&S division, Ranchi East, Ranchi.	1139711.00	22900.00	2500.00	15 Days
9.	Replacement of old and damaged sanitary fittings, damaged sewer line at different Government pool quarters under D.W and S. Div Ranchi East, Ranchi	652727.00	13100.00	1250.00	15 Days
10.	Construction of 1 Nos. of Fountain with water supply arrangement in the Judge's Residence Bunglow No. 1, Near A.G. Office Doranda, & Others Highcourt pool quarter, Doranda Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	667155.00	13400.00	1250.00	15 Days
11.	Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No.- B-36, Block -6, Near seth sitaram school, B-7, Block-2, Behind indira palace, Hinoo, A-3, 12 Set Hinoo, C-14, block-3, behind indira palace Hinoo, Ranchi and others Jharkhand High court pool quarters, Doranda, Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi.	794810.00	16000.00	1250.00	15 Days
12.	Repairing and replacement of old and damaged sanitary fittings at Judges Bunglow and high court pool quarter under D.W. & S. Division Ranchi East Ranchi	866225.00	17400.00	1250.00	15 Days
13.	Renovation of toilet cum bathroom replacement of sanitary fittings, improvement of severage work and other allied work at Staff Quarter No.-A-24 , A- 18 , A-32, 48set, Near seth sitaram school, A-12, 30 Set, nepal house, Doranda and others High court pool quarter under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1005290.00	20200.00	2500.00	15 Days
14.	Renovation of toilet cum bathroom replacement of sanitary fittings, improvement of severage work and other allied work at Staff Quarter No.- B-03, 30 Set, nepal, house,B-12, Behind Indira palace, Hinoo, B-25, Near seth sitaram school, B-1, rajendra chowk, C-1, 12 set, Behind transition house and others High court pool quarter under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi	948917.00	19000.00	1250.00	15 Days
15.	Supply & Installation of Geyser & Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon filtration Plant (2000LPH) with Multiport Valve & necessary water supply pipe line and its allied work at IAS Quarter no. - A1 Kusai Colony and Judges Bungalow/Qtr. Doranda, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi.	838242.00	16800.00	1250.00	15 Days

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 331967 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची

संक्षिप्त समाचार

आईजीआईएमएस के बाद अब पटना में एम्स समेत 3 अस्पतालों से शुरू होगी बस सेवा

पटना, एजेंसी। परिवहन विभाग राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों से मरीजों और परिजनों के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड तक के लिए बस सेवा धीरे-धीरे शुरू कर रहा है. पटना में आइजीआइएमएस के बाद अब एम्स, महावीर कैंसर संस्थान और एनएमसीएच से अगले माह बस सेवा की शुरू जायेगी, ताकि अस्पताल तक आने-जाने में लोगों को परेशानी नहीं हो. इन बसों को विभिन्न रूटों से जोड़ा जायेगा. इसको लेकर रूट चार्ट तैयार करने का निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिया गया है. परिवहन मंत्री शीला मंडल ने मरीज और उनके परिजनों को भाग-दौड़ से बचाने के लिए बसों का परिचालन करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है. बसों के परिचालन कहां से कहां तक होगा, इसका पूरा रूट तैयार होने के बाद इसकी समीक्षा होगी. सहमति के बाद परिचालन शुरू होगा. विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में एक माह का वक्त लग सकता है. इन तीनों अस्पतालों से अगले माह के अंत तक बस सेवा शुरू की जा सकती है. विभाग के मुताबिक महावीर कैंसर संस्थान और एम्स पटना में राज्य भर से लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं. इनमें ऐसे लोग अधिक होते हैं, जो ट्रेन से पटना पहुंचते हैं और इन अस्पतालों में पहुंचने के लिए उन्हें दो से तीन छोटी गाड़ियां बदलनी पड़ती है, लेकिन परिसर से परिचालन शुरू होने के बाद लोगों की सुविधा बढ़ जायेगी और उन्हें इन दोनों अस्पतालों में पहुंचने में परेशानी नहीं होगी. साथ ही एनएमसीएच तक पहुंचने के लिए भी मरीजों के पास सीधा कोई वाहन नहीं है, जिसे पकड़ने के बाद तुरंत मरीज अस्पताल पहुंच सकें.

बिहार में 8 अगस्त तक भारी बारिश के आसार, आज 6 जिलों में होगी झमाझम वर्षा

पटना, एजेंसी। पटना समेत बिहार के अलग-अलग हिस्सों में आठ अगस्त के बीच बिहार समेत छत्तीसगढ़ और झारखंड के कुछ हिस्सों में गरज-तड़क के साथ वर्षा की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान राजधानी समेत प्रदेश के 30 जिलों में मेघ गर्जन साथ छिटपुट वर्षा के आसार है। 6 जिलों के गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, भोजपुर और किशनगंज में गरज-तड़क के साथ भारी वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पांच दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। बीते 24 घंटों के दौरान भोजपुर के सहर में भारी वर्षा 76.6 मिमी दर्ज की गई। जबकि, राजधानी में 34.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। किशनगंज के चरघरिया में 36.4 मिमी, औरंगाबाद के नवीनगर में 34.4 मिमी, अररिया के जोकिहाट में 34.2 मिमी, भोजपुर के जगदीशपुर में 32.2 मिमी, आरा में 31.2 मिमी, फतुहा में 28.2 मिमी एवं दरभंगा के दलसिंहसराय में 24.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सोमवार को पटना का अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, 37.5 डिग्री सेल्सियस के साथ मधुबनी में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। सोमवार को पटना व आसपास इलाकों में बादलों की आवाजाही बने होने के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी से मौसम सामान्य होने से लोगों को उमस से राहत मिली है। पटना, गया, औरंगाबाद, रोहतास, भभुआ, बक्सर, पूर्वी व पश्चिम चंपारण, बेगूसराय, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई, मुंगेर, बांका, भागलपुर, कटिहार, खगड़िया, पूर्णिया, सुपौल, अररिया, सहरसा में मेघ गर्जन, वज्रपात की चेतावनी है।

मुजफ्फरपुर में सादे लिबास में छापेमारी करने पहुंची पुलिस, चोर समझ दारोगा की हो गयी पिटाई

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में सादे लिबास में छापेमारी करने गये एक दारोगा को चोर समझकर स्थानीय लोगों ने जमकर पिटाई कर दी. ग्रामीणों ने चोर समझकर न केवल दारोगा की जमकर कुटाई की बल्कि उसका पिस्टल तक छीन लिया. इस घटना से जुड़ा एक वीडियो जब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ तब जाकर पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली. पुलिस ने केस दर्ज कर सभी को कोर्ट में भेज दिया. पुलिस पर हमले का वीडियो मुजफ्फरपुर में तेजी से वायरल हो रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि साहेबगंज थाना क्षेत्र में किसी अपराधी के छुपे होने की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में उसे पकड़ने के लिए पहुंची थी, तभी अपराधी ने चोर-चोर का शोर दिया और चकमा देकर वहां से फरार हो गया. चोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और दारोगा भीड़ के हत्थे चढ़ गए. उग्र ग्रामीणों ने दारोगा की जमकर कुटाई कर दी. इतना ही नहीं उसका पिस्टल भी छीन लिया. इसी दौरान गांव के एक शख्स ने दारोगा को पहचान लिया. उसने लोगों को रोका और बताया कि जिसे वो चोर समझ कर पीट रहे हैं वो कोई चोर नहीं बल्कि पुलिस हैं. वह सब इंस्पेक्टर पुनीत कुमार हैं. युवक के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए और दारोगा को छोड़ा. पुलिस टीम पर हमले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची।

दक्षिण बिहार की धोवा, महामाइन व लोकाइन नदी उफनायी, दो जगहों पर टूटे बांध

दनियावां /फतुहा, एजेंसी। पटना जिले की कई छोटी नदियां उफान पर आ गयी हैं और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. फतुहा और दनियावां इलाके में फल्गु नदी की शाखा धोवा नदी, महात्माइन नदी, लोकाइन नदी जैसी कई छोटी नदियां उफान पर हैं. इससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है तो वहीं कई जगह बांध टूट जाने से किसानों की सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गयी. दनियावां की बांकीपुर मछरियावा पंचायत के एक प्राथमिक विद्यालय मकसूदपुर भी जलमग्न हो गया जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गयी है. हालांकि अभी अन्य सालों की अपेक्षा नदी का जलस्तर पूरी तरह नहीं बढ़ा है.

बांध टूटते ही जल संसाधन विभाग की ओर से युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया गया. विभाग के जेइ अशोक कुमार ने बताया कि सोमवार की अहले सुबह साढ़े तीन बजे धोबा नदी का नगीना और सिरपतपुर के पूर्वी तट बंध के दो जगह बांध टूटने की का सूचना मिली उसी वक्त जल संसाधन विभाग के एसी अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता अभिनव अन्नाद, सहायक अभियंता हेमंत कुमार और जेइ अशोक कुमार पहुंचे और बांध बांधने का काम शुरू कर दिया गया. युद्ध स्तर पर काम कर दोनों जगह कटे नदी के तट बंध को लगातार बीस घंटे काम कर टूटे तट बंध को बांध दिया.

तिलौथू. रिहंद जलाशय से पानी छोड़े जाने के बाद सोन नदी के जलस्तर में तेजी से हुई वृद्धि के कारण तिलौथू व सरैया गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है. इससे 100 से ज्यादा घर बाढ़ की चपेट में आ गये हैं. तिलौथू के वार्ड नंबर पांच में कई घरों को बाढ़ ने अपनी चपेट में ले लिया है. सोन का जलस्तर रविवार की रात 11 बजे से बढ़ना शुरू हुआ था. बाढ़ पीड़ित उर्मिला देवी, मंजीत कुमार, संजय सिंह ने बताया कि तिलौथू गांव में पानी प्रवेश कर गया था. वार्ड पांच में डूबे हुए घरों के लोगों ने दूसरी जगह या फिर गांव में ही अपने संबंधियों के यहां जाकर शरण ली है. पानी अब भी लोगों के घरों में जमा है.

सोन नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. तिलौथू के उत्तरपट्टी, जरहां, मीरासराय और इंद्रपुरी के सोन तटीय इलाकों में किसानों द्वारा लगायी गयी फसलें भी पूरी तरह डूब चुकी हैं. लोगों को बाढ़ की भयावहता का खतरा सता रहा है. कई जगहों पर ऐसी स्थिति बनी हुई है कि अगर थोड़ा सी और जलस्तर में वृद्धि होती है, तो तिलौथू गांव का अधिकांश हिस्सा डूब जायेगा. सरैया के भी सोन तटीय क्षेत्र में पूरा पानी भर जायेगा. तिलौथू के खंसारी, फारूखगंज इलाके भी पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं. इस संबंध में सीओ हर्ष हरि ने बताया कि अभी स्थिति सामान्य है. लोग भी सुरक्षित हैं. इसके बावजूद प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है. लोगों को अलर्ट किया गया है. मसौढ़ी. पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 98 सेंटी मीटर नीचे बह रहा है. हालांकि नदी का जलस्तर प्रति घंटे दो सेंटीमीटर बढ़ रहा था. इस बाबत पुनपुन बाढ़ नियंत्रण के कनीय अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि सोमवार कि शाम सात बजे पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान 50.60 सेंटीमीटर से 98 सेंटीमीटर नीचे यानि 49.62 सेंटीमीटर दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि नदी का जलस्तर प्रतिघंटे दो सेंटीमीटर बढ़ रहा है. हालांकि उन्होंने मंगलवार की सुबह तक नदी का जलस्तर स्थिर होने का अनुमान बताया है.

पोखर में डूबने से किशोर की मौत, पिता की मदद कर खेत से लौट रहा था अविनाश, परिजनों का रो-रोकर बुरा हालज

औरंगाबाद, एजेंसी। औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर आ रही है. चौरी गांव में पोखरा में डूबकर एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है. मृतक की पहचान चौरी निवासी मनोज विश्वकर्मा के 16 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में की गई है. घटना सोमवार की देर शाम की बताई जा रही है. बता दें कि अविनाश धान बिचड़ा कबारने खेत में अपने पिता की मदद करने के बाद वापस घर लौट रहा था.

इसी क्रम में चौरी गांव के पश्चिमी भाग में स्थित सूर्यमंदिर तालाब में हाथ-पैर धोने गया और उसका पैर फिसल गया. इसके कारण और गहरे पानी में चला गया.आसपास में किसी के नहीं रहने के कारण कोई उसकी मदद नहीं कर पाया. कुछ देर बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उसे तालाब से निकाल कर इलाज के लिए हसपुरा रेफरल अस्पताल ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया है. किशोर की मौत के बाद मृतक के परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है. ढाढ़स बढ़ाने वाले लोगों की आंखें भी दुख से भर जा रही हैं. ग्रामीणों ने बताया कि मृतक इंटर का छात्र था. पढ़ाई के साथ-साथ वह रांची में क्रिकेट का प्रशिक्षण भी ले रहा था. वह अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था.

बिहार के 98 प्रतिशत लोगों के पास क्यों नहीं सरकारी नौकरी पीके ने नीतीश-तेजस्वी के दावों की निकाली हवा

पटना, एजेंसी। पटना के बापू सभागार में प्रशांत किशोर के भाषणों का फोकस युवाओं पर रहा। प्रशांत किशोर के भाषणों का केंद्र हमेशा ही बेरोजगारी, पलायन और बेहतर शिक्षा जैसे मुद्दे रहे हैं। बापू सभागार में भी इसकी झलक दिखाई दी। प्रशांत किशोर ने बापू सभागार में भी इन्हीं मुद्दों को लोगों के सामने रखा।

प्रशांत ने बिहार के लोगों को बताया कि ऐसा क्यों है कि बिहार के युवा दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए पलायन करना पड़ा है पलायन और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं कैसे निपटा जा सकता है।

रोजगार और पलायन पर बात करते हुए प्रशांत ने कहा कि चपरासी से लेकर मुख्य सचिव तक की संख्या को भी अगर हम जोड़ दें, तब भी पिछले 75 साल में सिर्फ 23 लाख लोगों को सरकारी नौकरी मिली है। यानी कि पिछले 75 साल में गठित हुई 30 से ज्यादा सरकारों ने सिर्फ 23 लाख लोगों को ही सरकारी नौकरी दिया है।

नीतीश-तेजस्वी का नाम लिए बिना प्रशांत किशोर ने उनके दावे को हवाबाजी करार दे दिया। प्रशांत ने कहा कि बिहार में सिर्फ 1.97 प्रतिशत लोगों को ही सरकारी नौकरी मिली है। लेकिन, कुछ लोग ऐसे सपने दिखा रहे हैं कि अगर हम सत्ता में आएंगे तो एक साल में ही 10 लाख सरकारी नौकरी दे देंगे।

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के 98 प्रतिशत लोगों के पास सरकारी नौकरी नहीं है और बहुत हद तक उन्हें मिलेगी भी नहीं।

प्रशांत किशोर ने कहा कि भले ही सभी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती, लेकिन लोगों के पास रोजगार जरूर होना चाहिए। प्रशांत किशोर ने कहा कि यहां रोजगार नहीं है, क्योंकि रोजगार पैदा करने के लिए जो साधन-सुविधाएं चाहिए, वह बिहार के पास नहीं है।

प्रशांत ने कहा कि जिन युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है, यदि उन्हें खेती या खुद का बिजनेस करने के लिए सरकार की ओर से सस्ते दर पर 5 लाख 10 लाख रुपये का लोन मिल जाए, तो कुछ न कुछ बेहतर रोजी-रोजगार कर लेंगे।

रोजगार की संभावनाओं पर कहा जाता है कि बिहार के पास कोई प्राकृतिक संसाधन नहीं है। इस पर प्रशांत ने कई देशों का नाम गिनाया, जहां कोई प्राकृतिक संसाधन नहीं है, लेकिन आज वे कई बड़े देशों को भी रोजगार के मामले में पीछे छोड़ चुके हैं। प्रशांत का कहना है कि बिहार में यह काम किया जा सकता है। कमी केवल इच्छा शक्ति की है।

पप्पू यादव को आयी इंदिरा गांधी की याद, बांग्लादेश को लेकर पीएम मोदी से कर दी ये मांग

पटना, एजेंसी। पड़ोसी देश बांग्लादेश के बिगड़ते हालात पर पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने चिंता व्यक्त की है. बांग्लादेश के मुद्दे पर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट भारत के लिए नुकसान है. देश की सरकार हिम्मत के साथ हस्तक्षेप करे. उन्होंने कहा कि सरकार को सिर्फ राजनीति नहीं, दिल बड़ा कर दक्षिण एशिया के अभिभावक की तरह कूटनीतिक और सामरिक क्षमता दिखानी चाहिए. जैसा 1971 में इंदिरा गांधी जी ने पूरी दुनिया को दिखाया था.

पप्पू यादव ने कहा कि वहां की स्थिति अच्छी नहीं है. इस स्थिति के बीच इंदिरा गांधी याद आती हैं. जब हम संप्रभु संस्कृति, लोगों की सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, देश की सुरक्षा की बात करते हैं, तो हमारी नीति महत्वपूर्ण हो जाती है. जब हमारा पड़ोसी देश दुश्मन बन जाता है, तो वहां इस नीति में एक समस्या है. इस समय हमें सुधारात्मक कदम उठाने की जरूरत है. चीन सफल हो गया है, क्योंकि वह बांग्लादेश पर नजर रख रहा था. हमें सावधान रहने की जरूरत है. इससे पहले सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश संकट पर कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक की है. भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट बांग्लादेश में बिगड़े हालात के बाद बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया है. बांग्लादेश सीमा क्षेत्रों की ओर जाने वाली यात्री और माल ढुलाई दोनों रेल सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है. मंगलवार को दिल्ली के संसद भवन में सर्वदलीय बैठक हुई. बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने सरकार के साथ इस संकट से निपटने में सहमति जतायी है. विदेश मंत्री जयशंकर ने सांसदों को पूरे हालात से अवगत कराया है.

पिछले दो दिनों के अंदर बांग्लादेश के अंदर भारी विद्रोह देखने को मिला है. प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दिया और फिर मुल्क छोड़कर भारत में पनाह ले लिया है. उन्हें गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस के सेफ हाउस में ठहराया गया है. बांग्लादेश की कमान वहां की सेना के हाथों में

नौकरी के बदले जमीन घोटाला : लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव के खिलाफ ईडी ने दाखिल किया पूरक आरोप पत्र

पटना, एजेंसी। नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे तेजस्वी यादव और आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पहला सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल किया है. पूरक आरोपपत्र विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दाखिल किया गया है. जिसमें 11 आरोपियों के नाम शामिल किए गए हैं. इसमें 96 दस्तावेज भी हैं. अदालत ने आरोप पत्र और दस्तावेजों की जांच के लिए मामले को 13 अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया है. इसके बाद से लालू -तेजस्वी की टेंशन बढ़ सकती है. इस मामले में अब अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी. ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी से उपजा है. जांच एजेंसी के अनुसार यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम-मध्य जोन में ग्रुप-डी में हुई भर्तियों से जुड़ा है. आरोप है कि रेलवे में भर्ती होने वाले लोगों ने नौकरी के बदले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को उपहार स्वरूप जमीन दी थी. यह भी आरोप लगाया गया कि क्षेत्रीय रेलवे में स्थाना पन्नों की ऐसी नियुक्तियों के लिए कोई विज्ञापन या कोई सार्वजनिक नोटिस जारी नहीं किया गया था, फिर भी पटना के निवासी नियुक्त व्यक्तियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर स्थित विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे में स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया गया. जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि आरोपित ने रेलवे में नौकरी देने के लिए, एक अप्रत्यक्ष तरीका तैयार किया, जिसमें उम्मीदवारों को पहले स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया गया और बाद में उन्हें नियमित कर दिया गया. तलाशी के दौरान नियुक्त हुए उम्मीदवारों की सूचियों वाली एक हार्ड डिस्क भी बरामद की गई. सीबीआई ने 18 मई 2022 को पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों

बिहार में डेंगू को लेकर सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर, पटना में मिले 13 नये मरीज

पटना, एजेंसी। बिहार में डेंगू का डंस लगातार लोगों को बीमार कर रहा है. डेंगू का सबसे अधिक प्रकोप राजधानी पटना में देखने को मिल रहा है. पटना जिले में डेंगू के मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है. 24 घंटे के अंदर शहर में 13 नये डेंगू के मरीज मिले. इनमें एक नगर-निगम का कर्मचारी है, जो पाटलिपुत्र अंचल के आनंदपुरी का निवासी है. वहीं अन्य 12 मरीजों में सबसे अधिक कंकड़बाग में छह, बांकीपुर में चार, अजीमाबाद में एक और एक मरीज फुलवारीशरीफ का रहने वाला है. इसके साथ ही पटना में डेंगू मरीजों की संख्या 83 पहुंच गयी है. वहीं सिविल सर्जन डॉ मिथलेश्वर कुमार ने कहा कि डेंगू को लेकर सभी पीएचसी व अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारियों को अलर्ट किया गया है. राहत की बात यह है कि एक भी मरीज डेंगू वार्ड में भर्ती नहीं हैं. सभी मरीज खतरे से बाहर हैं और घर पर ही इलाज करा ठीक हो रहे हैं.

मुजफ्फरपुर जिले में डेंगू मरीजों की संख्या 18 पहुंचने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पतालों में मिलने वाले डेंगू मरीजों की जांच करायेगा. इसके लिए निजी अस्पतालों जो डेंगू के मरीजों की पुष्टि की जा रही है. उनका ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा गया है. हर दिन निजी अस्पतालों में चिकित्सक बुखारवाले मरीजों की डेंगू की जांच करा रहे हैं. जिला वेक्टरजनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने कहा कि ब्लड सैंपल लेकर लेबोरेटरी में एलाइजा की जांच के लिए भेजा जायेगा. निजी अस्पतालों में जो डेंगू की पुष्टि हो रही है, उसे स्वास्थ्य विभाग नहीं मानता. एसकेएमसीएच में डेंगू जांच के दौरान 18 मरीजों में पुष्टि हुई है. वहीं एक मरीज में डेंगू व चिकनगुनिया दोनों मिला है.

जिला वेक्टरजनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि लैब से आयी रिपोर्ट में डेंगू के मरीज मिले हैं. एसकेएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती मरीजों का ख्याल रखा जा रहा है. उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में भी जो डेंगू मरीज की पुष्टि हो रही है, उनका ब्लड सैंपल लेकर लेबोरेटरी में एलाइजा की जांच के लिए भेजा जा रहा है. मरीज मिलने के साथ ही सभी पीएचसी को अलर्ट किया गया है. जहां मरीज का घर है उसके आसपास एक सौ घर के इर्द-गिर्द फागिंग करायी जा रही है. इसके साथ ही लार्वा मारने वाली दवा का छिड़काव जहां पर जलजमाव है, वहां पर कराया जा रहा है.

संक्षिप्त समाचार

इंजीनियरिंग से प्रबंधन क्षेत्र में आनेवाले छात्र हरित क्रांति को बढ़ावा दें : चौधरी

रांची, एजेंसी। बीआइटी मेसरा में सोमवार को 'उद्गम 2024' का आयोजन हुआ. प्रबंधन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2024-25 के विद्यार्थियों का स्वागत हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता एमबीए के विभागाध्यक्ष डॉ उत्पल बाउल ने की. उन्होंने कहा कि शैक्षणिक यात्रा के दौरान प्रबंधन कार्यक्षेत्र से जुड़ने का अवसर मिलेगा. इसमें अपनी योग्यता को सिद्ध कर बेहतर मुकाम हासिल करें. मुख्य अतिथि आइओसीएल के कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार चौधरी ने उद्योग जगत में हो रहे बदलाव और इसके कारणों पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग से प्रबंधन के क्षेत्र में आनेवाले विद्यार्थियों को हरित क्रांति की दिशा में पहल करने की जरूरत है. इसके लिए कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधन की उपयोगिता औद्योगिक क्षेत्रों में कम करने के उपाय तलाशने होंगे. श्री चौधरी ने कहा कि अगले दो दशक में बैटरी की मांग बढ़ेगी. ऐसे में बैटरी के सस्ते व टिकाऊ मॉडल और उपयोगिता को बढ़ावा देने की पहल करनी होगी. साथ ही विद्यार्थियों को डाटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में अपने भविष्य तलाशने पर जोर दिया. संजीव कुमार चौधरी बीआइटी मेसरा के एमबीए बैच 1992-96 के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं.

राजधानी में हटाया गया अतिक्रमण, अपर बाजार में मची अफरा-तफरी

रांची, एजेंसी। जाम से मुक्ति के लिए सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. अभियान कचहरी से शहीद चौक, शहीद चौक से किशोरी यादव चौक तथा अलबर्ट एक्का चौक होते हुए चर्च कॉम्प्लेक्स तक चला चलाया गया. इस वृहत अभियान में काफी संख्या में ठेला-खोमचा, दुकान के बाहर लगा छज्जा, पांच दोपहिया वाहन तथा दुर्गा बाड़ी स्थित होटल के बाहर लगा काउंटर को जब्त किया गया.शहीद चौक से पुस्तक पथ तक अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अफरा-तफरी मच गयी. काफी दिनों के बाद अपर बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था. अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केसरी कर रहे थे. इसमें नगर निगम की टीम भी शामिल थी. शाम में ट्रैफिक पुलिस ने अलबर्ट एक्का चौक होते हुए चर्च कॉम्प्लेक्स तक अभियान चलाया. वहां से वापस अभियान अलबर्ट एक्का चौक तक चला. इस दौरान ठेला-खोमचा हट गये थे, लेकिन अभियान दल के आगे बढ़ते ही फिर से सामान्य स्थिति उत्पन्न हो गयी. जिस कारण मेन रोड में जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल रही है.

शिक्षिका के घर से नगदी समेत 15 लाख के जेवरात ले भागे चोर

सिंदरी, एजेंसी। सिंदरी थाना और एसडीपीओ कार्यालय से महज दो सौ मीटर दूर स्थित आवास संख्या एफ 53 रोहड़ाबांध से लगभग 15 के आभूषण की चोरी हो गयी. उक्त आवास में रह रही डी-नोबिली एफआरआइ की शिक्षिका पामेला गोयल ने कहा कि उनके घर से रविवार की देर रात अलमारी और पर्स से 50 हजार रुपए नगद व समेत सोने और हीरे के गहनों की चोरी हुई है. बताया कि चोरों ने रसोईघर का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी का ताला खोलकर 50 हजार रुपए नगदी व हीरे व सोने के आभूषण निकाल लिये. घटनाक्रम के दौरान पामेला उसी घर में सोई हुई थी. उनकी नींद अलसुबह 5 बजे खुली, तो देखा कि अलमारी का सामान बिखरा पड़ा है. उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई चोरी की वारदात को देखने के बाद सिंदरी थाना को सूचना दी और ऑनलाइन एफआइआर भी की. पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया है कि अलमारी में रखे हीरे की दो जोड़ी बालियां, पांच अंगूठी, एक कंगन, दो डायमंड पेंडेंट, एक सेट सोने की मोटी कड़ी चूड़ियां, चार जोड़ी सोने की बालियां, सोने की छह अंगुठियां, सोने के दो कंगन, तीन चेन, चार पेंडेंट तथा चांदी की दो पायल शामिल है. चोरी गये कुल सामान की कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गयी है. उन्होंने अपनी नौकरानी और उसके परिवार पर चोरी का शक जाहिर किया है. शिक्षिका के पति संजय गोयल के निधन के बाद वह घर में अकेले रहती है. सूचना पर सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली. सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि घटना संज्ञान में है. शिकायत के आधार पर छानबीन की जा रही है.

तीसरी सोमवारी पर बाबा भोले का अभिषेक,

हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

धनबाद., एजेंसी। सावन मास की तीसरी सोमवारी पर बाबा भोले के अभिषेक के लिए कोयलांचल के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. इस अवसर पर हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे. भक्तों ने बेलपत्र व अकवन के फूल से बाबा का श्रृंगार कर जलाभिषेक किया. वहीं पूजा को लेकर सभी शिवालयों के पट सुबह पांच बजे से भक्तों के लिए खोल दिये गये थे. सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी. वहीं कई भक्तों ने सोमवारी पर उपवास रखा. सुहागिनों ने अखंड सुहाग व संतान के दीर्घायु होने, कुंवारी कन्याओं ने मनवांछित वर पाने के लिए उपवास रख पूजा अर्चना की. संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

यहां बाबा के जलाभिषेक के लिए दूर-दराज से भक्तगण पहुंचे. यहां बाबा का श्रृंगार व अभिषेक किया गया. पूरे सावन माह यहां दूर दराज से भक्त पूजन करने आते हैं.

यहां सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे. बाबा का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की. बाबा का रूद्राभिषेक दूध, गंगाजल, ईख का रस, घी व मधु से किया गया. भस्म, सुगंध से बाबा का श्रृंगार किया गया. संध्या को महाआरती हुई. वहीं महिलाओं ने भजन कीर्तन किया.

यहां मंदिर कमेटी की ओर से ब्रह्म मुहूर्त में बाबा का रुद्राभिषेक किया गया. बाबा का श्रृंगार चंदन, फूल, बेलपत्र से कर उन्हें भोग लगाया गया. सुबह सात बजे से अन्य श्रद्धालुओं ने यहां बाबा का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की. शाम को आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. शिव मंदिर विकास नगर ⁼ यहां बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर बाबा का अभिषेक किया. शाम को महिला मंडली ने भजन कीर्तन किया. पूरे सावन मास यहां दूर दराज से भक्तगण पूजा करने आते हैं.

यहां भक्तों ने भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर उनकी पूजा अर्चना की. बेलपत्र, फूल, अक्षत रोली चढ़ाकर सुख समृद्धि की प्रार्थना की. यह कोयलांचल के पुराने शिवालयों में एक है. इसके अलावा श्री श्री 1008 कल्याणेश्वर मंदिर शिव सीएमपीएफ, पोलिटेक्निक रोड शिव मंदिर, शिव शक्ति मंदिर माडा कॉलोनी, मानस मंदिर, पंच मंदिर को-ऑपरेटिव कॉलोनी में भी बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गयी.

इधर सोमवारी पर कांवरियों का जत्था विभिन्न शिवालयों में पहुंचा और भोलेनाथ की आराधना कर कांवर यात्रा पर सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए. दिन भर शिवालयों में भक्तों व कांवरियों का आवागमन होता रहा.

बिहार के बाद झारखंड में भी दम लगाएगी मांझी की हम

रांची, एजेंसी। बिहार में जड़े जमाने के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की नजर झारखंड पर भी है। वे आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारकर अपना दम दिखाएंगे। रविवार को होटल बीएनआर चाणक्या में हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय हुआ।

बैठक में बिहार, झारखंड समेत केरल, दमन दीव, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना, असम सहित कई प्रदेशों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का जुटान हुआ। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा की।इस मौके पर केरल की लेबर पार्टी का हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा में विलय किया गया। लेबर पार्टी के अध्यक्ष वीके विक्रमन एवं उपाध्यक्ष के पवित्रन ने विलय का प्रस्ताव दिया था। मांझी ने कहा कि पार्टी देश भर में गरीब, वंचित और आम लोगों के हक की लड़ाई लड़ेगी और उनके मुद्दे उठाएगी।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि जल्द झारखंड की पार्टी इकाई का विस्तार होगा। बैठक में एनडीए की मजबूती पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मजबूत जनाधार वाले क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी पर बातचीत की गई है। तय किया गया है कि अगले विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा गरीबों और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

मंईयां सम्मान योजना से वोटरों को प्रलोभन दे रही सरकार : सीता

धनबाद., एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी की वरीय नेत्री सह पूर्व विधायक सीता सोरेन ने कहा है कि हेमंत सरकार मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के जरिये वोटरों को प्रलोभन देने की कोशिश कर रही है. विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इस तरह की योजना लाना सरकार की मंशा दर्शाती है. सोमवार को धनबाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्रीमती सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना ला कर सरकार वोटरों को ठगने की कोशिश कर रही है. आज के दिन कोई मतदाता बेवकूफ नहीं हैं. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपया देने की बात है. दो दिन में ही योजना पूरे राज्य में फेल हो गयी है. सर्वर डाउन रह रहा है. पूरे दिन महिलाएं परेशान रह रही हैं. कहा कि इस योजना को लेकर बिचौलिये भी सक्रिय हो गये हैं. इन सब पर सरकार का लगाम नहीं है. उन्होंने हेमंत सरकार पर संताल में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया. कहा कि वोट की राजनीति में सरकार इसको बढ़ावा दे रही है. इसका खामियाजा आदिवासी मतदाताओं को हो रहा है. आज झारखंड में आदिवासियों की संख्या घटती चली जा रही है यह एक गंभीर चिंता का विषय है.

इससे पहले धनबाद पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के द्वारा भव्य स्वागत किया गया. भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, वीरेंद्र हांसदा, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका एवं उनकी पुत्री राजश्री सोरेन का स्वागत किया. यहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की. राजकुमार मंडल, नित्यानंद मंडल, रितेश बहादुर सिंह, मनोज रिंकू, स्वरूप भाटाचार्य,डी के सिंह,संजीत सिंह, रंजीत शर्मा,अमरजीत कुमार, बबलू संदीप सिंह सहित कई नेता मौजूद थे.

रांची विवि में सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के नाम पर पास को फेल करने का खेल, हाईकोर्ट के आदेश पर कुलपति ने लिया एक्शन

रांची, एजेंसी। रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के नाम पर पास को फेल करने का मामला हाइकोर्ट के आदेश के बाद उजागर हुआ है. कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा को जब इस मामले की जानकारी हुई, तो उन्होंने संबंधित कर्मचारी बीके देवधरिया व निलंबित परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया है. उनसे पूछा गया है कि कैसे आपने उत्तीर्ण (पास) विद्यार्थी के फेल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर कर दिया.

वहीं वीसी डॉ सिन्हा ने उक्त विद्यार्थी का उत्तीर्ण सर्टिफिकेट तैयार कर नियोक्ता के पास भेजा जहां उसकी नियुक्ति हुई. रांची विश्वविद्यालय से वर्ष 1997 में बीए ऑनर्स उत्तीर्ण विद्यार्थी संजीव कुमार दुबे की नौकरी लगी. नियोक्ता ने परीक्षा विभाग को इस माह उनका सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए भेजा. संबंधित कर्मचारी बीके देवधरिया ने उत्तीर्ण विद्यार्थी का दो सर्टिफिकेट तैयार किया. एक में उसे उत्तीर्ण व एक में अनुत्तीर्ण दिखाया. कर्मचारी ने संजीव के नियोक्ता के पास अनुत्तीर्णवाली रिपोर्ट भेज दी.

इसकी जानकारी जब चयनित विद्यार्थी संजीव को हुई, तो वह परीक्षा विभाग में रिपोर्ट सही कराने के लिए दौड़ने लगा. संजीव के अनुसार, उत्तीर्ण रिपोर्ट भेजने के एवज में उक्त कर्मचारी ने मोटी रकम मांगी. इसके बाद भी वह कई बार परीक्षा विभाग गया. लेकिन उसे निराशा हाथ लगी. उत्तीण सर्टिफिकेट नहीं मिलने पर वह न्याय की आस में हाईकोर्ट जा पहुंचा. झारखंड हाईकोर्ट में पूरे मामले की सुनवाई हुई. इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने कुलपति को संजीव के पक्ष में फैसला सुनाते हुए निर्देश दिया. इसके बाद कुलपति को जब पूरे मामले की जानकारी हुई, तो उन्होंने उक्त कर्मचारी बीके देवधरिया को बुलाया जिनका कुछ माह पहले ही पीजी विभाग में स्थानांतरण हो गया था. उक्त कर्मचारी से जब कुलपति ने पूछताछ कि तो उसने संजीव की उत्तीर्णवाली रिपोर्ट कुलपति को दिखाते हुए कहा कि यही रिपोर्ट भेजी गयी है.

जब कुलपति ने उससे टेबुलेशन रजिस्टर (टीआर) मांगा, तो पता चला कि उक्त कर्मचारी टीआर को अलमीरा में बंद कर रखा था. कुलपति ने जांच की, तो पाया कि विद्यार्थी 1996 में प्रोमोटेड हो गया था, पुन⁼ 1997 में परीक्षा देकर उत्तीर्ण हुआ. लेकिन उक्त कर्मचारी की ओर से दो रिपोर्ट तैयार की गयी थी. वह नियोक्ता को प्रोमोटेड की जगह फेल का सर्टिफिकेट भेज देता था. समझा जाता है कि नोटिस के बाद विवि प्रशासन द्वारा प्रथम चरण में उक्त कर्मचारी के खिलाफ निलंबन तक की कार्रवाई की जा सकती है.

बिहार के बाद अब झारखंड में ढह रहे पुल, गुणवत्ता पर उठे सवाल; एक्शन में आए मंत्री

रांची, एजेंसी। बिहार में हाल के दिनों में लगातार ढ़ह रहे पुल-पुलिया ने सबका ध्यान खींचा था। वहां यह सिलसिला थमा तो झारखंड में भारी बारिश में नदियों पर बने पुल जवाब देने लगे हैं। शनिवार को राज्य में दो पुल पानी का प्रेशर नहीं झेल पाए। कुछ वर्ष पहले ही बने इन पुलों के ढ़हने से उनके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इसे लेकर हड़कंप भी मचा है।

पुल ढ़हने के बाद उसके टेंडर प्रक्रिया से लेकर कार्य आवंटन तक के दस्तावेज खंगाले जा रहे है। विभागीय अधिकारियों पर दबाव बढ़ा है तो कार्य आवंटन में घालमेल की कलई भी खुलने लगी है। गोमिया प्रखंड के ग्राम डुमरी बिहार के ग्राम दवार और ढ़ेढ़े ग्राम के बीच बोकारो नदी पर पुल के निर्माण से संबंधित दस्तावेज में यह पाया गया है कि इसका निर्माण निर्धारित राशि से दो प्रतिशत ज्यादा दर पर हुआ है।

इस पर कुल लागत लगभग 3.46 करोड़ रुपये आई है, जबकि एकरारनामा की राशि 3.39 करोड़ रुपये थी। यह तथ्य सामने आने के बाद आशंका प्रकट की जा रही है कि बड़े पैमाने पर निर्माण में घालमेल हुआ। पुलों के गिरने की जांच के लिए गठित टीम की रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई तय होगी। गड़बड़ी की पुष्टि होने पर संबंधित एजेंसी के साथ-साथ अधिकारियों पर भी कार्रवाई तय है।

ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने पुलों के ढ़हने को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को तलब किया है। उन्होंने ताजा हादसे के साथ-साथ उन पुलों की भी सूची मांगी है, जो पूर्व में ढ़ह चुके हैं। इन पुलों के ढ़हने की वजह की जांच के लिए टीम भी गठित की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सावन के गीतों पर खूब थिरके रोटेरियन

बोकारो, एजेंसी। सावन को लेकर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से शनिवार की देर शाम आई बरखा बहार' नामक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर चार स्थित रोटरी बोकारो के पॉल हैरिस सभागार में किया गया. क्लब के सदस्यों ने सावन आधारित गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी. शुरुआत महिला कमेटी की अध्यक्षा अलका गुप्ता के नेतृत्व में कुंजला नारायण, बिन्नी, सीमा गिरि, संध्या, रेवा, रानी रस्तोगी, उर्मिला जैन व अंजू अग्रवाल ने मिलकर कजरी से की, जिस पर उपस्थित रोटेरियन झूम उठे. रोटरी महिला कमेटी की अध्यक्षा अलका गुप्ता व रोटरी क्लब बोकारो के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने 'पान खाए सैंया हमार..'.गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया. पूर्व अध्यक्षा चंद्रिमा रे ने भारतीय शास्त्रीय संगीत पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया. भवानी शंकर जायसवाल व शीला जायसवाल, घनश्याम दास व नीलम और चंद्रिमा रे व प्रदीप रे की उमंग और उत्साह से भरे युगल नृत्य पर हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. अलका, खोनेन व बिन्नी का नृत्य प्रदर्शन सर्वोत्कृष्ट रहा.

युवा पीढ़ी के रोटेरियन सदस्यों ने नयी ऊर्जा से भरपूर नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया. इसमें श्रीमोई, सोनम कौर, भावना गुप्ता, अनीश का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा. हरदीप ने परिवार के साथ मिलकर भांगड़ा प्रस्तुत किया. मन्नू श्रीवास्तव ने अपने विशिष्ट अंदाज में मनभावन स्किट पेश किया, जिससे हंसी व आनंद का वातावरण बन गया. संचालन संध्या व सुनीता जैन ने किया. रोटरी क्लब चास व रोटरी क्लब ऑफ मिडटाउन कपल्स के पदाधिकारी-सदस्य उपस्थित थे. पुष्पा केजरीवाल, अंजना लोधा, शाइनी जकारिया, कुंजला नारायण व स्वाति प्रधान की प्रस्तुति अद्वितीय रही. मुख्य अतिथि ओएनजीसी के सीजीएम बलबीर सिंह व उनकी पत्नी बिंदु सिंह और ओएनजीसी के जीएम दिलीप कुमार ने कहा ⁼ बोकारो जैसे शहर में इतने अच्छे कार्यक्रम भी होते हैं, इसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी. रोटरी बोकारो के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया.

पारा शिक्षकों को नहीं मिलेगा ईपीएफ का लाभ, मानदेय वृद्धि की मांग पर भी हाथ लगी निराशा

रांची, एजेंसी। झारखंड सरकार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम और विभागीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में पारा शिक्षकों को निराशा ही हाथ लगी।

सोमवार को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में मंत्री और अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार पारा शिक्षकों को वेतनमान नहीं सकती। ईपीएफ का लाभ देने की मांग पर भी उन्होंने कहा कि राज्य में छह लाख अनुबंध कर्मी कार्यरत हैं। पारा शिक्षकों को यह लाभ देने पर सभी को देना होगा जो संभव नहीं है। वेतनमान की मांग पर मोर्चा के नेताओं ने कहा कि सरकार वेतनमान नहीं दे सकती, तो कम से कम वेतनमान के समतुल्य मानदेय दे। इसपर मंत्री मानदेय में 1500 रुपये तक की वृद्धि पर सहमत हुए। हालांकि, पारा शिक्षक दस हजार रुपये की वृद्धि की मांग कर रहे थे। अंत में तय हुआ कि मंत्री इसपर विभागीय अधिकारियों से बात कर 12 अगस्त को मोर्चा के साथ फिर बैठक करेंगे।

शहरी क्षेत्रों में कार्यरत पारा शिक्षकों को चार प्रतिशत मानदेय वृद्धि नहीं होने पर बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इसका समाधान निकालकर कैबिनेट को प्रस्ताव भेजा गया है। अगली कैबिनेट में इसपर निर्णय कर लिया जाएगा। बैठक के दौरान मंत्री ने आकलन परीक्षा के त्रुटिपूर्ण उत्तर सेप्रभावित लगभग पांच हजार पारा शिक्षकों को उतना अंक देकर निष्पादन करने का आदेश जैक सचिव को दिया। बैठक में सचिव उमाशंकर सिंह, विधायक सुदिव्य कुमार सोनु, नमन नक्सल कोंगाड़ी भी उपस्थित थे। वहीं, मोर्चा की ओर से बिनोद बिहारी महतो, संजय कुमार दुबे, विनोद तिवारी, ऋषिकेश पाठक, सिद्दीक शेख, प्रद्युम्न कुमार सिंह, विकास कुमार चौधरी, सुमन सिंह आदि उपस्थित थे।

मोर्चा के नेताओं ने बैठक को निराशाजनक बताते हुए कहा कि 11 अगस्त को मोर्चा की राज्य स्तरीय बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति पर विचार लिया जाएगा। पारा शिक्षकों ने नियमावली के उस प्रविधान का विरोध किया जिसके तहत पारा शिक्षकों को नियुक्त प्राधिकार से प्रतिवर्ष सेवा संपुष्टि कराने पर ही मानदेय वृद्धि का प्रविधान किया गया है। पारा शिक्षकों ने कहा कि इससे वसूली और परेशान करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसपर मंत्री ने नियमावली में संशोधन कर इस शर्त को खत्म करने के निर्देश विभागीय सचिव को दिए।

जमीन माफिया कमलेश के सहयोगियों को ईडी ने भेजा समन, आमने-सामने बिठाकर की जाएगी पूछताछ

रांची, एजेंसी। जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी पिछले छह दिनों से जमीन माफिया कमलेश कुमार से रिमांड पर पूछताछ कर रही है।ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में उसे रविवार को प्रस्तुत किया था और आग्रह कर और पांच दिनों की रिमांड बढ़वाई है। ईडी ने कोर्ट में जानकारी दी है कि कमलेश से पूछताछ में कई नए तथ्य आए हैं, जिसका सत्यापन चल रहा है।

जमीन के धंधे में कमलेश के कई सहयोगियों को भी समन किया गया है। उनसे कमलेश के सामने बैठाकर इसी हफ्ते पूछताछ की जानी है। ईडी किससे-किससे पूछताछ करने वाली है, उनका नाम अभी कोर्ट को नहीं दी है। केवल इतना ही बताया है कि कुछ लोगों को समन किया गया है, जिनसे पूछताछ होनी है। अब तक कांके क्षेत्र के कई ग्रामीणों से ईडी पूछताछ कर चुकी है। ईडी कमलेश के सामने कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम को भी बैठाकर पूछताछ करने वाली है।दोनों से 21 जून की ईडी की छापेमारी के दिन एनआइसी से म्यूटेशन का डेटा मिटाने के मामले में पूछताछ होनी है। उनसे यह भी पूछा जाना है कि आदिवासी, भुईहरी, गैर मजरूआ जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाने में किसका-किसका साथ मिला और इसके एवज में कितने रुपयों का वारा-न्यारा हुआ।कांके रिसार्ट के मालिक ब्रजेश कुमार सिंह उर्फ बीके सिंह से भी ईडी पूछताछ करने वाली है। बीके सिंह के विरुद्ध कांके अंचल क्षेत्र के कई ग्रामीणों ने भी ईडी में शिकायत की थी।आरोप है कि कमलेश व बीके सिंह ने मिलकर कांके अंचल क्षेत्र में कई एकड़ जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया, चारदीवारी करवा दी और विरोध करने पर ग्रामीणों को धमकाया।



संपादकीय

एक और जंग की आहट

पश्चिम एशिया में एक बड़े युद्ध का तनाव इतना बढ़ गया है कि उसकी आंच भारत तक पहुंचने लगी है। यह गौर करने की बात है कि इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते एअर इंडिया ने शुक्रवार को इजरायल के तेल अवीव से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को 8 अगस्त तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। क्या भारत सरकार को कोई खुफिया सूचना मिली है? क्या ईरान या इजरायल से चेतावनी आई है? एक हद तक इन दोनों ही देशों से भारत के ठीकठाक कामकाजी संबंध हैं, अत- भारत के पास अगर युद्ध की पूर्व सूचना आई हो, तो आश्चर्य नहीं। अगर युद्ध की आशंका न हो, तो एअर इंडिया के ताजा कदम को कैसे समझा जाए? ध्यान देने की बात है, फलस्तीन के नाम पर संघर्ष कर रहे आतंकी संगठन हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनियेह की 31 जुलाई को ईरान में हत्या कर दी गई थी, जिसका आरोप सीधे इजरायल पर लगाया गया था। यह बात भी गौर करने की है कि ईरान ने हनियेह के खून का बदला लेने की कसम खाई है। ईरान की नाराजगी को इस बात से समझा जा सकता है कि ईरान में इजरायल की यह कोई पहली हिंसक कार्रवाई नहीं है। वास्तव में, इजरायल ने अपने लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए अभियान छेड़ रखा है। गुरुवार 1 अगस्त को ही इजरायली रक्षा बलों ने हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दैफ की मौत की पुष्टि की है, जिसे इजरायल 7 अक्तूबर के हमले का मास्टरमाइंड मानता है। आशंका है कि गाजा में ताजा जंग को हमास के इस सैन्य प्रमुख ने ही अंजाम दिया था। खबर आई है कि उसे गाजा में ही 13 जुलाई को मार दिया गया था। लगातार बदले से केवल ईरान ही नहीं, अन्य इस्लामी देशों में भी आक्रोश का आलम है। अरब देशों के अलावा चीन और पाकिस्तान ने भी प्रमुखता से इजरायल की निंदा की है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई जिस तरह से आक्रामक बयान दे रहे हैं, उससे भी युद्ध की आशंका को बल मिल रहा है। उन्होंने साफ कर दिया है कि हत्या का बदला लेना हमारा कर्तव्य है। इस वक्त न ईरान को कोई समझा पा रहा है और न इजरायल किसी की सुन रहा है। यह भी माना जा रहा है कि ईरान कोई बड़ा हमला न करे, पर अपनी साख को बचाने के लिए सांकेतिक व सीमित हमले की कार्रवाई कर सकता है। अब यह कोई नहीं जानता कि ईरान कहां पहले वार करेगा। हालांकि, इजरायल भी तैयार है।

कुल्लू से केरल तक मौसम की मार

भारत का मौसम की मार से प्रभावित और चिंतित होना स्वाभाविक है। उत्तर भारत में कुल्लू से लेकर दक्षिण के केरल तक कई जगह त्रासद मंजर सामने आए हैं। विशेष रूप से उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में बुधवार को जिस तरह से मूसलाधार बारिश हुई है, उससे चिंता का बढ़ना स्वाभाविक है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 24 घंटे में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इतने ही समय में देश के सात राज्यों में 32 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए हैं। जिस तरह हिमाचल में पचास से ज्यादा लोग लापता हैं, दस से ज्यादा की मौत हो गई है, उससे भी त्रासद स्थिति केरल के वायनाड में बनी हुई है। बारिश और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या वहां 300 का आंकड़ा छूने वाली है। अभी भी 100 से ज्यादा लोग वहां लापता हैं। क्या इन मौतों से बचा जा सकता था? यह बहस का विषय है और कोई भी इस त्रासदी या किसी तरह की लापरवाही की जिम्मेदारी नहीं लेगा। केंद्र सरकार और केरल सरकार के बीच जो दुखद आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं, उनसे आगे बढ़ने की जरूरत है। यह समय सतर्कता और सुधार का है। दरअसल, भारत में मौसम को समग्रता में समझने और उसके अनुकूल व्यवहार करने की जरूरत है। कभी खूब गर्मी, सूखा, तो कभी खूब बारिश, क्या ऐसे विरोधाभास को सहज ही स्वीकार करना चाहिए? मौसम की विचित्रता बढ़ती चली जा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि रात के तापमान के मामले में भारत में सबसे गर्म जुलाई माह का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। औसत तापमान के मामले में बीती जुलाई 1901 के बाद दूसरी सबसे गर्म जुलाई रही है, जबकि देश के कुछ हिस्सों में असामान्य वर्षा हुई है। जुलाई के आंकड़ों पर अगर हम गौर करें, तो बिहार, झारखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में जुलाई महीने में 20 से 59 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज हुई है। पूर्वोत्तर में भी सिक्किम और मेघालय को छोड़ दीजिए, तो बाकी जगह कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में कमोबेश सामान्य बारिश रही है। जुलाई के महीने में केवल गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक ही हैं, जहां खूब वर्षा हुई है। बिहार और झारखंड के अनेक इलाकों में खेतों के सूखने की खबर है।

आरक्षण में भी आरक्षण के निहितार्थ

(विराग गुप्ता, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

गठबंधन सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के दो फैसलों से राज्यों के सांविधानिक अधिकारों को नई मजबूती मिली है। पहले फैसले से माइनिंग में रॉयल्टी के माध्यम से राज्यों को टैक्स वसूली का अधिकार मिला है, जबकि दूसरे फैसले से आरक्षण मामले में राज्यों को जातियों के वर्गीकरण का अधिकार मिल गया है। सांविधानिक प्रावधान और सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों के साथ नए फैसले का विश्लेषण करने पर सरकार को कई चुनौतियों से जूझना पड़ सकता है। सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के नाम पर दिए जा रहे आरक्षण की बुनियाद उस जाति पर टिकी है, जिस पर संसद में बहस और तीखी हो सकती है। इंदिरा साहनी फैसले में तय आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को रद्द करने के लिए संविधान संशोधन की मांग से भी सरकार पर दबाव बढ़ सकता है। अब कोटे में कोटा मतलब आरक्षण में आरक्षण के लिए सांविधानिक रास्ता खुल गया है। अनुच्छेद-341 में अनुसूचित जाति और 342 में अनुसूचित जनजाति को अधिसूचित करने के बारे में संसद और राष्ट्रपति को स्पष्ट अधिकार दिए गए हैं। तीन दशक पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जातियों के भीतर समूहों के वर्गीकरण के लिए कानून बनाया गया था, जिसे साल 2006 में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण का फायदा कुछ ही जातियों को मिला है, इस तर्क के मुताबिक, साल 2006 में पंजाब ने अनुसूचित जातियों के लिए निर्धारित कोटे के भीतर वाल्मीकि और मजहबी सिखों को 50 फीसदी कोटा और पहली वरीयता दी थी। उसके बाद तमिलनाडु, हरियाणा और बिहार जैसे कई राज्यों ने ऐसे कानून बनाए। संविधान पीठ के अनुसार, आरक्षण का मुख्य मकसद आर्थिक और सामाजिक समानता लाना है, पर इसके लिए शहर और गांव की सामाजिक हकीकत में अंतर के साथ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है। एससी समुदाय के बड़े अफसरों और बड़े वकीलों के बच्चों की तुलना गांव में मैला ढोने वाले बच्चों से करना गलत है। इसलिए पीछे रह गई जातियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ओबीसी की तर्ज पर एससी में भी कोटे के भीतर कोटे को जजों ने सांविधानिक माना है। आज के समय में इस फैसले की जरूरत को समझा जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 140 करोड़ जनसंख्या की सामाजिक स्थिति और आर्थिक हैसियत के आंकड़े स्पष्ट तौर पर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में जनसंख्या के आधार पर आनुपातिक आरक्षण की मांग बढ़ने से सामाजिक और सियासी विद्वेष बढ़ सकता है। क्या इस फैसले से राज्यों में मनमानी बढ़ सकती है? ध्यान रहे, न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी ने बाकी छह न्यायमूर्तियों के बहुमत के फैसले से अलग फैसला देते हुए ईवी चिन्नैया मामले में साल 2004 के फैसले को सही ठहराया है। अनुच्छेद-142 की असाधारण शक्तियों के इस्तेमाल से सुप्रीम कोर्ट कानून की व्याख्या कर संपूर्ण न्याय दे सकता है, पर इससे एक नई इमारत नहीं बनाई जा सकती। अनुच्छेद-341 के अनुसार, केवल संसद को ही आरक्षण के दायरे में किसी जाति को शामिल करने या बाहर करने का अधिकार है। न्यायमूर्ति गवई ने बहुमत के फैसले में यह लिखा है कि चिन्नैया मामले में यह गलत समझ थी कि अनुच्छेद-341 और 342 आरक्षण का आधार है। न्यायमूर्तियों ने जिस दृढ़ता के साथ कोटे में कोटा सिद्धांत के पक्ष में तर्क दिए हैं, उतनी ही साफगोई के साथ यदि क्रीमीलेयर के बारे में राज्यों और केंद्र सरकार को आदेश जारी किए जाते, तो आरक्षण से जुड़ी अधिकांश गलतफहमियों और विवादों का अंत हो सकता था। अब नौजवानों से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे कोचिंग, अग्निवीर, नीट, इंटर्नशिप, नकल और नौकरी पर बहस के बीच इस फैसले से क्रीमीलेयर का मुद्दा फिर गरमा सकता है। अब आरक्षण का कई पहलुओं से मूल्यांकन जरूरी हो गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, महिला, ईडब्ल्यूएस जैसे सभी वर्गों के आरक्षण को जोड़ा जाए, तो 99 फीसदी आबादी आरक्षण के दायरे में आ जाती है। ओबीसी में क्रीमीलेयर को कानूनी और न्यायिक मान्यता मिली है, पर एससी/एसटी वर्ग में इसे लागू करने पर कई दशकों से विवाद चल रहा है। इस फैसले में शामिल चार जजों ने एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर फॉर्मूले को लागू करने की बात कही है। इसके अनुसार, सक्षम और अमीर लोगों को आरक्षण के दायरे से बाहर करने के लिए राज्यों को नीति बनानी चाहिए। क्रीमीलेयर को लागू किए बगैर राज्य सरकारें जातियों का वर्गीकरण शुरू कर दें, तो यह अदालत के फैसले की अवहेलना होगी। आरक्षण से जुड़े मामलों पर संविधान में अनेक संशोधन हुए हैं। आरक्षण के मसले पर संसद के अनुसार राष्ट्रपति को आदेश जारी करने का अधिकार है, इसलिए संविधान पीठ के ताजा फैसले के बाद एससी/एसटी वर्ग में क्रीमीलेयर फॉर्मूले को लागू करने के लिए केंद्र सरकार को नियम और कानून बनाने की जरूरत पड़ेगी। तय मानिए, इस फैसले के बाद जातिगत जनगणना का आधार मजबूत होगा। साल 2006 में सुप्रीम कोर्ट ने नागराज फैसले में सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन, सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व और प्रशासनिक कार्यकुशलता के तीन पैमानों की बात कही थी। पदोन्नति में आरक्षण पर पिछले कई दशक से मुकदमेबाजी चल रही है। जब शैक्षणिक और सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर दिए जा रहे आरक्षण की जमीनी हकीकत जाति पर टिकी है, तब देशव्यापी जातिगत जनगणना से कैसे बचा जा सकता है? बिहार सरकार ने साल 2007 में महा-दलित आयोग बनाया था। उसके बाद कनार्टक और फिर बिहार में राज्य सरकारों ने जातिगत गणना कराई। संविधान के अनुसार, जनगणना का विषय केंद्र सरकार के अधीन है, पर हर 10 साल में होने वाली जनगणना का मामला कोरोना के बाद से अटका हुआ है। अदालत के ताजा फैसले से राज्यों को जो अधिकार मिले हैं, उसकी आड़ में राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरू हो सकती है। एक आशंका है, कोटे में कोटा लागू करने के लिए राज्यों को जो अधिकार दिए गए हैं, उनका दुरुपयोग होने पर अन्याय व असमानता बढ़ सकती है। चार राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर देखें, तो इस फैसले के बाद आरक्षण की राजनीति के साथ अदालतों में मुकदमेबाजी भी बढ़ेगी, जिसका समाधान करना होगा।

> *अनुच्छेद-19 के तहत नागरिकों को पूरे देश में व्यवसाय और रोजगार का अधिकार है, इसलिए आरक्षण के माध्यम से न्याय और समानता स्थापित करने के लिए जातियों के व्यापक वर्गीकरण की राष्ट्रीय नीति को न्यायिक मान्यता देनी पड़ेगी।*

नया नहीं है बांग्लादेश में तख्तापलट का खेल

करिश्मा शाह

एक छात्र नेता के रूप में बांग्लादेश की राजनीति में कदम रखने वाली बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना आज स्वयं छात्र राजनीति और आंदोलन का शिकार हो गई हैं। बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर शुरू हुए विवाद ने लाखों छात्रों और अवाम को सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया था। यह विवाद असल में देश के स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार को सरकारी नौकरियों में दिए जाने वाले 30 प्रतिशत आरक्षण की कोटा प्रणाली को लेकर था। विवाद बढ़ता गया और देश में उग्र रूप अख़्तियार कर लिया। नतीजा यह हुआ कि शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने पर विवश होना पड़ा और बांग्लादेश को एक बार फिर से सैन्य तख्तापलट के लिए तैयार होना पड़ा। हालाँकि, बांग्लादेश में सैन्य तख्तापलट हो जाना कोई पहली राजनीतिक उथल-पुथल नहीं है बल्कि इसका एक लंबा जटिल इतिहास रहा है। गौरतलब है कि देश की राजनीतिक दिशा को प्रभावित करने के लिए बांग्लादेश में कई बार सैन्य हस्तक्षेप हुए हैं। 1971 में बांग्लादेश की स्थापना के बाद 1975 वह साल था जब देश ने तीन तख्तापलट देखे। पहला सैन्य तख्तापलट 15 अगस्त 1975 को तब हुआ था, जब बांग्लादेश के संस्थापक और पहले राष्ट्रपति, 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर्रहमान, और उनके परिवार के अधिकांश सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इन्हीं की बेटी शेख हसीना हैं। बांग्लादेश में इस पहले तख्तापलट को कुछ सेना अधिकारियों द्वारा अंजाम दिया गया था। इस घटना के बाद खंदकर मुश्ताक अहमद ने राष्ट्रपति पद संभाला। इसी साल 3 नवंबर में दूसरा तख्तापलट हुआ, जिसमें खंदकर मुश्ताक अहमद को पद से हटा दिया गया और ब्रिगेडियर जनरल खालिद मोशर्रफ ने सत्ता संभाली। इसी नवंबर की सात तारीख को ही जनरल जियाउर रहमान ने एक और तख्तापलट किया और खुद को सत्ता में स्थापित किया। 1977 में इन्होंने बांग्लादेश के राष्ट्रपति पद को संभाला और सत्ता पर अपनी पकड़ को मजबूत किया। लेकिन, तख्तापलट से सत्ता में काबिज होने वाले जियाउर रहमान खुद इसका शिकार तब हुए जब 30 मई 1981 को चिटगांव में एक असफल तख्तापलट के दौरान उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके एक साल बाद ही सेना प्रमुख जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने राष्ट्रपति अब्दुस सत्तार को अपदस्थ किया और खुद को प्रमुख मार्शल लॉ प्रशासक घोषित किया। इरशाद ने 1983 में राष्ट्रपति पद संभाला और 1990 तक सत्ता में रहे, जब जन आंदोलन के बाद उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा। इस जनांदोलन में भी अहम भूमिका छात्रों की ही थी, जो इस बात का द्योतक है कि युवावर्ग जब असंतुष्ट होता है तो देश में बड़े से बड़ा राजनीतिक भूचाल ला सकता है। इस जनांदोलन के परिणामस्वरूप बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली हुई। इसके बाद 1991 में देश में पहले लोकतांत्रिक चुनाव हुए जिसमें कुल 73 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) की सरकार बनी और खालिदा जिया ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद 1996 में बांग्लादेश में स्वतंत्र चुनाव हुए तो 'अवामी लीग' जीती और इसी पार्टी से जुड़ी शेख हसीना ने प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार बांग्लादेश की सत्ता को संभाला। हालांकि, 2001 में हुए चुनावों में शेख हसीना को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन, साल 2009 में वह फिर से सत्ता में आईं और तब से लेकर वर्तमान तख्तापलट तक लगातार उनकी ही सरकार बांग्लादेश में रही। बांग्लादेश में हुए इन तख्तापलटों से यह बात स्पष्ट है कि इसने बांग्लादेश में कई तरह के राजनीतिक बदलावों को जन्म दिया। इसमें सबसे अहम देश में लोकतंत्र के दौर का शुरू होना है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5454

	4					5	6	
	3	9			8		7	
7			2	5				
3	1				6	7		
		5		7		1		
		6	4				8	9
				9	7			2
	2		8			6	5	
	8	1					9	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5453

3	9	2	8	5	1	6	7	4
6	8	7	4	2	3	1	9	5
4	5	1	9	7	6	2	8	3
5	6	9	2	3	4	8	1	7
2	3	8	7	1	5	4	6	9
1	7	4	6	9	8	5	3	2
9	1	6	3	4	2	7	5	8
8	2	3	5	6	7	9	4	1
7	4	5	1	8	9	3	2	6

आज का राशिफल

मेष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्द्ध में आपको लाभ होगा और उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन होंगे।

वृष
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको किसी मामले में लाभ होने से आपके सुख में वृद्धि होगी। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आपके धन में वृद्धि होगी। शाम तक कारोबार में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

मिथुन
आज दिन हर काम में सापधानी रखने का है। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात का समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

तुला
आज लाभ होगा और करियर में दिन सफलता से भरा होगा। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको भरपूर सफलता प्राप्त होगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी और नई योजनाओं पर काम करेंगे तो आपको लाभ होगा।

वृश्चिक
आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। धर्म आध्यात्म के मामले में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपका मन पढ़ाई-लिखाई में लगेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा और आपको लाभ होगा।

धनु
आज करियर के मामले में आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और लोग आपका हर प्रकार से सहयोग करेंगे। रात में विवाह में जाने का अवसर आपको मिल सकता है।

कर्क
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। साझेदारी में में किए व्यापार में लाभ होगा और आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी। घरेलू काम को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। आपको किसी ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

सिंह
आज करियर के मामले में सफलता देने वाला रहेगा। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपको धन लाभ होगा और सम्मान में वृद्धि होगी। आपका भाग्य साथ देगा और योजनाएं सफल होंगी।

कन्या
आज करियर में लाभ होगा और दिन सम्मान से भरा होगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं और आपके किसी नए प्रॉजेक्ट पर काम आरंभ हो सकता है।ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

मकर
आज लाभ और सम्मान प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आपको धन के मामले में लाभ होगा। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा।

कुंभ
आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। आपको दूसरों की मदद करनी पड़ेगी। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून और शांति मिलेगी।

मीन
आज दिन आपके लिए शुभ होगा और कार्य में सफलता प्राप्त होगी। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ होगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में दिन सफलता से भरा होगा।

वर्ग पहेली 5454



संकेत: बाएं से दाएं
1. 21 सितंबर 1964 माल्टा ने इस देश से स्वतंत्रता हासिल की (3)
4. ये भारत के उपराष्ट्रपति थे (कार्यकाल 1997-2002)(4)
7. जल से उतपन्न वस्तु (3)
8. सोपान, सीढ़ी, जीवित रहना (2)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
12. वह का रूप जो विभक्ति लगाने पर यह रूपधारण करता है (2)
14. कारण कार्य भाव, अन्योअन्य भाव, आकांक्षा, चाह (3)
16. बराबर, तुल्य (2)
17. अध्यापक, टीचर, प्रवीण व्यक्ति (3)
18. मनुज, इंसान, मनु संतति (3)
19. किस समय, किस वक्त (2)
21. यह थाईलेंड का एक पूर्व नाम है (2)
22. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष, याम घोष (3)

ऊपर से नीचे
1. पुल, सेतु (अंग्रेजी) (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. इराक का एक प्रमुख शहर है जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार होने की वजह से ये इस्लाम तथा शिया इस्लाम का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है (3)
4. किसान, खेतिहर (3)
5. मवेशीशाला, पौनघर, बाड़ा (5)
6. अनमित, वृश्च का एक भाग, विनत (2)
10. यह हंगरी देश के मध्य उत्तरी भाग में डैन्यूब नदी के दोनों किनारों पर स्थित है (4)
11. यह नेपाल के पूर्वांचल विकास क्षेत्र का एक प्रांत है (5)
13. बोध प्राप्त, तथागत, सुधी (5)
14. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
15. चिड़ियों को फंसाने का जाल, पक्षीपाश (3)
20. धब्बा, बतौर निर्माता यश चोपड़ा की पहली फिल्म जिसमें राजेश खन्ना, राखी व शर्मिला थी (3)

वर्ग पहेली 5453 का हल

वि	य	त	ना	म		णि	नी
दु	म	दा	र			री	ति
र	ज		द		खु	श	
		रि	पु	ता			पा
श	मा		रा	ज	यु	रू	
रा	मा	य	ण		ल	ब	रा
फ		हू		जं	जा	ल	
त	क	दी	र		र		

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

संक्षिप्त समाचार

आईआईएम संबलपुर के मैनेजमेंट इमर्शन प्रोग्राम में शामिल हुए आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के 62 छात्र

संबलपुर एजेंसी। देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम संबलपुर ने आईआईएलएम विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए मैनेजमेंट इमर्शन प्रोग्राम (एमआईपी) का आयोजन किया। चार दिवसीय आवासीय मैनेजमेंट इमर्शन प्रोग्राम का उद्देश्य आईआईएम संबलपुर में मैनेजमेंट एजुकेशन के साथ ही विद्यार्थियों को कैम्पस लाइफ का गहन अनुभव प्रदान करना था। 30 जुलाई से 2 अगस्त 2024 के दौरान आयोजित मैनेजमेंट इमर्शन में आईआईएलएम विश्वविद्यालय के 62 छात्र शामिल हुए। इस प्रोग्राम को विभिन्न इंटरैक्टिव सत्रों, कार्यशालाओं और केस स्टडीज़ के माध्यम से फ्लिप्ड कक्षाओं, व्यावहारिक प्रबंधन अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक अनुभव में अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया। आईआईएम संबलपुर के प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों ने इस प्रोग्राम को और प्रभावी बनाने में सहायता की।

इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को नजदीक से जानने और समझने का अवसर भी मिला। इसके अलावा, उन्होंने एक सोशल आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अट्टाबीरा में बुनाई उद्योगों का दौरा भी किया। इस यात्रा ने उन्हें स्थानीय बुनकरों से जुड़ने, उनके शिल्प को समझने और बुनकर समुदाय को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करने में आईआईएम संबलपुर के योगदान को समझने का अवसर प्रदान किया।

54 प्रतिशत माता-पिता के पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता

बेंगलुरु एजेंसी। बच्चे स्वभाव से जिज्ञासु होते हैं और माता-पिता हमेशा ऐसे सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं जिससे उनकी जिज्ञासा शांत हो। यह बात अमेज़न एलेक्सा के कांतार के ज़रिये जून 2024 को छह शहरों में 750 से अधिक अभिभावकों के बीच किए गए एक हालिया सर्वेक्षण में सामने आई। इस सर्वेक्षण से पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 54 प्रतिशत माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि उनके पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता। साथ ही इसमें 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि यदि उन्हें पता न हो तो वे तुरंत सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते हैं। गौरतलब है कि सर्वेक्षण में शामिल 44 प्रतिशत माता-पिता ने मौके पर ही मनगढ़ंत जवाब देने की बात स्वीकार की। सर्वेक्षण में शामिल केवल 3 प्रतिशत माता-पिता ने सवाल को अनदेखा किया या बच्चे को सवाल पूछने से रोकने के लिए विषय बदल दिया। बच्चे अक्सर कार कैसे बनाएं?, ब्रह्मांड कितना बड़ा है?, हवाई जहाज कैसे उड़ता है?, और मछली पानी के नीचे कैसे सांस लेती है?, जैसे सवाल पूछते हैं। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 60 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि वे अक्सर हैरान हो जाते हैं जब बच्चे ऐसे सवाल पूछते हैं जो दिखने में आसान लगते हैं।

कुंवारापुर फिल्म के माध्यम से मालवा और निमाड़ को प्रेजेंट किया: राजेंद्र राठौर

इंदौर। स्थानीय कलाकारों के हुनर को दुनिया के सामने लाने के लिए अविनाश फिल्म्स और मेक्सन बैटरी के बैनर तले कॉमेडी फिल्म 'कुंवारापुर' बनाई है। फिल्म के डायरेक्टर राजेंद्र राठौर की यह पहली थियेटर रिलीज फिल्म है, जो 9 अगस्त को सिनेमाघर में आ रही है। फिल्म के मुख्य कलाकार असरानी, विक्रम कोचर, अविनाश तिवारी, अन्नपूर्णा द्विवेदी, गरिमा अग्रवाल, उर्मिला शर्मा के साथ स्थानीय कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया है। फिल्म के निर्माता लक्ष्मण बर्फा है। रतलाम के सैलाना के रहने वाले डायरेक्टर राजेंद्र राठौर मुंबई में काम कर रहे हैं। वह अब तक 50 विज्ञापन फिल्में और 10 म्यूजिक वीडियो के साथ शॉर्ट फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं। उनके निर्देशन में सोनू सूद, हेमा मालिनी, उर्वशी रौतेला, भाग्यश्री, गौहर खान जैसे कई कलाकार काम कर चुके हैं। डायरेक्टर राजेंद्र राठौर ने बताया कि - अभी तक मध्य प्रदेश का कोई रीजनल सिनेमा नहीं है।

सीएम ने किया अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

निज संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रूद्रप्रयाग जनपद के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों राहत एवं बचाव कार्यों तथा पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इससे पहले उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा करते हुए अतिवृष्टि से हुयी क्षति की जानकारी ली। वहीं सभी विभागों को यात्रा शुरू करने के लिए उनके स्तर से किए जा रहे प्रयासों एव तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त मार्गों, पेयजल एवं विद्युत लाईनों को यथाशीघ्र बहाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा को शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि श्री केदारनाथ धाम के लिए हेलीसेवा को बुधवार से ही शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि हेलीसेवा के माध्यम से दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को किराए में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, जिसका वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने यात्रा शुरू करने के लिए किए जाने वाले कार्यों में भी स्थानीय लोगों से सुझाव एवं सहयोग की भी अपील की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामपुर जीएमवीएन में स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने प्रभावितों की सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने इन कठिन परिस्थितियों में सरकार और प्रशासन द्वारा संचालित रेस्क्यू अभियान में कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग के लिए स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने केंद्र सरकार का भी आभार जताते हुए कहा कि अतिवृष्टि के बाद से ही केंद्रीय सरकार द्वारा चिनूक व एमआई हैलीकॉप्टर सहित हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई गई। समीक्षा बैठक के उपरान्त मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री कहा कि अतिवृष्टि से भू-स्खलन होने से 29 स्थानों पर पैदल एव सड़क मार्ग कटा हुआ है। इसके अतिरिक्त पेयजल व विद्युत की लाइनों सहित बड़ी मात्रा में सरकारी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा। कुछ स्थानों पर दूरसंचार की सेवाएं भी बाधित हुई हैं। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि की घटना के बाद से ही जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन तथा एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित अन्य संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों, पंडा समाज, तीर्थ पुरोहित, धार्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े संगठनों ने मिलकर इस आपदा में पूरे मनोयोग से इस रेस्क्यू अभियान में फंसे हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड समय में लगभग 12 हजार श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू अभियान लगभग पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, राज्यमंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा आशा नौटियाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज पांडेय, सचिव आपदा प्रबन्धन विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल के.एस. नगन्याल, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जंगल में मिली यूएस की महिला का बड़ा दावा, कहा- खुद को ही पेड़ से बांध लिया था

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक जंगल में लोहे की जंजीर से पेड़ से बंधी मिली 50 वर्षीय अमेरिकी महिला ने अब पुलिस को बताया है कि उसने खुद को जंजीर से बांधा था और इस घटना में कोई और शामिल नहीं था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने महिला द्वारा आत्म-क्षति पहुंचाने के इस कृत्य के लिए उसकी मानसिक स्वास्थ्य स्थिति का हवाला दिया है। ऐसा बताया जा रहा है कि महिला मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही है। एक चरवाहे ने 27 जुलाई को जंगल में जब उसकी चीखें सुनीं तो मामला सामने आया। पेड़ से बंधी महिला काफी कमजोर दिखाई दी। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने उसे बचाया और अस्पताल ले गई।

सिंधुदुर्ग पुलिस ने शनिवार को महिला का बयान दर्ज किया, जिसमें उसने बताया कि वह तीन ताले और लोहे की जंजीर लेकर आई थी और उसने एक ताले और जंजीर का इस्तेमाल करके खुद को सोनुरली गांव के पास जंगल में एक पेड़ से बांध लिया। पुलिस ने उसके पास से उसके अमेरिकी पासपोर्ट की फोटोकॉपी और तमिलनाडु के पते वाला आधार कार्ड बरामद किया है। उसके पास से उसके अमान्य हो चुके वीजा की कॉपी भी बरामद हुई है।

पुलिस को दिए बयान में अमेरिका महिला ने यह भी बताया है कि उसका कोई पति नहीं है। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस को यह पता चला है कि महिला की मां अमेरिका में रहती है, लेकिन अब तक उनके परिवार से किसी ने संपर्क नहीं किया है। अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि महिला कितने दिनों तक जंगल में चेन से बंधी हुई थी।

अलवर में सिलीसेढ़ क्षेत्र में अवैध होटल-रेस्टोरेंट पर चला बुलडोजर, निशाने पर भूमाफिया

जयपुर , एजेंसी। राजस्थान के अलवर शहर से करीब 16 किमी दूर सिंचाई विभाग की जमीन पर (सिलीसेढ़ एरिया) कैचमेंट एरिया (डूब क्षेत्र) में बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं। होटल और रेस्टोरेंट खोलकर लोग मोटी कमाई करने लगे और इसके जिम्मेदार कलेक्टर-एसडीएम सिंचाई विभाग के साथ रिव्यू मीटिंग करते रहे। लेकिन आज अलवर प्रशासन ने सिलीसेढ़ क्षेत्र में बने अवैध होटल-रेस्टोरेंट पर बड़ी करवाई कर दी। सिलीसेढ़ क्षेत्र में बने अवैध होटल-रेस्टोरेंट सहित किये गए अन्य अतिक्रम पर 6 जेसीबी और भारी पुलिस दल-बल के साथ प्रशासन पंहुचा।पहले चरण में 16 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। सिलीसेढ़ के बहाव क्षेत्र में किए गए 16 अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत झील के बहाव व सरिस्का के बफर जोन में किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं हो सकता लेकिन सिलीसेढ़ में अतिक्रमण की बाढ़ आ गई। साथ ही विधानसभा में भी

पहले चरण में 16 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। सिलीसेढ़ के बहाव क्षेत्र में किए गए 16 अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। सिलीसेढ़ झील के बहाव क्षेत्र और बफर जोन में बनाए गए

होटल पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की है। मंगलवार की सुबह 6 बजे से ही प्रशासन का अमला पहुंच गया।शुरुआत सिलीसेढ़ में की गई अवैध प्लाटिंग से की गई। अवैध प्लाटिंग के लिए चारों ओर दीवार बनाकर रोका गया रास्ता हटाया गया। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। भारी मात्रा में फोर्स है। सिलीसेढ़ में प्रभावशाली लोगों के होटल-रेस्टोरेंट झील के बहाव क्षेत्र व बफर जोन में बने हुए हैं। बता दें इस क्षेत्र में लगभग 150 से ज्यादा अतिक्रमण हो गए। साथ ही विधानसभा में भी नेताओं ने यह मुद्दा उठाया। पहले चरण में 16 अतिक्रमण चिन्हित किए गए। इन पर कार्रवाई 4 अगस्त को होनी थी लेकिन प्रशासन तिथि दो बार आगे बढ़ता रहा। अब 6 अगस्त को कार्रवाई हुई है।

सिलीसेढ़ में प्रभावशाली लोगों के होटल-रेस्टोरेंट झील के बहाव क्षेत्र व बफर जोन में बने हुए हैं। जिन्हे प्रशासन ने एनजीटी के आदेश पर सर्वे कराया। बफर जोन में 14 होटल-रेस्टोरेंट मिले हैं। वहीं झील से 50 मीटर के दायरे में बहाव क्षेत्र में 16 अतिक्रमण मिले। पूर्व में नोटिस देने के बाद ये करवाई की गई।

नोएडा के कॉलेज में दो लड़कियों की खतरनाक फाइट

लड़के के लिए भारी बवाल

नोएडा, एजेंसी। नोएडा में एक प्राइवेट कॉलेज की दो लड़कियां खतरनाक तरीके से क्लासरूम में ही लड़ने लगीं। एक लड़की दूसरी लड़की को पीटने के लिए अपने साथ कुछ लड़कों को लेकर भी पहुंची थी। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों लड़कियों में एक लड़के को लेकर विवाद हुआ था।

लड़के के लिए विवाद: वायरल हो रहे 23 सेकंड के वीडियो को दस लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। वीडियो में दो लड़कियां एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करती नजर आती हैं। तभी एक लड़की दूसरी युवती के पेट पर जोर से लात मार देती है। इसके बाद दोनों मारपीट करने लगती हैं। तभी वहीं खड़ा एक लड़का एक अन्य लड़के को पीटने लगता है। देखते ही देखते कई लोग मारपीट में शामिल हो जाते हैं।

कुछ छात्र बीच बचाव की कोशिश करते भी नजर आ रहे हैं। क्लास में ही मौजूद किसी छात्र ने यह पूरी घटना अपने कैमरे में कैद कर ली। वीडियो पोस्ट करने वाले यूजर ने लिखा कि एक लड़के को लेकर दो लड़कियों के बीच विवाद हुआ। एक लड़की दूसरी को पीटने के लिए अपने साथ कुछ लड़कों को लेकर आई। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। नीचे देखिए वीडियो...

ऐसे-ऐसे कमेंट: वायरल वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। डेथ हैमर नाम के यूजर ने एक्स पर लिखा, पढ़ने के साथ-साथ मनोरंजन भी जरूरी है। रीया ने लिखा, ऐसा लफड़ा मेरे स्कूल में क्यों नहीं होता था। यश प्रताप ने लिखा, पढ़ने के अलावा सबकुछ करते हैं ये लोग। नीलांश ने लिखा, इन सभी को एक साल के लिए सस्पेंड कर देना चाहिए। एक यूजर ने लिखा, इन लोगों को ओलंपिक में भेजो। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले नोएडा के एक कॉलेज की कैंटीन में दो लड़कियों के लड़ने का वीडियो वायरल हुआ था। दोनों लड़कियां लड़ते-लड़ते नीचे गिर जाती हैं।

राजस्थान में असिस्टेंट इंजीनियर के 1014 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आज असिस्टेंट इंजीनियरिंग संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 नोटिफिकेशन जारी किया है। जिन उम्मीदवारों को आवेदन करना है वो आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आ ?वेदन किया जा सकता है। आपको बता दें कि इस भर्ती के लिए 5 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी किया गया है. अभी इसके लिए आवेदन शुरू नहीं हुए हैं। आवेदन करने की तारीख 14 अगस्त है। आपको बता दें कि कुल 1014 पदों पर भर्ती होनी हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 12 सितंबर को रात 12 बजे तक है। आपको बता दें कि इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन प्रीलिम्स एग्जाम, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के बाद किया जाएगा। ज्यादा जानकारी के लिए आप आधिकारिक वेबसाइट से पूरा नोटिफिकेशन पढ़ सकते हैं।

हिमाचल में अगले 6 दिनों तक मौसम रहेगा खराब, भारी बारिश का अलर्ट; 85 सड़कें भी ब्लॉक

देहरादून, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में तबाही मचा रहा मॉनसून अभी और तल्ख तेवर दिखाएगा। राज्य के आधे से ज्यादा जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने अगले छह दिन जोरदार बारिश का ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों के लिए ये अलर्ट रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक अगले 24 घंटे यानी सात अगस्त को ऑरेंज, आठ व नौ अगस्त को येलो, 10 अगस्त को ऑरेंज और 11 व 12 अगस्त को येलो अलर्ट जारी किया गया है।

ऑरेंज अलर्ट के दौरान येलो अलर्ट से भी ज्यादा वर्षा होने से भूस्खलन व फ्लैश फ्लड की आशंका रहती है। इसे देखते हुए स्थानीय लोगों और बाहर से आने वाले पर्यटकों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। बीती रात भरवीं में 66, घाघस में 56, जोगिन्दरनगर में 53, सलापड में 52, गोहर में 46, ऊना में 40 और बिलासपुर में 35 मिलीमीटर वर्षा हुई।

दो नेशनल हाईवे समेत 85 सड़कें ब्लॉक: राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में बादलों के बरसने से हुए भूस्खलन के कारण दो नेशनल हाइवे समेत 85 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा 116 बिजली ट्रांसफार्मर और 65 पेयजल स्कीमें भी ठप हैं। मंडी में 35, कुल्लू में 20, शिमला में आठ, लाहौल-स्पीति में छह, कांगड़ा व सिरमौर में पांच-पांच, किन्नौर में चार व चम्बा में दो सड़कें बंद हैं। किन्नौर में नेशनल हाइवे-5 और लाहौल-स्पीति में नेशनल हाइवे 505 अवरुद्ध है। मंडी में 103 ट्रांसफार्मर बंद होने से बिजली गुल है। वहीं कुल्लू जिला में 53 पानी की स्कीमें ठप हैं।

कुल्लू के मलाणा में फंसे 11 पर्यटकों को किया रेस्क्यू

कुल्लू जिला के मलाणा नाला में 31 जुलाई की रात्रि बादल फटने के कारण मची तबाही के चलते मलाणा में फंसे लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्हें जंगल और पहाड़ी के रास्ते सड़क तक उतारा गया है। जिसके लिए सोमवार सुबह ही रेस्क्यू टीम मलाणा की तरफ रवाना हो गई थी और दिनभर के सफर के बाद उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

समेज में लापता लोगों की तलाश में छठे दिन बचाव अभियान जारी

शिमला जिला के रामपुर क्षेत्र के समेज में बादल फटने के बाद लापता लोगों की छठे दिन भी तलाश जारी है। बचाव दलों ने सोमवार को सुन्नी डैम के समीप डोगरी से दो शव बरामद किए हैं। दोनों शव क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद किए हैं और इनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। इससे पहले रविवार को रामपुर में सतलुज नदी किनारे भी दो शव मिले थे। हालांकि अभी तक मिले शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्रशासन द्वारा शवों की शिनाख्त के लिए बाढ़ पीड़ितों के डीएनए सैम्पल लिए जा रहे हैं।

झरने से निकली छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम के भतीजे की लाश, 16 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के भतीजे की मौत कबीरधाम जिले के रानी दहरा झरने में डूबने से हो गई है। लड़के का नाम तुषार साव है, जिसकी उम्र 18 साल बताई जा रही है। घटना के दौरान तुषार अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मना रहा था। पिकनिक के दौरान नहाते समय तुषार का पैर फिसला और वह गहरे पानी में चला गया। झरना राज्य का टूरिस्ट प्वाइंट है। हादसे के बाद से राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आगे की कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

कबीरधाम के अतिरिक्त एसपी विकास कुमार ने बताया कि झरने के अंदर की चट्टानों में फसने से तुषार की मौत हो गई है। वहां मौजदू लोगों ने बताया कि झरने में नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। नहाते समय तुषार का पैर फिसल गया और वह करीब 50 फीट गहरे पानी में चला गया। अधिक गहराई होने के कारण गोताखोरों को उसके शव को निकालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को गोताखोरों की एक टीम को झरने के पानी में भेजा गया था ताकि उसके शव को निकाला जा सके। अधिकारी ने बताया कि पानी अधिक होने के कारण सर्च अभियान में समस्या हो रही थी। मगर 16 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तुषार के शरीर को रविवार की देर रात निकाल लिया गया। शव घर पहुंचते ही परजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल है। आपको बता दें कि तुषार साव बेमेतरा जिले के नवापार का निवासी था। उसकी मौत से झरने के आस-पास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं, क्योंकि झरना राज्य में टूरिस्ट स्थल के तौर पर पहचाना जाता है। अधिकारी ने बताया कि बोडला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर ली गई है और जांच भी शुरू कर दी गई है।

ग्रेटर नोएडा में बनेगा पेरिफेरल रोड, 9, 10 और 11 सेक्टरों को होगा फायदा

ग्रेटर नोएडा , एजेंसी। ग्रेटर नोएडा शहर के प्रमुख औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक-9, 10 और 11 के उद्यमियों के लिए बहुत अच्छी खबर है। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर रोड से अगले डेढ़ साल में बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी। ईकोटेक-9 में 2.5 किमी लंबी पेरिफेरल रोड का निर्माण शुरू कर दिया गया है। यही नहीं इस रोड को भविष्य में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भी कनेक्ट किया जाएगा। इसके लिए सिरसा से दो किमी आगे ईकोटेक-8 के पास लूप का निर्माण प्रस्तावित है।

औद्योगिक सेक्टरों में आने वाले लोगों के साथ आसपास के गांवों के लोगों को भी इसका फायदा मिलेगा। अभी सीधी कनेक्टिविटी न होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। सिरसा व घंघोला में जाम की समस्या पैदा हो जाती है। दरअसल ,जेवर के पास निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उड़ान का

समय नजदीक आता देख ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर जोर दे रहा है। एयरपोर्ट चालू होने के बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा। ऐसे में जाम की समस्या से निपटने के लिए कारगर उपाय किए जा रहे हैं।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक आरए गौतम ने बताया कि ईकोटेक-9 में 2.5 किमी लंबी पेरिफेरल रोड का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इसकी चौड़ाई 60 मीटर है, जो अगले डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगी। घंघोला पुलिस चौकी के पास से शुरू होने वाली इस रोड 130 मीटर रोड से जोड़ा जाएगा। यह पेरिफेरल रोड ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के नीचे से होकर गुजर रही है। भविष्य में सिरसा के पास बने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज से लगभग 2 किमी आगे लूप या फ्लाईओवर की मदद से पेरिफेरल को भी जोड़ा जाएगा। इस तरह इन सेक्टरों के लोग बिना किसी जाम में फंसे सीधे ईस्टर्न पेरिफेरल और 130 मीटर रोड पर पहुंच सकेंगे। बेहतर कनेक्टिविटी को लेकर उद्यमियों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इससे औद्योगिक सेक्टरों के विकास को भी गति मिलेगी।

उद्यमी बिना किसी परेशानी के एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे: ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर रोड का विस्तार करते हुए यमुना सिटी तक किया जाएगा। इससे औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक-8,9,10 व 11 के उद्यमी बिना किसी परेशानी के यीडा सिटी और जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंच जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने कहा, प्राधिकरण सभी सेक्टरों में रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर जोर दे रहा है,ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

पेरिस ओलंपिक

निखत जरीन का भारत लौटने पर स्वागत, कहा, मैं मजबूत होकर वापसी करूंगी

पेरिस, एजेंसी। भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन का पेरिस ओलंपिक से भारत लौटने पर शमशाबाद में एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। पेरिस ओलंपिक में भारत की पदक की सबसे बड़ी उम्मीदों में एक निखत जरीन का अभियान प्री-क्वार्टर फाइनल तक ही रहा था। ओलंपिक में निखत को महिलाओं के 50 किग्रा राउंड ऑफ 16 में 5-0 से हार मिली थी। अब निखत स्वदेश लौट आई हैं। इस अवसर पर निखत का माला और शाल पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान निखत ने कहा, मुझे ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। मैंने कड़ी मेहनत की और मैं मजबूत होकर वापसी करूंगी। मैं अपनी गलतियों से सबक लूंगी। मैं तेलंगाना सरकार का भी धन्यवाद अदा करना चाहती हूं। निखत जरीन ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में ओलंपिक पदक जीतने के अपने सपने की विफलता पर गहरा दुख व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, त्याग और अटूट दृढ़ संकल्प के बावजूद वह अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर सकीं।

नौकायन में नेत्रा 21वें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई करने से चूकीं, पदक की उम्मीद टूटी

पेरिस, एजेंसी। क्वालिफाइंग चरण में कुल 10 दौड़ होती हैं जिसके बाद पदक दौड़ की लिस्ट तय की जाती है। हालांकि, 10वीं दौड़ खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। नियम के अनुसार, क्वालिफाइंग दौड़ के बाद समय के मामले में केवल शीर्ष 10 ही पदक दौर में पहुंचते हैं। नेत्रा क्वालिफाइंग दौड़ के बाद 21वें स्थान पर रहीं। पेरिस ओलंपिक का 10वां दिन भारत के लिए कुछ खास नहीं रहा। बैडमिंटन और कुश्ती में पदक की उम्मीद टूटने के बाद नौकायन में भी झटका लगा। भारतीय महिला नौकायन खिलाड़ी नेत्रा कुमानन सोमवार को व्यक्तिगत डिंगी स्पर्धा में नौवीं क्वालिफाइंग दौड़ के बाद 21वें स्थान पर रहीं। वह अब पदक की दौड़ से बाहर हो गई हैं। बता दें कि क्वालिफाइंग चरण में कुल 10 दौड़ होती हैं जिसके बाद पदक दौड़ की लिस्ट तय की जाती है। हालांकि, 10वीं दौड़ खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। नियम के अनुसार, क्वालिफाइंग दौड़ के बाद समय के मामले में केवल शीर्ष 10 ही पदक दौर में पहुंचते हैं। नेत्रा क्वालिफाइंग दौड़ के बाद 21वें स्थान पर रहीं।

नेत्रा ने नौवीं क्वालीफाइंग रेस में 43 प्रतिभागियों में से 10वें स्थान हासिल किया। इसी के साथ वह ओवरऑल तालिका में तीन स्थान के सुधार के साथ 21वें स्थान पर पहुंची। अपना दूसरा ओलंपिक खेल रही नेत्रा का पेरिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पहली क्वालिफाइंग रेस में था जिसमें वह छठे स्थान पर रहीं थीं। उनका सबसे खराब प्रदर्शन आठवीं रेस में था जहां वह निराशाजनक 31वें स्थान पर रहीं।

पदक से चूकने के बाद लक्ष्य सेन ने जताई निराशा, बोले- मेरे लिए जवाब ढूंढ़ना मुश्किल था..

पेरिस, एजेंसी। पहला गेम भारतीय शटलर ने 21-13 से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरे गेम में एक वक्त लक्ष्य ने 8-2 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, इसके बाद मलयेशियाई खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की और 11-8 से बढ़त बनाने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम किया। इसके बाद तो तीसरे और निर्णयाक गेम में ली जिया पूरी तरह हावी रहे और 21-11 से अपने नाम किया। भारत की बैडमिंटन में पदक की एकमात्र उम्मीद लक्ष्य सेन की हार से खत्म हो गई। सोमवार को मलयेशिया के ली जी जिया ने भारतीय स्टार को हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। इस मैच में हार के बाद लक्ष्य ने निराशा जताई। पहला गेम भारतीय शटलर ने 21-13 से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरे गेम में एक वक्त लक्ष्य ने 8-2 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, इसके बाद मलयेशियाई खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की और 11-8 से बढ़त बनाने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम किया। इसके बाद तो तीसरे और निर्णयाक गेम में ली जिया पूरी तरह हावी रहे और 21-11 से अपने नाम किया। साथ ही मैच के साथ-साथ कांस्य पदक भी अपने नाम किया।

अविनाश साबले ने रचा इतिहास

3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय बने

पेरिस, एजेंसी। अविनाश साबले ने सोमवार (5 अगस्त) को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाकर भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। 8:15.43 मिनट का समय निकालकर साबले अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे। इससे उन्हें इस स्पर्धा में शीर्ष 15 प्रतियोगियों में जगह मिली।

स्टीपलचेज प्रतियोगिता में तीन हीट होती हैं, जिसमें प्रत्येक हीट से शीर्ष पांच एथलीट फाइनल राउंड में पहुंचते हैं। साबले ने पिछले महीने पेरिस डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 8:09.91 मिनट का समय निकालकर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन किया था। पेरिस ओलंपिक में साबले की हीट में मोरक्को के मोहम्मद टिंडौफ्ट का दबदबा रहा। वह 8:10.62 मिनट के समय के साथ शीर्ष पर रहे। उनके ठीक पीछे इथियोपिया के सैमुअल फिरेवु थे, जिन्होंने 8:11.61 मिनट का समय मिकालकर दूसरा स्थान हासिल किया।

साबले का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा

केन्या के अब्राहम किबिवोट 8:12.02 मिनट के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि जापान के रयुजी मिउरा ने 8:12.41 मिनट के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। 15 फाइनलिस्ट्स के ओवरऑल टाइमिंग को देखते हुए क्वालिफाइंग राउंड में साबले का प्रदर्शन प्रभावशाली था।

भारतीय एथलीट ने हीट की शुरुआत ठीक एक लैप तक सबसे आगे रहकर की। इसके अंत में केन्या के अब्राहम किरीवोट ने उनको आसानी से पीछे छोड़ दिया। साबले धीरे-धीरे पांचवें स्थान पर आ गए,जो क्वालिफिकेशन के लिए अंतिम स्थान था।

फाइनल में अच्छा प्रदर्शन लक्ष्य

क्वालिफाइंग रेस को लेकर साबले ने बताया कि उनका पहला लक्ष्य फाइनल के लिए क्वालिफाई करना था।

अगला लक्ष्य इसमें अच्छा प्रदर्शन करना है। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, रेस अच्छी रही। पहला लक्ष्य फाइनल में जाना था। अगला लक्ष्य इसमें अच्छा प्रदर्शन करना है।

साबले ने क्या कहा?

टोक्यो ओलंपिक में अपने हीट में सातवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में असफल रहने के बाद से साबले ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, एशियाई खेलों के बाद अक्टूबर-नवंबर से ही मैंने कड़ी मेहनत की है।

पिछले ओलंपिक में मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। इस ओलंपिक में मुझे कुछ करना है। देखते हैं। बाकी मेहनत मेरी तरफ से अच्छी है। मुझे मानसिक रूप से तैयार होना है और अच्छा प्रदर्शन करना है। मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।

पेरिस ओलंपिक

कोच वीरेंद्र दहिया ने कोरियाई खिलाड़ी को ठहराया निशा दहिया की चोट का जिम्मेदार

पेरिस, एजेंसी। निशा के लिए यह मुकाबला बेहद दर्दनाक साबित हुआ। उन्होंने तीन मिनट तक 8-1 की बढ़त बना ली थी। फिर उत्तर कोरियाई पहलवान ने निशा को मैट से बाहर कर एक अंक अर्जित किया और स्कोर 8-2 हो गया। जब मुकाबले को खत्म होने में 33 सेकंड बचे थे, तभी निशा चोटिल हुईं।

भारत की स्टार पहलवान निशा दहिया महिलाओं की 68 किग्रा स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में चोटिल हो गईं। सोमवार को उनका सामना उत्तर कोरिया की पाक सोल गम से हुआ। इस मैच के दौरान निशा के दाएं हाथ में गंभीर चोट आई जिसकी वजह से उन्हें मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। अब महिला पहलवान की चोट पर राष्ट्रीय टीम के कोच वीरेंद्र दहिया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उत्तर कोरिया की खिलाड़ी को इस चोट का जिम्मेदार ठहराया है।

राष्ट्रीय टीम के कोच ने लगाया बड़ा आरोप

वीरेंद्र दहिया ने समाचार एजेंसी से बात करते बताया कि उत्तर कोरिया की खिलाड़ी पाक सोल गम ने जानबूझकर निशा को चोट पहुंचाई। उन्होंने कहा, यह शत प्रतिशत जानबूझकर किया गया था, उसने जानबूझकर निशा को चोट पहुंचाई। हमने देखा था, कोरियाई कोने

से एक निर्देश आया था जिसके बाद उसने कलाई की जोड़ के पास पर हमला किया। उसने निशा से पदक छीन लिया। जिस तरह से निशा ने शुरुआत की थी, पदक उसके गले में था और उसे छीन लिया गया है। निशा रक्षण और जवाबी हमले दोनों में शानदार थी उसने एशियाई क्वालीफायर में उसी पहलवान को हराया था।

चोटिल होने की वजह से हारीं निशा

निशा के लिए यह मुकाबला बेहद दर्दनाक साबित हुआ। उन्होंने तीन मिनट तक 8-1 की बढ़त बना ली थी। फिर उत्तर कोरियाई पहलवान ने निशा को मैट से बाहर कर एक अंक अर्जित किया और स्कोर 8-2 हो गया। जब मुकाबले को खत्म होने में 33 सेकंड बचे थे, तभी निशा चोटिल हुईं। मैच को रोका गया और उनके हाथ पर बैंड पहनाया गया। हालांकि, बैंड बांधना निशा के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ। उत्तर कोरिया की पहलवान ने इस मौके का फायदा उठाया और 11 सेकंड में चार अंक हासिल किए और स्कोर 8-8 से बराबर हो गया। जब मैच खत्म होने में 12 सेकंड बचे थे। तभी निशा को ज्यादा दर्द होने लगा और मैच फिर रोका गया।

फीजियो ने निशा का इलाज किया, लेकिन निशा को देखकर लग रहा था कि उनके दाएं हाथ में काफी तेज दर्द था। वो उस वक्त रोने लगीं। हालांकि, कोच ने निशा से कहा कि अभी भी आप जीत सकती हैं। अगर स्कोर 8-8 की बराबरी पर रुका होता तो निशा सेमीफाइनल में पहुंच जातीं। हालांकि, आखिरी 12 सेकंड में उत्तर कोरियाई पहलवान ने दो अंक हासिल किए और मैच 10-8 से अपने नाम किया।

बांग्लादेश टीम का पाकिस्तान दौरा टला

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में अस्थिरता की आंच क्रिकेट पर भी पड़ी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार (5 अगस्त) को बांग्लादेश ए टीम का पाकिस्तान दौरा 2 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। स्थिति देखकर आगे का फैसला लिया जाएगा। बांग्लादेश ए टीम को पाकिस्तान ए (शाहिन) के खिलाफ दो चार दिवसीय और तीन एक दिवसीय मैच खेलने के लिए मंगलवार (6 अगस्त) शाम को पाकिस्तान के लिए रवाना होना था।

खबरें हैं कि खेल मंत्री और बीसीबी के अध्यक्ष नजमुल हसन ने भी देश छोड़ दिया है। पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा के घर में भी तोड़फोड़ की गई है। उसे आग लगा दी गई है। दोनों शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सांसद हैं।

पाकिस्तान दौरे को लेकर बीसीबी ने बयान में कहा, ÷बांग्लादेश ए टीम की पाकिस्तान दौरा में कम से कम 48 घंटे के लिए टाल दिया गया है, क्योंकि हालात ठीक नहीं हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ए टीम के दौरे को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से लगातार संपर्क में है। पूर्व टेस्ट कप्तान मुशफिकुर रहीम, मोमिनुल हक, शहादत हुसैन, जाकिर हसन, महमूदुल हसन, नईम हसन और हसन महमूद, दो मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए पाकिस्तान जाने वाले थे। वहां पाकिस्तान शाहिन के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच के लिए बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा थे। इसके बाद स्वदेश लौट आएंगे।

बांग्लादेश में बवाल

भारत में हो सकता है महिला टी-20 वर्ल्ड कप, आईसीसी जल्द लेगा फैसला

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में हुए हालिया घटनाक्रमों ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को 2024 महिला टी20 विश्व कप को लेकर असमंजस में डाल दिया है। देश में आंतरिक अशांति ने अक्टूबर में होने वाले वैश्विक आयोजन की सुरक्षा को लेकर आईसीसी के मुख्यालय दुबई में चिंता पैदा कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार अगर बांग्लादेश से टूर्नामेंट की मेजबानी ले ली जाती है तो यह चौंकाने वाला फैसला नहीं होगा। देश में लंबे समय से कर्फ्यू है। इंटरनेट बंद होने के साथ-साथ दंगे,आगजनी और हिंसा हो रही है। आईसीसी एक सप्ताह में फैसला ले सकता है। अन्य विकल्पों में भारत एक मजबूत दावेदार है।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी), उनकी सुरक्षा एजेंसियों और अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ समन्वय में आईसीसी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। हमारी प्राथमिकता सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और भलाई है।

बांग्लादेश के टाइम जोन वाला देश का चयन हो सकता है

दस टीमों को 3 से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश के ढाका में शेरे बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 18 दिनों में 23 मैच खेलने हैं। लेकिन मौजूदा हालात में टूर्नामेंट का आयोजन मुश्किल लग रहा है। आईसीसी टूर्नामेंट के लिए बांग्लादेश के टाइम जोन वाला देश चुन सकता है। भारत के अलावा, यूएई और श्रीलंका भी इस आवश्यकता को पूरा करते हैं।

विश्व कप के लिए पर्याप्त समय

आईसीसी एक सदस्य ने कहा, अगर यह स्पष्ट हो जाता है कि हम बांग्लादेश में नहीं खेल सकते हैं,तो अनुकूल मौसम वाले सभी स्थानों पर विचार किया जाएगा। ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी। कोलंबो में हाल ही में हुए बैठक के बाद आईसीसी अधिकारियों ने कहा था कि वे देश में स्थिति पर नजर रख रहे हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे, क्योंकि विश्व कप के लिए पर्याप्त समय है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक में होगा फैसला

हाल ही में स्थिति गंभीर हो गई है। उम्मीद है कि आईसीसी जल्द ही ढाका और सिलहट में टूर्नामेंट आयोजित करने की स्थिति पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अधिकारियों से बात करेगा। बीसीबी अधिकारियों से मिलने वाली जानकारी महत्वपूर्ण होगी, लेकिन आईसीसी बोर्ड की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है।

फैन ने जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा से लगाई पाकिस्तान से खेलने की गुहार, मिला चौंकाने वाला जवाब

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए जिम्बाब्वे का दौरा किया था. इस सीरीज़ में शुभमन गिल ने टीम इंडिया की कप्तानी की थी, जबकि ऑलराउंडर सिकंदर रजा जिम्बाब्वे की कमान संभालते हुए दिखाई दिए थे. जिम्बाब्वे के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सिंकदर रजा एक पाकिस्तानी हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर सिकंदर रजा को टैग करते हुए एक यूजर ने पूछा, क्या आपने कभी पाकिस्तान के लिए खेलने का सोचा है? आप मिडिल ऑर्डर की बल्लेबाजी समस्याओं को सुलझाने में मदद कर सकते हैं. पाकिस्तानी यूजर के इस सवाल का सिकंदर रजा ने बहुत ही दिलचस्प जवाब दिया. जिम्बाब्वे के कप्तान ने रिप्लाई करते हुए लिखा, मैं जन्मजात पाकिस्तानी हूं और जिम्बाब्वे क्रिकेट का उत्पाद हूं. मैं सिर्फ और हमेशा जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व करूंगा.

एथलीटों का शरीर तोड़ रहा ओलिम्पिक, चोटों के साथ खेल रहे प्लेयर्स

पेरिस, एजेंसी। मारियाना पाजोन दुनिया के सबसे कुशल बी.एम.एक्स. राइडर्स में से एक है जोकि 18 विश्व चैम्पियनशिप, 2 ओलिम्पिक स्वर्ण पदक (2012 और 2016 में) और 2021 में टोक्यो में एक रजत जीत चुकी है। कोलम्बियाई मूल की पाजोन ने इसे पाने के लिए बहुत शरीरिक दर्द सहा है। उनके शरीर में 25 फ्रैक्चर हो चुके हैं। 12 जगह स्क्रू डाले गए हैं जबकि 8 की सर्जरी हो चुकी है।

उनके बाएं हाथ और घुटने में कई धातु की रॉड डली हुई है जिसके चलते उन्हें अपना एक्सरे हमेशा साथ रखना पड़ता है ताकि यात्रा के दौरान दिक्कत न हो। पाजोन कहते हैं- मेरे जोड़ 80 से अधिक साल के व्यक्ति के हैं। जबकि मेरी उम्र 32 साल ही है। 4 साल की उम्र से सक्रिय पाजोन भले ही अब प्रभावशाली प्लेयरों में से एक है लेकिन इतने सालों में चोटों के कारण उन्होंने अपने शरीर को खराब कर लिया है।

यही नहीं, कुश्ती, रग्बी या जिमनास्टिक में ऐसे अनेकों उदाहरण सामने आती हैं जहां प्लेयर के कंधे टूट जाते हैं। उनके शरीर में धातु के स्क्रू और टाइटेनियम प्लेट्स डली हुई होती है। पाजोन बोली- एक सपने को हासिल करने के लिए आप अपने शरीर से क्या देते हैं, इसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। टोक्यो में फ्रीस्टाइल कुश्ती (74 किलोग्राम) में कांस्य पदक जीतने वाले अमरीकी

काइल डेक ने कहा कि बहुत से एथलीट्स अपने शरीर को उस ब्रेकिंग प्वाइंट पर ले जाते हैं जहां वह देखना चाहते हैं कि इससे आगे क्या होगा। मुझे मेरी सीमाएं मिल गई हैं। अब मुझे पता है कि कहां जाना है और कहां नहीं। अपने खेल की प्रकृति के कारण पाजोन और डेक जैसे ओलिम्पियनों ने बहुत कुछ सहा है। पाजोन कहती हैं कि बी.एम.एक्स. रेसिंग में स्पीड कई बार 35 मील प्रति घंटे से अधिक हो जाती है। इसपर कोई अंकुश नहीं होता।

आपकी कलाई, कोहनी, कंधे, पीठ, घुटने, टखने हमेशा निशाने पर होते हैं लेकिन एक तकनीक होती है जो आपकी बचाकर रखती है लेकिन इसके आपको खूब मेहनत करनी पड़ती है। इसी तरह जिम्नास्टिक में जोड़ों पर लगातार भारी दबाव पड़ता है। मुक्केबाजी में शरीर पर घूंसे मारे जाते हैं। कुश्ती में शरीर को मोड़कर चटाई पर पटक दिया जाता है।

रग्बी सेवन्स में खिलाड़ी अक्सर पूरी गति से दौड़ते हुए एक-दूसरे से निपटते हैं। फील्ड हॉकी में स्टिक ऊंगलियों को इतनी जोर से कुचल सकती है कि इसे काटना तक पड़ सकता है। घुड़सवारी के खेल में घोड़ों से गिरने से सवारों के शरीर पर चोट लगती है। अमरीका के 44 वर्षीय बॉयड मार्टिन की 22 सर्जरी हुई हैं और 19 हड्डियां टूटी हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

अलग-अलग घटनाओं में चार की हुई मौत

वज्रपात की चपेट में आकर किसान की हुई मौत

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद) । जिले में वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान मंगलवार की दोपहर में गांव से सटे अपने अपने खेत में काम करने गया था। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई और तेज आवाज के साथ वज्रपात हुई जिसके चपेट में किसान आ गया। जिससे उसकी जान चली गई। मृतक किसान की पहचान माली थाना क्षेत्र के बसौरा गांव निवासी 40 वर्षीय केदार यादव के रूप में की गई है। बताया जा रहा गांव के सभी लोग दोपहर में गांव से सटे अपने अपने खेत की तरफ धान रोपने के लिए काम करने गए हुए थे। केदार भी उनलोगों से कुछ दूरी पर स्थित खेत में कुदाल चला रहे थे। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई और तेज आवाज के साथ वज्रपात हुई जिसके चपेट में आकर केदार गंभीर रूप से झुलस गए। आस पास रहे किसानों ने इसकी सूचना उनके बेटा विनय को दी और इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। लेकिन डॉक्टर ने देखते ही केदार को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक की बात सुनकर परिजन का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

केदार की मौत के बाद इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई। इधर, मृतक किसान के साथ आए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत खेल-खेल में चली गई जान

- एक बच्चे का शव सोमवार शाम को और दूसरे का मंगलवार सुबह तालाब से बरामद हुआ।

निज संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद में खेल-खेल में दो बच्चों की जान चली गई। दोनों गेंद निकालने के के लिए तालाब में उतरे थे। दोनों बच्चों का शव तालाब से बरामद कर लिया गया है। इस हादसे के बाद मृतक बच्चों के परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना बैजनाथ बिगहा गांव की है।

मृतकों की पहचान बैजनाथ बिगहा गांव निवासी गुड्डू कुमार के 10 साल के बेटे आयुष और प्रमोद कुमार के 12 साल के बेटे राकेश कुमार के रूप मे हुई है। बताया जा रहा है कि आयुष और राकेश सोमवार को तालाब के किनारे कुछ बच्चों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान उनकी गेंद तालाब में चली गई। अन्य कुछ बच्चों के साथ दोनों गेंद निकालने के लिए तालाब में उतरे और नहाने लगे। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और बाकी बच्चे किसी तरह से जान बचाकर तालाब से बाहर आ गए। बच्चों द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दिए जाने के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सोमवार की देर शाम एक बच्चे का शव तालाब से निकाला गया था जबकि दूसरे का शव मंगलवार की सुबह बरामद हुआ है।

सांप के डसने से किशोरी की मौत, घर में सो रही थी बच्ची

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। मंगलवार को सर्पदंश से एक किशोरी की मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोखरहां गांव की है। मृतका की पहचान पोखरहां के बंसत ठाकुर की दस वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मंगलवार को खुशी अपनी बिस्तर पर सोई थी, तभी दर्द से कराहने लगी। परिजन आए तो देखा कि खुशी को सांप ने डसा है। परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया। जहां से डॉक्टर ने गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया। वहां ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई।

परिजनों के सांत्वना दी

घटना की जानकारी मिलते ही बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, राजद नेता सह जिला पार्षद शंकर यदुवेंदु, अनिल यादव, रमेश मेहता सहित अन्य लोग पहुंचे। मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। शंकर यादुवेदु ने बताया कि बरसात के दिनों में जिले में सर्पदंश से लोगों की अधिक मौत अस्पताल में समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण होती है। वर्तमान सरकार में सिर्फ कागज पर काम होता है।

हर बिहारी की सुनी जाएगी बात, समस्याओं का होगा समाधान : सम्राट चौधरी

पटना (नि.सं.)। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास एम-11 स्ट्रैंड रोड में सहयोग कार्यक्रम के तहत सैकड़ों लोगों से मिल कर उनकी समस्याएं सुनी और उसके निकरण के लिए ऑनस्पॉट संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में बिना किसी भेदभाव के हर बिहारी की बातें सुनी जाएंगी और उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने जनता से मिलने के दौरान कहा कि प्रदेश के अधिकारी मुस्तैदी से जनता की समस्याओं का निपटारा करें। उन्होंने कहा डबल इंजन की एनडीए सरकार का विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं पर खास फोकस है। बिना भेदभाव के हर किसी की बातें केवल सुनी ही नहीं जाएगी, बल्कि उसका त्वरित समाधान भी किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के लिए बिहार में कोई जगह नहीं है। अपराधियों, माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अगर अपराधी और माफिया नहीं सुधरे तो उनका पिंडदान तय है।

एक नजर

मारपीट मामले के पांच आरोपी गिरफ्तार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। रफीगंज प्रखंड के कोना गांव में बच्चों को खेलने के विवाद को लेकर हुई मारपीट। दोनो पक्षो से प्राथमिकी दर्ज किया गया था। जिसमे दोनो पक्ष से विनोद भुईया, रवि कुमार, संजीवन भुईया, सचिन भुईया, पंकज भुईया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। रविवार को दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज किया गया था। जिसमे प्रथम पक्ष से विनोद भुईया ने छह लोगो को नामजद आरोपी बनाया गया था। दूसरे पक्ष से सरिता देवी ने छह लोगो को नामजद आरोपी बनाया था।

टिकरी ने पांचू बिगहा की टीम को 22 रनों से हराया

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। रफीगंज प्रखंड के कडसारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला का आयोजन युवा कमिटी एवं वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिट्टू कुमार सिंह के द्वारा किया गया।जिसमे फाइनल मुकाबला टिकरी बनाम पाचू बिगहा के बीच खेला गया।जिसमें टिकरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुवे 6 ओवर में 77 रन बनाई ,स्कोर का पीछा करते हुवे पाचू बिगहा की टीम 55 रन पर सिमट गई। जिसके बाद 22 रनों से टिकरी की टिम विजयी घोषित हुई।

अमरेश बने कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। कार्य कुशलता व सामाजिक कार्य को देखते हुए गोह के अमरेश पटेल को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल द्वारा मनोयन से जिले के समाज में खुशी का माहौल कायम है। खुशी जताते हुए समाज से जुड़े नेताओं ने बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष व सभी प्रदेश के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है। अमरेश ने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष ने जिस आशा और विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरूंगा। अमरेश पटेल को जिलाध्यक्ष बनने पर मधु सिंह, शिवप्रसाद सिंह, आशुतोष पटेल, दीपक पटेल, डॉ. बिपिन कुमार, सतीश पटेल एवं अन्य लोगों ने बधाई दी है।

पहली पत्नी की हत्या करने वाले पति को कोर्ट से दोषी करार

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-3 सुनील कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को सिमरा थाना कांड संख्या-47/19,एसटीआर-62/24 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए मामले के एकमात्र काराधीन अभियुक्त अरविंद प्रजापति को भादंवि की धारा-302, 201, 120 बी में दोषी ठहराया। कोर्ट ने सजा के बिंदु पर सुनवाई की तिथि 08 अगस्त निर्धारित की है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक सिमरा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने 23 नवंबर 2019 को दर्ज कराई थी। कहा था कि सूचना मिली थी कि शिवपुर के पश्चिमी नहर के किनारे एक अज्ञात महिला का शव धान के खेत में पड़ा है। वरीय अधिकारियों को सूचना देकर सत्यापन हेतु घटनास्थल पहुंचे तो स्थानीय सरपंच और लोगों ने शव की पहचान चोरहा-सिमरा निवासी अरविंद प्रजापति की पत्नी पूजा देवी के रूप में की। अभियुक्त ने पहले से ही शादीशुदा पूजा देवी से प्रेम विवाह किया था। वह उसके साथ दिल्ली में रह कर प्राइवेट नौकरी करता था। उसके दो बच्चे थे। फिर उसने अपने को कुंवारा बताते हुए भुसौली तेंन्दुआ नबीनगर में एक युवती से दूसरी शादी कर ली। इसके बाद पहली पत्नी को ठिकाने लगाने के लिए 21 नवंबर 2019 को पहली ससुराल नबीनगर ले जाने के दौरान मिर्जापुर रिसियप के पास मंदिर में रात में पहली पत्नी और बच्चों के साथ रूका और मध्य रात्रि में दोनों बच्चों को मंदिर में छोड़कर पूजा देवी को घटनास्थल पर ले जाकर गमछा से गर्दन कसकर, चापकर हत्या कर दी और भाग गया।

डीएम ने की एससीए, डीओसी व एडीबी की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद समाहरणालय के सभाकक्ष में मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता योजना(एससीए), डिस्ट्रिक्ट आफ कंसर्न(डीओसी) एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम(एडीबी) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष केंद्रीय सहायता योजना एवं डिस्ट्रिक्ट आफ कंसर्न के समीक्षा के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों में निर्मित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र भवन, स्कूल, स्कूल के शौचालय, किचन शेड, चहारदीवारी, अतिरिक्त वर्गकक्ष के बारे में जिला योजना पदाधिकारी से योजनावार अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण एवं संबंधित पदाधिकारियों को ससमय भवनों के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

इसके बाद जिलाधिकारी ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस, कृषि एवं जीविका के विभिन्न सूचकांकों की समीक्षा की। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार ने पीपीटी के माध्यम से मासिक रिपोर्ट की अद्यतन प्रस्तुति देते हुए जिले की स्थिति क्षेत्रानुसार बताई। साथ ही बेसलाइन डाटा में किए गए सुधार और कार्यक्रम से जुड़े अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने नीति के सूचकांकों में सुधार हो, इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस, कृषि एवं जीविका के द्वारा उपलब्ध प्रतिवेदन पीपीटी के माध्यम से विस्तृत विचार किया। साथ ही नीति आयोग द्वारा संचालित योजनाओं से जिले में विकासात्मक दिशा में कार्य करने के लिए कार्य योजना के माध्यम से 30 सितंबर 2024 के अंदर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा नीति आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न अभियान की गति में तेजी लाने और भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए नियमित रूप से आउटरीच गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश दिया। डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को भी आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अपने कार्य में प्रगति लाएं और ससमय कार्य का निष्पादन करें तथा नीति आयोग द्वारा जिला को विकसित करने के लिए लोगो को जागरूक करें। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य समिति, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन

कार्यालयसंवाददाता

औरंगाबाद। मंगलवार को सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन हुआ। यह सेमिनार 5 और 6 अगस्त 2024 को शोध और विकास के क्षेत्र में डिजिटल नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव पर केंद्रित था। इस आयोजन का आयोजन सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी इंश्योरेंस सेल और बेंगलुरु (कर्नाटक) की कंपनी टुकन रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने संयुक्त रूप से किया था। कार्यक्रम के प्रथम दिन, अतिथियों का स्वागत किया गया जिसमें टुकन के निदेशक केतन कुमार मिश्रा, पीजी हेड प्रो. सरिता वीरांगना (मगध विश्वविद्यालय), प्रो. रहमद जहां, प्रो. विजय कुमार सिंह (प्राचार्य, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, डेहरी), प्रो. मेघन प्रसाद (प्राचार्य, पॉलिटेक्निक कॉलेज, धनारी), और प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा शामिल थे। अतिथियों का स्वागत एनसीसी के छात्रों ने गॉड ऑफ ऑनर के साथ किया, जिसकी देखरेख एनसीसी सीटीओ मनजीत कुमार ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा और कार्यक्रम सचिव संतोष सुमन (सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग) ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अतिथियों को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्वागत गीत की प्रस्तुति के बाद, विभिन्न चरणों में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसमें सऊदी अरब, लीबिया और नेपाल से ऑनलाइन माध्यम से डॉक्टर संजय धारी सिंह और डॉ. प्रेम पटेल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम छह तकनीकी सत्रों में विभाजित था, जिसमें पहले चार सत्र 5 अगस्त को और अंतिम दो सत्र 6 अगस्त को आयोजित हुए। विभिन्न तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता विभीषण कुमार, डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर नवीन कुमार, संजय कुमार, शशि कांत प्रसाद और ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुए सत्र में विभिन्न प्रमुख व्यक्तियों ने की। कार्यक्रम के दौरान, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें नीतू सिंह के समन्वय में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पहले दिन का मंच संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया और आज के मंच का संचालन संजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने किया।

डीएम ने बैठक कर की जिला स्तरीय आंतरिक संसाधन व राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संबंधी कार्यों की बैठक कर समीक्षा की। बैठक में डीएम ने खान एवं भूतत्व विभाग, जिला निबंधन कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, वाणिज्य कर अंचल, राष्ट्रीय बचत, नगर पंचायत रफीगंज, नगर परिषद् औरंगाबाद, वन प्रमंडल, माप एवं तौल विभाग, उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल, सिचाई प्रमंडल दाउदनगर एवं जिला निलाम पत्र कार्यालय के अलावा सभी विभागों के पदाधिकारियों से बारी-बारी कार्यों की समीक्षा की एवं राजस्व वसूली की प्राप्ति के लिएआवश्यक निर्देश दिया। राजस्व मामलें में दाखिल-खारिज, आधार सिडिंग, अभियान बसेरा-2, अतिक्रमण, सीएम डैशबोर्ड एवं अन्य की समीक्षा की। विशेष रूप से अभियान बसेरा-2 की समीक्षा की। अभियान बसेरा 2 के तहत 50-50 वासविहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने हेतु सभी अंचल अधिकारियों को प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। साथ ही दाखिल-खारिज, के अधिक दिन से लंबित मामलों में संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई एवं एक सप्ताह के अंदर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्त्ता ललित भूषण रंजन, प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा सच्चिदानंद सुमन, जिला निबंधन पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पटना में 300 रुपए के लिए ई-रिक्शा चालक की हत्या

निज संवाददाता

पटना। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक मनोज हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। वारदात के 24 घंटे के अंदर 2 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। 300 रुपए के लिए चाकू से गोदकर मनोज की हत्या कर हुई थी। घटना में इस्तेमाल चाकू, बाइक और ई-रिक्शा को पुलिस ने बरामद कर लिया है। सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को चौक थाने में परिजनों ने मनोज के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। छानबीन के दौरान पूछताछ के लिए कन्हैया पोद्दार और संतोष कुमार को उठाया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि भाड़े पर ई-रिक्शा चलाने के लिए मनोज को दिया था। बकाए पैसे को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद हत्या कर शव को फतेहपुर इलाके में फेंक दिया था। दोनों अपराधियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लगातार हो रही बारिश से हाल बेहाल, सड़कें झील में तब्दील

निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। बारिश के कारण शहर समेत ग्रामीण इलाके में जगह-जगह जलजमाव से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मुख्य सड़क समेत कई मोहल्लों में सड़कों पर पानी का जमावड़ा हो चुका है। लोगों को अपने घरों से निकलना मुहाल बना हुआ है। ऐसे गोह के गोपालपुर गांव में कई घरों में पानी घुस गया है भूषण सिंह ने बताया कि एक तरफ लगातार बारिश हो रही तो दूसरी तरफ जलनिकासी का कोई प्रबन्ध नही है। जिसके कारण हमलोगों को घर मे रहना मुस्किल हो गया है। इसको लेकर कई बार जन प्रतिनिधियों को ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन समस्या का समाधान नही किया गया है। जिसके कारण समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है। इधर गोह चौक मुख्य सड़क पर झील सा नजारा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ अनजान लोग गोह से आते है। तो उन्हें नाला के उसी छोर से वापस लौटना पड़ता है। हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति बन जाती है।

बिहार सरकार

जब आसमान में घने बादल हों, वर्षा एवं वज्रपात की संभावना हो तो सचेत रहें

यदि खुले आसमान के नीचे हैं

- ☑ जितनी जल्दी हो सके सुरक्षित मकान में शरण लें।
- ☑ बिजली एवं लोहे के खम्भों के नजदीक न जाए।
- ☑ पानी के श्रोतों जैसे तालाब, नदी, नहर, खेत आदि क्षेत्रों से बाहर निकलकर सुरक्षित जगह पर जाए।
- ☑ पेड़ के नीचे शरण न लें।
- ☑ लोहे की डंडी वाली छाते का उपयोग न करें।
- ☑ सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुचने की स्थिति में सूखे मेड पर उकड़ू बैठ जाएँ।

यदि घर के अंदर हैं

- ☑ इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग न करें एवं उनका प्लग निकाल दें।
- ☑ घर के खिड़की, दरवाजे, नमीयुक्त दीवारों एवं फर्श से दूर रहें।
- ☑ घर में नमी वाले जगह जैसे नल, टॉयलेट, बाथरूम, किचेन आदि का इस्तेमाल न करें।
- ☑ बिजली के सुचालक वस्तुओं जैसे लोहे की रॉड, स्टील एवं कॉपर के घरेलू सामान आदि का इस्तेमाल न करें।
- ☑ वज्रपात संबंधित वर्तमान जानकरी हेतू सिर्फ बैटरी चालित रेडियो/TV का ही उपयोग करें।
- ☑ वज्रपात की घटना के तुरंत बाद, आसमान साफ़ होने तक घर से बाहर न निकलें।

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
5th फ्लोर, D & E ब्लॉक, सरदार पटेल भवन, नेहरु पथ (बेली रोड), पटना-800023
फोन: 91(0612)-2547232; visit us: www.bsdma.org; e-mail: info@bsdma.org;
राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (SEOC): 0612-2294204/206
PR No.- 005531 (Disaster)D. 2024-25